* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

28 मार्च, 2025
चैत्र, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 10, अंक 157


विधानसभा में पारंपरिक पोशाक में पहुंचीं महिला मंत्री और विधायक




माह-ए-रमजान
इफ्तार 6:05 शाम शुक्रवार
सेहरी 4:29 सुबह शनिवार
Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com



अंदर पढ़ें

बजट सत्र कई दृष्टिकोण से कई मायनों में अद्भुत: स्पीकर

भाजपा नेताओं ने अनिल टाइगर के परिजनों से की मुलाकात

पुलिस प्रशासन अपराधियों को दे रहा संरक्षण : बाबूलाल पेज 3


# केंद्र 1.36 लाख करोड़ बकाया दे दे, तो कर्ज देने में सक्षम होगा झारखंड : हेमंत

- मुख्यमंत्री ने सदन में विपक्ष पर साधा निशाना, तो राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में बताया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि केंद्र सरकार यदि राज्य का बकाया 1.36 लाख करोड़ रुपये दे दे, तो झारखंड कई दूसरे राज्यों को कर्ज देने में भी सक्षम होगा। मनरेगा के 1200 करोड़ भी केंद्र पर बकाया हैं। पेयजल योजना का 6000 करोड़ भी बकाया है। सर्वजन पेंशन का पैसा नहीं आ रहा। वह गुरुवार को विधानसभा के बजट सत्र की समाप्ति पर सदन में बोल रहे थे। उन्होंने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा और सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। सरकार की कार्य योजनाओं का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि आने वाले 25 साल को ध्यान में रखकर नयी पारी खेलेंगे। वहीं, परिसीमन को लेकर भी हेमंत सोरेन ने आर-पार की लड़ाई लड़ने की बात कही।

**विपक्ष पर किया हमला:** मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष में कोई नजर नहीं आ रहा। बड़ा विचित्र है कि खेल के मैदान में एक टीम ही गायब रहे, तो क्या परिणाम होगा। ऐसा लगता है कि विपक्ष ने हार पहले ही मान ली। लोकतंत्र की दुहाई देने वाले, संविधान के कसम खाने वाले लोग हैं ये। ये कहते कुछ हैं, करते कुछ हैं। देश को कोई और परिणाम देखना पड़ रहा। यही वजह है कि आज देखते-देखते पूरा विपक्ष सदन से बाहर चला गया। उन्होंने कहा कि राज्य और देश की जनता इनके असली चेहरे को देख रही। इनका नकाब परत-दर-परत उतर रहा। इस राज्य में अपने षडयंत्र के जाल को बिछने के लिए आयातित नेताओं ने भी षडयंत्र रचा। केंद्रीय मंत्री और कई राज्यों के मुख्यमंत्री यहां लंबे समय तक डेरा डाले रहे। लेकिन विपक्ष की राजनीति सिर्फ सत्ता पाने तक सीमित है। वे विकास की बात सिर्फ कागजों पर करते हैं, जबकि वास्तविकता कुछ और ही है। वे जनादेश न मिलने के बावजूद विधायकों को तोड़ने और खरीदने का काम करते हैं, ताकि पूरे देश पर उनका राज हो सके। इस देश में ये लोगों को शांति से जीने नहीं देंगे । 'फूट डालो राज करो' की नीति को आत्मसात कर रहे। होली, दिवाली, क्रिकेट में भी सांप्रदायिक दंगे हो रहे। ये लोग कहां से आते हैं। कौन हैं ये लोग। देश में वर्गीकरण नहीं होता, तो आज सारे लोग एक हिंदुस्तान में होते। उन्होंने कहा कि इनके नेता चालाक हैं, जहर बोते हैं। एक नेता ने संथाल को अलग करने की बात कही, तो एक ने सरायकेला-खरसावां को अलग करने की बात कही। ये राज्यों को, जातियों, घरों को लड़वाते हैं।

(शेष पेज 05 पर)



## रांची में हुई हत्या पर कहा, कोई अपराधी को माफ नहीं करेगा

रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री ने कहा कि कल एक घटना हुई। कोई अपराधी को माफ नहीं करेगा। तीनों मंत्री उनके घर गये थे। आश्वासन दिया कि कोई नहीं छूटेगा। लेकिन इन्होंने (भाजपा) अलग तरीके से मामले को तूल दिया। एक अपराधी ने बताया ही है कि हत्या क्यों हुई। इन्होंने रांची बंद किया। सारे व्यापारी तो इन्हीं को लोग हैं। दुकान बंद कर दिया। उन्हें तो कोई फर्क नहीं पड़ा, बेचारे दिहाड़ी मजदूरी करने वाले लोगों को परेशानी हुई।

## मुख्यमंत्री के वक्तव्य की खास बातें

- हम जैसे आदिवासी मुख्यमंत्री बनते हैं, तो भाजपा को तकलीफ होती है।
- ट्राइबल यूनिवर्सिटी के लिए भवन आवंटित किया गया।
- नेतरहाट स्कूल की तर्ज पर दुमका समेत कई जिलों में स्कूल बना रहे।
- जमशेदपुर, गुमला, रांची समेत कई जिलों में तकनीकी महाविद्यालय खोलेंगे।
- राज्य में विधि विश्वविद्यालय खोला जायेगा।
- संसाधन स्वयं जुटाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे।
- राजस्व संग्रहण में 25000 करोड़ का लक्ष्य को 42000 करोड़ किया है।
- अंडमान, आसाम में रहने वाले आदिवासियों को आज तक आदिवासी का दर्जा नहीं मिला।
- राज्य में लंबित नियुक्तियों को जल्द पूरा किया जायेगा।
- आने वाले 25 साल को ध्यान में रखकर काम करेंगे और नयी पारी खेलेंगे।

# असरदार रहा रांची बंद अनिल टाइगर की अंत्येष्टि



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा नेता सह पूर्व जिला परिषद सदस्य अनिल टाइगर की हत्या के विरोध में भाजपा, आजासू और जेकेएलएम द्वारा गुरुवार को बंद बुलाया गया था। भाजपा व आजसू ने रांची बंद और जेकेएलएम ने रांची बंद की अपील की थी। बंद असरदार रहा। भाजपा के कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे। जगह-जगह रास्ता बंद किया। हालांकि स्थिति समान्य रही। दुकानें बंद रहीं। ऑटो तम चले। निजी वाहन सड़कों पर कम दिखे। हालांकि जेकेएलएम और कुड़मी समाज के बंद का अन्य जिलों में असर ज्यादा नहीं देखा गया। उधर, नेता अनिल टाइगर गुरुवार को पंचतत्व में विलीन हो गये। रांची के कांके थाना क्षेत्र के गागी खटंगा के जुमार नदी तट पर उनकी अंत्येष्टि की गयी। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, आजसू प्रमुख सुदेश महतो, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, मांडू विधायक तिवारी महतो, रामगढ़ विधायक ममता देवी, कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा, खिजरी विधायक राजेश कच्छप समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता और कार्यकर्ता समेत अन्य श्मशान घाट पहुंचे और श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद अंत्येष्टि की गयी।









आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 28 मार्च, 2025
www.azadsipahi.in


## विधानसभा में दिखी सरहुल की झलक

# पारंपरिक पोशाक में पहुंचीं महिला मंत्री और विधायक



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा बजट सत्र के अंतिम दिन सरहुल पर्व की झलक देखने को मिली। कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की पारंपरिक परिधान में सत्र में हिस्सा लेने के लिए पहुंचीं थीं। उन्होंने अपने परिधान से सबको अपनी ओर आकर्षित किया। तिर्की ने सरहुल पर्व को लेकर विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, संसदीय कार्यमंत्री राधाकृष्ण किशोर समेत अन्य सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। सभी रो अंगवस्त्र, पगड़ी आदि देकर सम्मानित किया। नेहा के अलावा विधायक कल्पना सोरेन, मंत्री दीपीका पांडेय सिंह समेत अन्य महिलाएं भी विशेष परिधान में पहुंचीं थीं।



कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने गुरुवार को वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर को सरहुल की परंपरा को निभाते हुए सम्मानित किया। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर को विधानसभा स्थित कार्यालय में आदिवासी पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की सांस्कृतिक आदिवासी साड़ी पहनी हुई दिखीं। मालूम हो कि आदिवासियों का महत्वपूर्ण पर्व इस वर्ष एक अप्रैल को मनाया जायेगा। इसी की बधाई देने के लिए शिल्पी नेहा तिर्की ने वित्त मंत्री को सम्मानित किया।

## विधानसभा का बजट सत्र समाप्त

# रिकार्ड कार्यवाही चली केवल कुछ घंटे हुए बाधित

**नये विधायकों ने दमदार उपस्थिति दर्ज करायी**

**पुराने विधायकों का अनुभव आया काम**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड की षष्टम विधानसभा का बजट सत्र समाप्त हो गया। इस सत्र में वित्त मंत्री ने 1 लाख 45 हजार 400 करोड़ का बजट पेश किया। यह सत्र कई मायनों में खास रहा। दस साल में यह पहली बार हुआ कि सदन की कार्यवाई हंगामे की भेंट नहीं चढ़ी। 24 फरवरी को शुरू हुआ सत्र 27 मार्च तक चला। इस दौरान 20 बैठकें हुई। 20 दिनों में केवल दो दिन प्रश्नकाल, ध्यानाकर्षण और शून्यकाल बाधित हुआ। इस बार कई खास बातें रहीं। राज्य के 81 विधानसभा सदस्यों में 21 नये विधायक हैं। इनमें से आधा दर्जन विधायकों ने दमदार उपस्थिति दर्ज करायी। जन समस्या और क्षेत्र से जुडे सवालों को उठाया। वहीं पुराने विधायकों का तजुर्बा काम भी आया। विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने भी सदन की सुचारू कार्यवाही पर प्रसन्नता जाहिर की।



नये विधायकों में कल्पना सोरेन, पूर्णिमा साहू, प्रदीप प्रसाद, कुमार उज्ज्वल, सुरेश बैठा, जयराम महतो का प्रदर्शन बेहतरीन रहा। इन विधायकों ने सवाल भी खूब पूछा, कई मुद्दों को उठाया और सरकार को घेरा भी। कई ऐसे मामले भी संज्ञान में लाये, जिसकी पक्ष-विपक्ष ने सराहना भी की।

इस सत्र में एक तरफ कल्पना सोरेन की परिपक्वता दिखी, तो वहीं पूर्णिमा साहू की वित्तीय समझ भी। कल्पना सोरेन ने झारखंड का केंद्र पर बकाये का मुद्दा तो उठाया ही, साथ ही झारखंड में मनरेगा की खामियों को भी गिनवाया। उन्होंने मनरेगा की मजदूरी दर, देर से भुगतान होने और कम राशि मिलने पर सवाल उठाया। इसे लेकर संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने उनकी बात का समर्थन करते हुए केंद्र पर झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप भी मढ़ा।

वहीं कई मोर्चों पर पूर्णिमा साहू की सराहना संसदीय कार्य मंत्री ने भी की। कई विधायकों ने इरफान अंसारी को भी घेरा। इस सत्र में निजी स्कूलों द्वारा मनमाने तरीके से री-एडमिशन और अन्य फीस के नाम पर मोटी रकम वसूलने का मुद्दा उठा, तो वहीं भ्रष्ट अफसरों को लेकर भी सदन गरमाया। इस सत्र में सदन के अंदर विपक्ष के विधायकों से ज्यादा सत्ता पक्ष के ही विधायक अपनी सरकार पर हावी दिखे। हद तो तब हो गयी, जब बजट सत्र के 15वें दिन की कार्यवाही के दौरान सरकार के दो मंत्री कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव के सवाल का जवाब देने के क्रम में सदन में भिड़ गये। इरफान अंसारी और सुदिव्य कुमार सोनू के बीच की यह भिड़ंत सुर्खियों में रही। इस सत्र में जयराम महतो भी फॉर्म में दिखे। उन्होंने कई मुद्दों पर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया। इस सत्र में कानून व्यवस्था को लेकर भी माहौल गरम रहा।

सदन में विपक्ष की कम संख्या का असर भी दिखा। विपक्ष ने घोड़थंबा और हजारीबाग की घटना और कानून व्यवस्था समेत कई मुद्दों पर सरकार को घेरने की कोशिश की। सदन के अंदर संख्याबल कम होने के कारण ज्यादा हंगामा नहीं कर पाया। जिस तरह की परिपाटी पिछले 10 साल से विपक्ष की ओर से देखने को मिल रही थी, वह इस बार नहीं दिखी। विपक्ष ने कार्यवाही में बाधा डालने की जगह प्रश्न और ध्यानाकर्षण की मदद से सरकार को घेरने का प्रयास किया। वहीं, बजट पर चर्चा के दौरान अपनी बातों को रखा।

इस बार विपक्ष ने सदन का बहिष्कार कर भी बाहर भी कम निकला और सरकार के उत्तर को भी सुना। हर बार जो अखबारों की सुर्खियों में रहता कि जनता का पैसा बर्बाद हुआ, इतने ही घंटे काम हुआ, ऐसा कुछ इस बार नहीं दिखा। कुल मिला कर सत्र इस बार हंगामे की भेंट नहीं चढ़ा और कार्यवाही काफी अच्छे तरीके से चली। जनहित के मुद्दे उठे। सरकार का जवाब आया। सरकार के भविष्य की योजना भी सामने आयी।

# पांच सौ बेड वाले अस्पताल के निर्माण के लिए की जायेगी समीक्षा: इरफान अंसारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के अंतिम दिन गुरुवार को गैर सरकारी संकल्प के तहत विधायक दशरथ गगरई ने सरायकेला-खरसावां जिला के आमदा में विगत 12 वर्षों से निर्माणाधीन पांच सौ बिस्तर वाले अस्पताल का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराये जाने की मांग की। इस पर स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि 2011 में इसका निर्माण कराया जाना था, लेकिन जमीन का क्लीयरेंस नहीं मिल पाया था।



153 करोड़ से लागत बढ़ कर आज 553 करोड़ रुपये हो गया है। संमीक्षा के बाद इसे दोबारा बनवाया जायेगा।

## 1994 के सर्वे की समीक्षा की जायेगी



**रांची (आजाद सिपाही)। सिसई के विधायक जिगा सुसारन होरो ने कहा कि गुमला जिले के भरनो प्रखंड में जमीन का ऑनलाइन पंजीकरण हाल सर्वे 1994 के आधार पर किया जा रहा है, लेकिन इस प्रक्रिया में कई त्रुटियां सामने आयी हैं, जिससे रैयतों को ऑनलाइन पंजीकरण में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। रैयतों के हित में उन्होंने मांग की कि भरनो प्रखंड में हाल सर्वे 1994 को रद्द कर 1932 के खतियान के आधार पर ऑनलाइन पंजीकरण किया जाये। इस पर मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि गुमला में जहां 1994 का सर्वे चल रहा है, उसकी समीक्षा की जायेगी। विभाग ने इस मामले को गंभीरता से लिया है और उपायुक्त तथा विभागीय स्तर पर समीक्षा करके विसंगतियों को दूर करने की बात कही है।**

# भाषायी अनुपात में की जायेगी शिक्षकों की बहाली : रामदास

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी ने कहा कि झारखंड राज्य में अनुसूचित जनजाति (आदिवासी) और मूल निवासियों की भाषा, संस्कृति और परंपराओं की सुरक्षा, संरक्षण और विकास बेहद आवश्यक है। उन्होंने मांग की कि इन जनजातियों के बहुलता वाले क्षेत्रों के प्राथमिक, मध्य और उच्च विद्यालयों में जनजातीय और क्षेत्रीय भाषाओं की पढ़ाई को अनिवार्य किया जाये और इसके लिए शिक्षकों की नियुक्ति तुरंत सुनिश्चित की जाये। इस पर मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि सरकार इस मामले को गंभीरता से ले रही है। इसके लिए एक पांच सदस्यीय समिति ने बंगाल का अध्ययन भी किया है। जिला स्तर पर सर्वेक्षण करके भाषायी अनुपात के अनुसार शिक्षकों की बहाली की जायेगी।



# खिलाड़ियों के लिए एक अलग बटालियन का हो गठन : प्रदीप

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पोड़ैयाहाट के विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि व्यापक लोकहित में खिलाड़ियों के लिए एक अलग बटालियन का गठन हो और झारखंड खेल नीति में आवश्यक संशोधन करते हुए जिला एवं राज्य स्तरीय खिलाड़ियों को भी सरकारी नौकरी में आरक्षण एवं अन्य आर्थिक सुविधाएं देय हो। इस पर मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि अलग बटालियन का गठन नीतिगत मामला है। पदक जीतने वाले खिलाड़ियों के लिए सीधी नियुक्ति के लिए नियमावली अधिसूचित है। खेल नीति के तहत आर्थिक सुविधा देने का भी प्रावधान है।



# पुल निर्माण के लिए सकारात्मक पहल करेंगे : दीपिका पांडेय

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** गढ़वा के विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने कहा कि गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के माली मोहल्ला टंडवा से पुरानी बाजार गढ़या के बीच दानरो नदी पर पुल निर्माण जनहित के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस पुल के निर्माण से हजारों लोग लाभान्वित होंगे। उन्होंने आग्रह किया कि दानरो नदी पर अविलंब पुल का निर्माण कराया जाये। इस पर मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि स्थल निरीक्षण किया गया है और 150 मीटर की दूरी पर एक अन्य पुल भी है। नया पुल बनने से लगभग पांच हजार लोग लाभान्वित होंगे और इस पर सकारात्मक पहल की जायेगी।



# पुल अंडर पास के निर्माण के लिए ली जायेगी स्वीकृति : सुदिव्य

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** धनबाद के विधायक राज सिन्हा ने कहा कि धनबाद जिला मुख्यालय अंतर्गत पूजा टॉकिज से बैंक मोड़ के मध्य गया पुल अवस्थित है। पूर्व से प्रस्तावित गया पुल अंडर पास के निर्माण के लिए कुल छह बार निविदा प्रकाशित होने के बावजूद आज तक कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है। यह अंडर पास घनी आबादी के मध्य और धनबाद-गया मध्य रेलवे के रेलखंड पर अवस्थित है, जो शहर को दो भागों में बांटता है। पूर्व से बने संकरी अंडर पास से होकर सड़कों पर प्रत्येक दिन हजारों गाड़ियों का परिचालन होता है। इस पर मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि व्यस्तम रेलमार्ग पर ब्लॉक लेना काफी कठिन काम है। इसके लिए एकल निविदा आयी थी, लेकिन उसकी राशि 10 फीसदी की अधिसीमा से अधिक थी। 10 फीसदी अधिसीमा की स्वीकृति के लिए जल्द ही कैबिनेट से स्वीकृति ली जायेगी।



# सिरमटोली फ्लाइओवर का विवाद सुलझा, रैंप छह मीटर पीछे हटाया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राजेंद्र चौक से लेकर सिरमटोली फ्लाइओवर के रैंप को लेकर लंबे समय से चल रहे विवाद को गुरुवार को सुलझा लिया गया। काम कर रहे कर्मियों ने बताया कि सिरमटोली फ्लाइओवर के रैंप को छह मीटर पीछे कर दिया गया। रैंप के किनारे लगाया गया 10 डेक प्लेन को उखाड़ने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। इस घटना से एक दिन पहले बुधवार को रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने सिरमटोली सरना स्थल का निरीक्षण किया था और रैंप का माप लिया था। इस दौरान आदिवासी समाज के लोगों ने कहा कि फ्लाइओवर के रैंप के कारण सरना स्थल प्रभावित हो रहा था, जिसे लेकर सरना समाज लंबे समय से आपत्ति जता रहा था।

### आदिवासी संगठनों ने रांची बंद बुलाया था

**रैंप को लेकर कई बार आदिवासी समाज आमने सामने हो चुके थे। इसे लेकर सरना प्रार्थना सभा को छोड़कर 40 आदिवासी संगठनों ने रांची बंद बुलाया था। इस स्थल को आदिवासी समाज के लोग आस्था का केंद्र बिंदु मानते आ रहे हैं। क्योंकि सरहुल शोभायात्रा हातमा सरना से शुरू होकर सिरमटोली सरना स्थल तक पहुंची थी। इसके बाद से शहर के प्रत्येक मुहल्ला से हजारों खोड़हा अपने-अपने सरना स्थल से सिरमटोली पहुंचते हैं। यहां पर पहुंचकर सभी सरना धर्मावलंबी माथा टेक कर मां सरना से सुख शांति की कामना करते हैं।**

## राज्यपाल को सौंपा मांग पत्र



**रांची (आजाद सिपाही)। गुरुवार को केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा की अगुवाई में केंद्रीय सरना स्थल सिरमटोली फ्लाईओवर रैंप को हटाने की मांग को लेकर राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा गया। केंद्रीय सरना समिति अध्यक्ष बबलू मुंडा ने कहा कि राज्यपाल से मुलाकात कर केंद्रीय सरना पूजा स्थल सिरमटोली स्थित मुख्य द्वार के सामने फ्लाइओवर रैंप का निर्माण कार्य चल रहा है। उस फ्लाइओवर रैंप कार्य से केंद्रीय सरना पूजा स्थल का आवागमन का रास्ता बहुत ही संकीर्ण हो रहा है। इसमें सरहुल शोभा यात्रा में हजारों अखाड़े के लाखों लोग जिसमें बच्चे, व्यस्क, महिला, पुरुष, बुजुर्ग, लोग सरहुल शोभा के दिन लाखों की संख्या में केंद्रीय सरना स्थल सिरम टोली पहुंचते हैं। सरना स्थल जाने का एक मात्र रास्ता होने के कारण कोई भी अप्रिय घटना की पूरी संभावना बनती है। इसलिए फ्लाइओवर रैंप का निर्माण केंद्रीय सरना पुजा स्थल के मुख्य द्वार के आगे सिरमटोली चौक (जयपाल सिंह मुंडा चौक) के पार रैंप का निर्माण किया जाये, ताकि सरना स्थल का मुख्य मार्ग स्वतंत्र रूप से खुला रह सके। इसलिए फ्लाइओवर रैम्प का निर्माण कार्य को अविलंब बंद करा कर उस रैंप को हटाया जाये। मुलाकात कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय अध्यक्ष बबलू मुंडा, मुख्य पहान जगलाल पहान, सूरज टोप्पो,शोभा कच्छप, किरण तिर्की, जगरनाथ तिर्की, महादेव उरांव, सुरेंद्र लिंडा, मुकेश मुंडा, मुन्ना, गुड्डू मुंडा, मोहन तिर्की और मन्ना हेमरोम आदि उपस्थित थे।**

## विशेषाधिकार हनन नोटिस पर इरफान अंसारी ने कहा

# मुझे न घसीटें, तथ्य दें, कार्रवाई होगी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** जदयू विधायक और पूर्व मंत्री सरयू राय की ओर से विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिये जाने के बाद मंत्री डॉ इरफान अंसारी की सफाई सामने आयी है। उन्होंने कहा है कि वह किसी भी दबाव में आकर काम नहीं करेंगे और पूरी जिम्मेदारी और पारदर्शिता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनके पास भी बहुमत है और वह विधि सम्मत तरीके से ही काम करते हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि किसी के राजनीतिक प्रभाव या दबाव में आकर कोई निर्णय नहीं लेंगे।



**पारदर्शिता के साथ काम कर रही है सरकार :** स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि जिस मामले को लेकर सरयू राय ने सवाल उठाये हैं, वह पहले का मामला है और विभाग इस पर पहले से ही नजर बनाये हुए है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार पूरी पारदर्शिता के साथ काम कर रही है और किसी भी प्रकार की अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। स्वास्थ्य मंत्री ने आगे कहा कि हम किसी भी तथ्य को छिपायेंगे नहीं। जो भी सच होगा, उसे पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ सदन के समक्ष रखा जायेगा।

### मैं सरयू राय के प्रति सम्मान व्यक्त करता हूं

**स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि सरकार सदन की गरिमा बनाये रखने और विधायकों के अधिकारों का सम्मान करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। स्वास्थ्य मंत्री ने विधायक सरयू राय के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए कहा कि मैं उनका पूरा सम्मान करता हूं, वे बहुत बड़े जानकार हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उनके विभाग द्वारा सदन में पूरी सच्चाई के साथ सही जवाब दिया गया है। यदि किसी स्तर पर कोई गलत जानकारी दी गयी होगी, तो उस पर विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी।**

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 34.8 °c | 18.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.02 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.46 बजे |



## भाजपा नेता अनिल टाइगर की हत्या का मामला सदन से सड़क तक गरमाया

# वेल में आये दोनों पक्षों के सदस्य, प्रश्नकाल बाधित

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के 20वें और अंतिम दिन (गुरुवार) की पहली पाली हंगामेदार रही। दिन के 11 बजकर 06 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होते ही भाजपा विधायकों ने अनिल टाइगर की हत्या का मामला उठाया। इसके बाद भाजपा विधायक वेल में घुस गये। सीपी सिंह ने स्पीकर से कहा कि हत्यारी सरकार को संरक्षण देना बंद करें। इस बीच मंत्री सुदिव्य सोनू ने कहा कि अपराध की घटनाएं दुर्भाग्यपूर्ण हैं। क्या कारण है कि विधि व्यवस्था बिगाड़ने के लिए उत्तेजक कार्रवाई की जा रही है। ये राज्य सबका है। अकेले इनका नहीं है। राज्य के नागरिकों को आपस में लड़वाकर राज्य सरकार को कटघरे में खड़ा करने का प्रयास कर रहे हैं। राज्य को इनके हवाले नहीं किया जा सकता। इसके बाद मंत्री और सत्ता पक्ष के विधायक भी वेल में आ गये। हंगामा बढ़ता देख स्पीकर ने सदन की कार्यवाही 12 बजकर 55 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

### रांची एसएसपी मामले को कमजोर कर रहे : बाबूलाल



सदन का कार्यवाही दोबारा 12 बजकर 57 मिनट में शुरू हुई। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि बुधवार को कांके थाना से महज 100-125 मीट की दूरी पर हत्या हो जाती है। पुलिस हत्या के बाद उनका चरित्र हनन में लगी है। अनिल टाइगर का लातेहार-कुडू से तार जोड़ा जा रहा है। रांची के पुलिस कप्तान सुनियोजित तरीके से मामले को कमजोर कर रहे हैं। डीजीपी के पास सीआइडी डीजी, एसीबी के डीजी और अघोषित रूप से स्पेशल ब्रांच के डीजी का भी प्रभार है। ऐसे में लॉ एंड ऑर्डर कैसे कंट्रोल हो सकता है। थाना को वसूली के लिए टारगेट दिया गया है। अपराधी को जनता ने पकड़ा। पुलिस तमगा लेने के लिए कह रही है कि उन्होंने अपराधी को पकड़ा। लॉ एंड ऑर्डर पर चर्चा होनी चाहिए।

### राज्य में बेहतर कानून व्यवस्था है : राधाकृष्ण किशोर



संसदीय कार्यमंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि सत्ता पक्ष, विपक्ष सहित राज्य की पूरी जनता ऐसी घटना को लेकर मर्माहत है। सरकार इसे दलीय आधार पर नहीं देखती। कोई भी बख्शा नहीं जायेगा। कठोर से कठोर कार्रवाई होगी। ये कांड मर्माहत करने वाला है। विपक्ष का आरोप लगाना कि विधि व्यवस्था खराब है तो इतना कहता हूं कि इससे पहले राज्य में बेहतर विधि व्यवस्था नहीं रही है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** रोजी-रोजगार में सफलता, आर्थिक समस्याओं का समाधान, व्यापार वृद्धि। चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण बनेगा।

**वृष** संकल्पित काम पूरे होंगे, भौतिक सुख-सुविधा बढ़ेगी, उद्योग-धंधे में सफलता। अधिकांश समय आमोद-प्रमोद से व्यतीत होगा।

**मिथुन** रुके हुए काम पूरे होंगे,निर्माण कार्य में प्रगति। धनलाभ के अवसर बनेंगे, नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है।

**कर्क** नये लोगों से सम्पर्क,शुभ समाचार मिलेगा। गृह-भूमि-वाहन का सुख, सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा होगी।

**सिंह** सामयिक-सामाजिक विकास, शत्रुओं पर विजय मिलेगा। मानसिक शक्तियों में वृद्धि।

**कन्या** समय अनुकूल है,आय के नये स्रोत मिल सकता है,परिवार में मांगलिक कार्य होगा।

**तुला** कर्मक्षेत्र में परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा, आर्थिक परेशानी दूर होगी, सेहत में सुधार होगा।

**वृश्चिक** नवीन व्यापारिक योजना सफल, आर्थिक लाभ होगा। नौकरी में पदोन्नति होने का संभावना बन रहा है।

**धनु** विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास, बिगड़े कार्य बनेंगे। प्रतिष्ठित व्यक्तियों से मिलन होगा जो बाद में लाभकारी सिद्ध होगा।

**मकर** थोड़े परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे। वाहन सुख, यात्रा सुखद। धन लाभ के अवसर बनेंगे।

**कुंभ** खर्च अधिक होगा। किसी प्रकार की कोई नवीन समस्या आ सकता है परन्तु आप अपनी सूझ-बूझ से सुलझा लेंगे।

**मीन** घरेलू आवश्यकताओं पर अधिक व्यय करना पड़ेगा, मानसिक चिंता बढ़ेगी। दुष्ट लोगों की संगति कलहकारी सिद्ध होगी।


देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in


# झारखंड में भी लागू किया जाये योगी मॉडल: संजय सेठ

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** रक्षा राज्यमंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ ने भाजपा नेता अनिल टाइगर नेता की हत्या से आक्रोशित हैं। उन्होंने गुरुवार को रांची बंद के दौरान विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया और राज्य सरकार के खिलाफ जम कर बरसे। उन्होंने कहा कि हम इस समय जंगल राज-2 देख रहे हैं। यहां भी योगी मॉडल लागू करो। आज प्रदेश का हर वर्ग त्रस्त है। उन्होंने कहा कि एक जन प्रतिनिधि होने के नाते मैं चुपचाप तमाशा नहीं देख सकता। रांची अपराध की राजधानी बन गयी है। हेमंत सोरेन की सरकार में कानून व्यवस्था पूरी तरह से बिगड़ गयी है। यह जंगल राज है। मैं कहता हूं कि यहां योगी मॉडल लागू होना चाहिए। सुबह डीएसपी मेरे घर आये। मुझे सुरक्षा या गेस्ट हाउस में बैठने की जरूरत नहीं है, क्योंकि मैं एक जन प्रतिनिधि हूं। उन्होंने आगे कहा कि क्या रांची को हम अपराधियों के चंगुल में दे दें? क्या इसे अपराध की राजधानी बना दें? यहां रूल ऑफ लॉ धराशायी हो गया है। शहर में ये हाल है, ग्रामीणों की तो चर्चा ही छोड़ दीजिए। उन्होंने लालू यादव के शासन को याद करते हुए कहा कि हमने 1990 का वह दौर देखा है, जंगलराज था। आज जंगलराज-2 है। पूरा रांची और ग्रमीण इलाका जाम है। भाजपा के अलावा आमजन भी प्रदर्शन में बैठे हैं। संजय सेठ ने कहा कि न नेता, व्यापारी और न आमजन सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि सड़क से लेकर संसद तक विरोध होगा। हम लोग तब तक चुप नहीं बैठेंगे, जब तक रांची को अपराधमुक्त नहीं बना देते। झारखंड के मंत्री 50 करोड़ के बंगले में रहते है और जनता त्राहिमाम कर रही है।

# पुलिस प्रशासन अपराधियों को दे रहा संरक्षण : बाबूलाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने भाजपा नेता अनिल टाइगर की हत्या पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि रांची पुलिस प्रशासन अपराधियों को संरक्षण दे रहा है और अपराध रोकने के लिए गंभीर नहीं है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पुलिस की कार्यशैली से यह समझ में आता है कि अपराधियों से भी यह सरकार पैसे वसूल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसा लगता है कि सरकार का कहीं ना कहीं उन अपराधियों को संरक्षण प्राप्त है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य में बंद के समर्थन में स्वतः स्फूर्त बंद है, लेकिन पुलिस सुबह से ही बेवजह लोगों को हिरासत में ले रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस बंद समर्थकों से डरी हुई नहीं है, बल्कि लूट में लगी हुई है।




## अपराधियों पर पुरुषार्थ दिखाये पुलिसः सीपी सिंह

रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा नेता अनिल टाइगर हत्याकांड के विरोध में बुलाये गये रांची बंद को लेकर पुलिस द्वारा भाजपा नेताओं को हाउस अरेस्ट किये जाने पर रांची विधायक सीपी सिंह ने नाराजगी जतायी है। उन्होंने कहा कि पुलिस को पुरुषार्थ दिखाना है, तो अपराधियों पर दिखाये, ताकि जनता को इसका लाभ मिल सके। मीडिया से बात करते हुए सीपी सिंह ने कहा कि इस सरकार में कोई भी व्यक्ति सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन की सरकार अपराधियों को संरक्षण दे रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस अपराधियों को संरक्षण दे रही है और अपराधियों के साथ गलबहियां डालकर घूमती है, तो ऐसी स्थिति में हत्या का दौर राजधानी रांची में चल रहा है। उन्होंने कहा कि लगातार रांची में हो रही हत्या की घटनाओं से यह समझा जा सकता है कि राज्य के अन्य हिस्सों में कैसे हालात होंगे। उन्होंने कहा कि राज्य के हर कोने में हत्या, लूट, बलात्कार की घटनाएं आम हो गयी हैं, लेकिन सरकार को इसकी चिंता नहीं है। सीपी सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि आखिर पुलिस इतनी कमजोर क्यों है। पुलिस पुरुषार्थ अपराधियों पर नहीं, बल्कि आम जनता पर दिखाती है। इन अपराधियों पर पुलिस पुरुषार्थ दिखाये, तो पता चले। आश्चर्य कि बात है कि जिस राजधानी में मुख्यमंत्री, राज्यपाल सहित सभी वीआइपी रहते हैं, वहां सरेआम हत्या हो जाती है। अपराधी स्पष्ट रूप से कहते हैं कि हेमंत हैं तो हिम्मत है। उन्होंने कहा कि इसके विरोध में यदि बंद बुलाया गया है, तो पुलिस भाजपा विधायकों और नेताओं के घरों में पहुंच कर हाउस अरेस्ट करने के लिए पहुंच जाती है। मेरे यहां भी डीएसपी आये थे।

# शांतिपूर्ण तरीके से बंद को सफल बनाया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** गुरुवार को कांके पूर्वी के पूर्व जिला परिषद, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं महावीर मंडल केंद्रीय समिति के अध्यक्ष दिवंगत नेता स्वर्गीय टाइगर अनिल महतो की हत्या के विरोध में भारतीय जनता पार्टी, आजसू पार्टी, जेएलकेएम द्वारा रांची बंद का आह्वान किया गया था। इसमें केंद्रीय मंडा पूजा समिति, झारखंड इसका समर्थन करते हुए चुटिया क्षेत्र में शांतिपूर्ण तरीके से बंद को सफल बनाया गया। इसमें केंद्रीय मंडा पूजा समिति, झारखंड के केंद्रीय अध्यक्ष सह भाजपा, ओबीसी मोर्चा, रांची महानगर - जिला के महामंत्री राजकुमार महतो, मंडल अध्यक्ष सुजीत शर्मा, महानगर की उपाध्यक्ष अनीता वर्मा, सतीश सिन्हा, छत्रधारी महतो, बबीता वर्मा, जनार्दन शाह, रवि गोप, भोला चौधरी, रवि सिंह, धनंजय सिंह, भोला चौधरी, शिवम सिंह, विक्रम साहू, मनपुरण नायक, शत्रु नायक, पिंटू सिंह, किशोर नायक, पिंकी सिंह, ललित महतो, तपन कुमार महतो, गौतम देव, मनोज महतो, किशोर राम, सत्येंद्र रजक, गौतम महतो, राजदीप महतो, अमन श्रीवास्तव, मदन मुंडा, शिवम सिंह, मनीष केसरी, महावीर महली, विजय राम, अमरदेव कुमार, परमेश्वर चौधरी, उज्जवल महतो, महावीर नायक, रमेश महतो, अनंत तिवारी, अनिल महतो, रेखा महतो, राजेश सिंह, मुनचुन सिंह रांची बंद को सफल बनाने में प्रतिष्ठान संचालक से निवेदन कर पांचः बजे तक दुकान बंद करने की अपील की गयी। बंद पूर्णतः सफल रहा।

## भाजपा नेताओं ने अनिल टाइगर के परिजनों से की मुलाकात

# हत्यारों को गिरफ्तार कर सजा दिलाये पुलिस



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के तीनों राज्य सभा सांसद दीपक प्रकाश, आदित्य साहू डॉ प्रदीप वर्मा गुरुवार की शाम नयी दिल्ली से रांची पहुंचे और स्व. अनिल टाइगर के घर पहुंच कर शोकाकुल परिजनों से भेट की। स्व. टाइगर को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार स्व. टाइगर के हत्यारों को गिरफ्तार कर अविलंब कड़ी सजा दिलाये। कहा कि मीडिया में छपी खबरों एवं पुलिस के बयानों से लग रहा कि हत्या के जांच की दिशा को भटकाने को कोशिश की जा रही है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से अपराधियों को कड़ी सजा दिलाने की मांग की।

# पुलिस ने अल्बर्ट एक्का चौक से देवेंद्र नाथ महतो को किया डिटेन

**अल्बर्ट एक्का चौक में अपने समर्थकों के साथ कर रहे थे शांतिपूर्ण बंदी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पूर्व जिला परिषद कांके सदस्य अनिल महतो की हत्या के विरोध में सड़क प्रदर्शन के दौरान देवेंद्र नाथ महतो को पुलिस ने डिटेन कर लिया है। गुरुवार को सवेरे करीब 11:50 बजे आंदोलन स्थल अल्बर्ट एक्का चौक से हिरासत में लिया गया। बताते चलें कि राजधानी रांची समेत संपूर्ण झारखंड बंदी को लेकर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा की ओर से बीते बुधवार को देवेंद्र नाथ महतो ने आधिकारिक पत्र जारी किया था। पुलिसिया डिटेन के दौरान महतो ने कहा राज्य में जंगलराज चल रहा है। कानून व्यवस्था लचर है, लगातार हत्या हो रही है।





अनिल टाइगर की हत्या के विरोध में गुरुवार को धरना-प्रदर्शन करते भारजपा के जितेंद्र सिंह पटेल अजनेश सिंह अनिल सोनू।

# बजट सत्र कई दृष्टिकोण से कई मायनों में अद्भुतः स्पीकर

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने बजट सत्र की समाप्ति पर सत्ता पक्ष और विपक्ष को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि 4 फरवरी से प्रारंभ होकर 27 मार्च तक कुल 20 कार्य बैठकों के बाद गुरुवार को षष्टम झारखंड विधान सभा का द्वितीय (बजट) सत्र अवसान के करीब पहुंच गया है। यह बजट सत्र कई दृष्टिकोण से कई मायनो में अद्भुत रहा। लंबे अंतराल के बाद हम सब ने मिल कर सदन के समय का जिस प्रकार सदुपयोग किया है, वह ऐतिहासिक है। इस बजट सत्र में सदन मात्र कुछ मिनटों-घंटों के लिए बाधित रहा, परन्तु शत-प्रतिशत समय राज्य के जन आकांक्षाओं को पूरा करने के उद्देश्य से भरा रहा है। यह पक्ष-विपक्ष के सहयोग से संभव हो पाया।

स्पीकर ने कहा कि इस सत्र में कुल 1195 प्रश्न स्वीकृत हुए, जिनमें से स्वीकृत अल्पसूचित प्रश्नों की संख्या 246 एवं तारांकित प्रश्नो की संख्या 851 है। इनमें से 59 अल्पसूचित तथा 66 तारांकित प्रश्न सदन में उत्तरित हुए। विभागों से 1074 प्रश्नों के उत्तर प्राप्त हुए तथा 23 प्रश्नों का उत्तर विभाग के पास लंबित है। साथ ही 98 स्वीकृत अतारांकित प्रश्नों का विभाग के पास लंबित है। 464 शून्यकाल स्वीकृत हुए। 95 स्वीकृत ध्यानाकर्षण सूचनाओं में से 62 ध्यानाकर्षण सूचनाएं उत्तरित हुई तथा 30 लंबित ध्यानाकर्षण सूचनाओं को प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण समिति को सौंपा गया। इस सत्र में कुल 83 निवेदन माननीय सदस्यों से प्राप्त हुआ, जिसे निवेदन समिति को भेजा गया।

रबींद्रनाथ महतो ने कहा कि विनियोग विधेयक सहित कुल 5 विधेयक सभा में पुनःस्थापित हुआ एवं सदन द्वारा पारित किये गये। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अगुवाई वाली सरकार का यह पहला बजट सत्र की शुरुआत राज्यपाल के अभिभाषण से हुई थी। राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में कहा कि यह सरकार जनसेवा की सरकार है। गरीबों, वंचितों, शोषितों, आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों, बुजुर्गों, युवाओं, महिलाओं, मजदूरों और किसानों को उनका हक और अधिकार मिले, इनका सर्वांगीण विकास हो यह राज्य सरकार की प्राथमिकता रही है। झारखंड की अस्मिता, संस्कृति, भाषा और सभ्यता को बढ़ावा देते हुए विकास के लिए सरकार कृत संकल्पित है।

स्पीकर ने कहा कि वित्त मंत्री के द्वारा विकासोमुखी 1 लाख 45 हजार 400 करोड़ का वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट इस सदन में प्रस्तुत किया और सभा ने इसे सहमति प्रदान की। बजट भाषण में एक महत्वपूर्ण बात थी कि लगातार स्थापना व्यय कम हो रहे हैं और पूंजीगत व्यय में वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि उत्तर सामग्री को लेकर कुछ सदस्यों का शिकायत है, उसे भी आसन महसूस करता है और मानता है कि माननीय सदस्यों द्वारा उठाये गये प्रश्नों का सटीक और तार्किक उत्तर विभागों द्वारा पटल पर रखे जायें। साथ ही सदन के पटल पर मंत्री द्वारा दिये गये आश्वासनों को गंभीरता से लागू कराये जायें।

उन्होंने कहा कि मैंने षष्टम झारखंड विधानसभा के प्रथम सत्र में जैसा कहा था कि मेरे लिए सदन में न पक्ष, न विपक्ष, हर कोई सदस्य है उसी भांति मैंने सदन संचालन में सदस्यगणों को अपनी अभिव्यक्ति के लिए सरंक्षण प्रदान करने का प्रयास किया। हमारा राज्य एक युवा राज्य है। हमारे राज्य में प्राकृतिक संसाधनों की जिस प्रकार बहुलता है उस अनुरूप हमने प्रगति नहीं की है। इस युवा राज्य के युवा नेतृत्वकर्ता के हौसले बुलंद हैं, तो निश्चय ही बेहतर राज्य का निर्माण होगा।

# अनिल टाइगर की हत्या पुलिस प्रशासन और इंटेलिजेंस की विफलताः सुरेश बैठा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** कांके से कांग्रेस विधायक सुरेश बैठा ने भाजपा नेता अनिल टाइगर की हत्या को पुलिस प्रशासन और इंटेलिजेंस विभाग की विफलता करार दिया है। उन्होंने कहा कि वह 20-25 वर्ष से अनिल टाइगर को जानते-पहचानते थे। वह बहुत ही सामाजिक और व्यवहारिक व्यक्ति थे। विधायक ने कहा कि पुलिस चाहे जो कहे, वह जानते हैं कि अनिल टाइगर नेकदिल इंसान थे। चाहे सामाजिक मंच हो या राजनीतिक मंच, हर जगह अनिल टाइगर काफी सक्रिय रहते थे। कल की घटना में एक अपराधी को पकड़ा गया है, लेकिन घटना का मूल साजिशकर्ता कौन है, उसका उद्भेदन होना चाहिए। विधायक ने कहा कि यह पुलिस के लिए चुनौती है कि वह मुख्य साजिशकर्ता तक पहुंचे। कांग्रेस विधायक ने कहा कि शूटर बाहर का है। इसलिए यह अनुमान लगाया जा सकता है कि मुख्य साजिशकर्ता बाहर का ही होगा।

### अभी राज्य में राष्ट्रपति शासन की जरूरत नहीं

कांग्रेस विधायक ने कहा कि राष्ट्रपति शासन राज्य में विकल्प नहीं है। जब राज्य की विधि-व्यवस्था समाप्त हो जायेगी, पुलिस कुछ नहीं कर पायेगी, तब राष्ट्रपति शासन का सवाल आता है। सुरेश बैठा ने कहा कि कल कांके की जनता ने बढ़िया काम किया है और उसे हमेशा ऐसे ही काम करना चाहिए। रांची बंद को लेकर कांग्रेस विधायक ने कहा कि बंद शांतिपूर्ण और सफल रहा।

# हजारीबाग का आम जनजीवन हुआ सामान्य, समाज के लोग आये आगे

## सुरक्षा को लेकर किया जा रहा पुख्ता इंतजाम



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** रामनवमी पर्व को लेकर प्रशासनिक तैयारी पूरे जोर-शोर से चल रही है। विगत दिनों झंडा चौक के निकट हुए दो समुदाय के बीच हिंसक सड़क के बाद स्थिति सामान्य हो रही है। हजारीबाग में लोग घर से बाहर निकल रहे हैं। वहीं ईद का बाजार भी सज कर तैयार है। जनजीवन भी सामान्य हो रहा है। जिला प्रशासन की ओर से बैठकों का दौर भी जारी है। आखिर यह घटना घटी क्यों इसे लेकर भी मंथन किया जा रहा है। दोनों समाज के लोगों से वार्ता भी कि जा रही है। हजारीबाग एसपी भी कहते हैं कि सभ्य समाज में इस तरह की घटना होना बेहद चिंतनीय है। उन्होंने कहा कि शांति के साथ पर्व संपन्न हो यह सबसे जरूरी है। हजारीबाग के लोगों की जिम्मेवारी है कि वह ऐतिहासिक रामनवमी की विरासत को बचाये रखें। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि रामनवमी में सभी समुदाय के लोग राम भक्तों का स्वागत करते हैं। उन्हें ठंडा पानी पिलाते हैं और माला भी पहनाते हैं। इसके बावजूद इस तरह की घटना घटी खुद में कई सवाल खड़ा कर रहा है। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों के द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश की जाती है। आम जनता को जागरुक होना चाहिए। इस तरह की घटना की पुनार्वृति नहीं हो इसे लेकर सोचने की जरूरत है।

हजारीबाग बड़ा अखड़ा के महंत विद्यानंद दास ने भी लोगों से अपील की है कि रामनवमी महापर्व की सुंदरता बरकरार रखें। पर्व त्यौहार में अगर नशा प्रवेश करता है तो उसकी सुंदरता धूमिल हो जाती है। राम भक्त मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम का जन्म उत्सव मनाते हैं। उनके आदर्श का भी ध्यान रखना चाहिए। घटना घटने के बाद उसका बहुत ही बुरा प्रभाव पड़ता है। जो भी व्यक्ति इस तरह की घटना में सम्मिलित होते हैं उन पर कानूनी कार्रवाई भी होती है। उस व्यक्ति को भारी फजियत का सामना भी करना पड़ता है।

रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष बसंत गोप ने भी कहा कि पिछले दिनों जिस तरह से घटना घटी है यह बेहद दुखद है। आपस में सभी अखाड़ों को मिलकर यह सोचना होगा कि हजारीबाग की रामनवमी की भव्यता सुंदरता बरकरार रहे। कोई भी व्यक्ति ऐसी घटना को अंजाम ना दे जो शांति व्यवस्था को धूमिल करता हो। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटना करने के बाद सबसे बड़ा असर ग्रामीण क्षेत्रों में पड़ रहा है। लोग जुलूस देखने के लिए नहीं पहुंचते हैं। दूसरे जिले से भी रामनवमी देखने वालों की संख्या घटी है। इस कारण पर्व की सुंदरता बरकरार रखने के लिए हर एक वर्ग को आगे आने की आवश्यकता है।

रामनवमी संरक्षण समिति के अध्यक्ष प्रशांत कुमार प्रधान ने भी कहा कि रामनवमी का इतिहास 100 वर्षों से भी अधिक पुराना है। मंगलवार को जिस तरह से घटना घटी है वह इसके विरासत के लिए बुरा संदेश दे रहा है। समाज की हर एक तबका को आपस में मिलकर इस पर्व को बनाना चाहिए।

हजारीबाग जिला प्रशासन को रामनवमी मैं अतिरिक्त सुरक्षा बल उपलब्ध कराया जा रहा है। हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया जा रहा है। हर एक व्यक्ति को अपनी जिम्मेवारी उठानी होगी। शांति से पर्व बनाये और किसी भी अफवाह में ध्यान ना दें। साथ ही उन्होंने यह भी चेतावनी दी है कि कोई भी व्यक्ति जो कानून तोड़ेगा उसके खिलाफ कार्रवाई भी की जायेगी।

## स्कूल की जमीन अतिक्रमण का एसडीओ ने किया निरीक्षण

मरकच्चो (आजाद सिपाही)। प्रखंड प्रमुख मरकच्चो ने सर्वोदय प्लस 2 उच्च विद्यालय की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर उपायुक्त कोडरमा मेधा भारद्वाज को एक आवेदन मंगलवार को सौंपा था। आवेदन में प्रमुख बिजय कुमार सिंह ने कहा है कि मरकच्चो अंचल अंतर्गत मौजा मरकच्चो थाना नं0 141 में सर्वोदय प्लस +2 उच्च विद्यालय, कस्तुरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, परियोजना उच्च विद्यालय, खेल स्टेडियम इत्यादि बने हुवे हैं। उपरोक्त संस्थाओं का अपना जमीन भी है जिसका खाता पुराना 426 प्लॉट से पुराना 3596 है। माईनर सर्वे के पश्चात उपरोक्त का नया खाता 402 नया प्लॉट 6232 रकवा 7 एकड 03 डी0 है। उपरोक्त जमीन खतियान में स्कूल दखल अंकित भी है। मरकच्चो प्रमुख के द्वारा सौंपे गये आवेदन के आलोक में गुरुवार को अनुमंडल पदाधिकारी कोडरमा रिया सिंह ने उपरोक्त जमीन का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रमुख समेत दर्जनों प्रबुद्ध ग्रामीणों ने उक्त जमीन के कागजात भी दिखाये। निरीक्षण के बाद उन्होंने अंचलाधिकारी से उक्त जमीन पर सरकारी जमीन का बोर्ड लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी कहा कि जमीन की बिक्री करने वाले तथा जमीन की खरीददारी करने वाले पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। मौके पर प्रमुख विजय कुमार सिंह, सुरेंद्र प्रताप सिंह, समाजसेवी रविशंकर तिवारी उर्फ मंटू, कैलाश यादव, विदेशी दास, अशोक दास, दिगम्बर सिंह, प्रयाग महतो, रविंद्र पांडेय, सकलदेव सिंह, दीपक राम, जय कुमार सिंह, अनेश्वर सिंह, शिव शंकर यादव, सदानद वर्मा, सरयू महतो समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## पूर्व विधायक किसुन दास समेत 37 नामजद को मिली रिहाई



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। गुरुवार को व्यवहार न्यायालय में एसडीजेएम सह विशेष न्यायालय एमपीएमएलए कावेरी कुमारी ने पूर्व सिमरिया विधायक समेत 37 अभियुक्तों को सुनवाई के बाद रिहा कर दिया। यह मामला टंडवा थाना कांड संख्या 113/2014 से संबंधित है। तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी सह निर्वाचन पदाधिकारी को दूरभाष पर सूचना मिली थी कि टंडवा स्थित शहीद चौक के पास 150-200 व्यक्ति रोड जाम किये हुए हैं। इसकी सूचना पुलिस उपाधीक्षक सिमरिया और थाना प्रभारी टंडवा को देते हुए घटना स्थल पर जब सूचक पहुंचे तो वहां पाया की पक्की सड़क पर शहीद चौक के पास बीते दिनों बड़कागांव थाना क्षेत्र में सीसीएल अम्रपाली प्रोजेक्ट से कोयला ढ़ोने में डंपर से एक व्यक्ति की मौत हो गयी थी। जिसका पोस्टमार्टम करने के पश्चात कई लोगों को लेकर सभी अभियुक्त रोड जाम किये हुए थे। इसके बाद पुलिस के द्वारा अभियुक्तों के खिलाफ सरकारी काम में बाधा पहुंचाने और उपद्रव मचाने को लेकर उपरोक्त संबंधी मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता कुंदन साकेत उर्फ बिट्टू झा और कुंदन पांडे पैरवी कर रहे थे। रिहा होने वालों में पूर्व सिमरिया विधायक किशुन दास, गणेश गंझु, के साथ-साथ राजेश सोनी, सुभाष दास, गोपाल पासवान, अवध राज पासवान, अक्षयवट पांडे, जागेश्वर दास, मनीष यादव, दीपक नायक, शंकर गुप्ता, शंकर नायक, संजीत गुप्ता, उत्तम चौरसिया, तारकेश्वर गुप्ता, रिंकू गुप्ता, नाधु गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता, नईमुद्दीन मियां, तिलेश्वर साहू, विक्की मालाकार, उत्तम गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, टुडू गुप्ता उर्फ दशरथ गुप्ता, तोलेश्वर साहू गुप्ता, अजय सोनी, मिथिलेश गुप्ता, राजेंद्र नायक, अजय गुप्ता, पिंटू उर्फ गिरधारी, मनोज चंद्रा, विनोद बिहारी पासवान, प्रयाग राम और कन्हाई नायक के नाम शामिल हैं।

## रामनवमी महासमिति अध्यक्ष बसंत यादव ने किया समिति का विस्तार, पदाधिकारियों की हुई घोषणा



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। पंचमंदिर परिसर में रामनवमी महासमिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। जिसकी अध्यक्षता महासमिति के अध्यक्ष बसंत यादव ने किया। बैठक के दौरान नयी समिति की घोषणा की गयी और चयनित पदाधिकारियों को माला पहनाकर सम्मानित किया गया। रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष बसंत यादव ने बताया कि इस बार की समिति में उन सभी क्षेत्रों के लोगों को शामिल किया गया है, जहां से रामनवमी का अखाड़ा नगर में प्रवेश करता है। इससे सभी क्षेत्रों में बेहतर समन्वय स्थापित करने में आसानी होगी और त्योहार का आयोजन शांतिपूर्वक किया जा सकेगा। उन्होंने सभी लोगों से रामनवमी का पर्व शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की और सुझाव मांगे। रामनवमी महासमिति की नई समिति इस प्रकार है। उपाध्यक्ष: विक्रम कुमार रविदास, सुनील कुमार यादव, मंदीप यादव, नीरज पासवान, शशि यादव, रौशन वर्मा, मुक्कू पासवान, कृष्ण मुरारी, बबन गुप्ता, जीतू केशरी। महासचिव: मनोज पासवान, मिन्कु सिंह, हिरामण यादव, कुंदन वर्मा, मनीष ठाकुर, नारायण साव। सचिव: राहुल यादव, अजय दास, नीरज कुमार, रोहित कुमार, अभिमन्यु भगत, कैलाश साव, अरुण राणा, प्रिंस गुप्ता, विनोद प्रसाद। कोषाध्यक्ष: सुभाष कुमार। सह कोषाध्यक्ष: सोनू साव। कार्यालय प्रभारी: सोनू रॉय, रामू यादव। मीडिया प्रभारी: पिंटू कुमार, चंदन कुमार। सोशल मीडिया प्रभारी: राहुल सिंह। पूजा प्रभारी: गौरव गोस्वामी। गौ सेवा प्रमुख: गोविंद यादव। अस्त्र-शस्त्र परिचालन सह प्रदर्शन प्रभारी: चंद्रेश सिंह, शंकर यादव, अजीत कुमार। स्वच्छता प्रभारी: भैया अनुभव। नगर साज-सज्जा प्रभारी: विकास यादव, अभिजित गुहा, राहुल यादव, विवेक यादव। विद्युत प्रभारी: शिवम पांडेय। चिकित्सा प्रभारी: नितेश कुमार, विक्की साव, भूपेंद्र साव, साहिल सिंह। प्रवक्ता: अशोक यादव। कार्यकारिणी सदस्य: विकास कुमार दास, गौतम मेहता, कार्तिक राम, प्रभु मेहता, संदीप मेहता, राजेश मेहता, बैजनाथ ठाकुर, अनिष यादव, सचिन यादव, अजीत साहू, बनवारी यादव, राकेश यादव, सुमित यादव, कामेश्वर यादव, सोनू कुमार, निक्की राजक, रंजन चौबे, राकेश कुमार, करण यादव, अंश अग्रवाल, संदेव कुमार, प्रेम यादव, सानू गोस्वामी, प्रवीण गोस्वामी। रामनवमी महासमिति की यह नई समिति नगर में रामनवमी के सफल आयोजन और अनुशासन बनाए रखने के लिए कार्य करेगी। समिति के सदस्य इस बार भी त्योहार को ऐतिहासिक और भव्य बनाने के लिए पूरी तत्परता से जुटेंगे। महासमिति के विस्तार में आगे कई और लोगों को जोड़ा जायेगा

## विष्णुगढ़ में किसान मेला का आयोजन

### विष्णुगढ़, टाटीझरिया, चुरचू और बरकट्ठा के प्रगतिशील किसान अपने प्रदर्शन के साथ शामिल हुए



आजाद सिपाही संवाददाता

**विष्णुगढ़।** प्रखंड मुख्यालय परिसर में गुरुवार को एकदिवसीय प्रखंड स्तरीय किसान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मेला में विष्णुगढ़ टाटीझरिया चुरचू और बरकट्ठा के प्रगतिशील किसान अपने प्रदर्शन के साथ शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन अतिथियों और पदाधिकारी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में आत्मा, रामकृष्ण आश्रम और प्रदान संस्था से आये कृषि विशेषज्ञों के द्वारा कृषि संबंधी के जानकारी उपस्थित किसानों को दी गयी। वक्ताओं और विशेषज्ञोंने कहा कि किसानों के चेहरे में खुशहाली लाने के लिए उनके आमदनी को बढ़ाना होगा। किसानों के आमदनी को बढ़ाने के लिए किसानों को वैज्ञानिक तरीके से खेती करना होगा। मिट्टी की उर्वरक को बनाए रखने के लिए वैज्ञानिक विधि के साथ-साथ हमें चक्रीय बहु फसली खेती करना होगा। इसके लिए जैविक खाद के उपयोग के साथ-साथ कीट प्रबंधन और खेती से पूर्व मिट्टी की जांच कर उसका उपचार करना होगा। जैविक खाद के महत्व पर चर्चा करते हुए कहा कि मिट्टी की जांच आवश्यक है। सरकार आज मिलेट अनाज के लिए कई कार्यक्रम चला रखे हैं और इसे बढ़ाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों के द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया और उत्कृष्ट किसानों को पुरस्कार देकर अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य शेख तैयब, पंचायत समिति सदस्य मुन्नी देवी, महताब आलम, मुखिया निर्मल कुमार, उत्तम महतो, लक्ष्मी देवी, विधायक प्रतिनिधि रंजीत गुप्ता, सुधीर सिंह, कांग्रेस अध्यक्ष अब्बास अंसारी, गुरु प्रसाद साव, जानकी शर्मा, शिबू सोरेन, दीपू अकेला, सुशील मंडल, प्रखंड कृषि पदाधिकारी सुधीर राय, अभय कुमार, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक उमेश राणा, चिंता हरण पाठक, उमेश कुमार, दिव्या सिन्हा समेत कृषक मित्र और किसान शामिल थे।

## दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के एनएच-522 कमला फ्यूल्स पेट्रोल पंप के पास जर्जर सड़क के कारण अनियंत्रित होकर बाइक सवार के गिरने से मौत हो गयी है। दुर्घटना में बाइक सवार के सिर पर गंभीर चोट लगी थी मृतक सरिया थाना क्षेत्र के लुकिआनों निवासी भागीरथ महतो पिता सोमर महतो है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक टाटीझरिया बेड़म ससुराल से बाइक पर अपने घर लुकिआनों सरिया जा रहा था। इसी दौरान बुधवार रात टाटीझरिया के कमल फ्यूल्स पेट्रोल पंप के पास जर्जर सड़क के कारण वह अनियंत्रित होकर गिर गया हादसे के बाद टाटीझरिया पूलिस ने आनन-फानन में उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा जहां उसे डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आए दिन एनएच-522 पर सड़क हादसे हो रहे हैं, हाल ही में हुए सड़क मरम्मती कार्य के बावजूद कई जगह जानलेवा गड्ढे के कारण बाइक सवार गिरकर घायल हो रहे हैं।

## सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल

### रोमी स्थित पुल का निर्माण कार्य पूरा होने तक ब्रेकर लगाने की हुई मांग



आजाद सिपाही संवाददाता

**पदमा।** एनएच 33 रोमी बंगला और पदमा गेट पर सड़क दुर्घटनाओं में दो लोग घायल हो गये। पहली घटना सुबह नौ बजे घटी जब एक मजदूर अपने कार्य के लिए सड़क पार कर रहा था और कन्टेनर गाड़ी की चपेट में आ गया। खबर पाते ही पदमा प्रभारी पहुंचे और घायल को एम्बुलेंस से इलाज के लिए अस्पताल भेजा। वहीं दूसरी घटना शाम साढ़े पांच बजे घटी जब रोमी बंगला पर एक बाइक चालक ट्रेलर की चपेट में आ गया। ग्रामीणों ने बताया कि ट्रेलर की सूझबूझ से बाइक चालक बाल बाल बच गया। इस दौरान ट्रेलर चालक ने बाइक चालक को बचाने में सड़क के बीचों बीच बना डिवाएडर पर गाड़ी चढ़ा दी। इस घटना में बाइक सवार तो बच गया लेकिन बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। घटना स्थल पर पहुंची पदमा पुलिस ने मामले को शांत कराया। इस दौरान ग्रामीणों ने सड़क दुर्घटना से बचने के लिए पुल निर्माण कार्य पूर्ण होने तक ब्रेकर लगाने की बात कही। जिस पर कम्पनी के लोगो ने वरीय अधिकारियों से बात कर बहुत जल्द ब्रेकर लगाने की बात कही।

## रामनवमी संरक्षण समिति की दंगल प्रतियोगिता 5 अप्रैल को

# युवाओं को मिलेगा निःशुल्क अस्त्र-शस्त्र परिचालन प्रशिक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त हजारीबाग की रामनवमी को लेकर पूरे जिले भर में उत्साह का माहौल है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिले भर के सैकड़ों अखाड़ों में रामनवमी की तैयारी जोर शोर से चल रही है। ग्रामीण क्षेत्र की बात करें तो अधिकांश क्षेत्रों में पारम्परिक तौर महावीरी झंडा के साथ लोग गाजे बजे के साथ अखाड़ा पहुंचते हैं जहां क्षेत्र के सभी महावीरी झंडा का मिलान होता है। जिसके बाद क्षेत्र के लोग पारंपरिक अस्त्र शस्त्र का करतब दिखाते है और बड़े बूढ़े से आशीर्वाद लेते हैं। फिर उक्त स्थल पर मेला लगता है जहां रामलीला, राम जन्म, सीता स्वयंवर समेत अन्य धार्मिक कथाओं का नाट्य विधा के साथ मंचन किया जाता है। वहीं शहरी क्षेत्र की बात करें तो अधिकांश शहरी क्षेत्र में झांकी की परंपरा शुरू हो गयी है, जिसमें हजारीबाग नगर क्षेत्र में निकलने वाली झांकी राष्ट्रीय स्तर पर विख्यात है। जिसका संचालन रामनवमी महासमिति, रामनवमी संरक्षण समिति, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन समेत शहर के गणमान्य लोग अपनी भागीदारी निभाते हैं। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी हजारीबाग रामनवमी संरक्षण समिति दंगल प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है। जिसमें देश के विभिन्न राज्यों के राष्ट्रीय स्तर पर विख्यात एक दर्जन पहलवान भाग लेंगे। दंगल प्रतियोगिता 5 अप्रैल को 2 बजे दोपहर से और 6 अप्रैल फाइनल प्रतियोगिता 3 बजे दोपहर से बड़ा अखाड़ा परिसर में सम्पन्न होगा। हजारीबाग रामनवमी संरक्षण समिति ने हजारीबाग के युवाओं लिए आगामी शनिवार 29 मार्च से 4 अप्रैल तक निःशुल्क अस्त्र शस्त्र परिचालन प्रशिक्षण का कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। जिसमें क्षेत्र के युवाओं को अस्त्र शस्त्र परिचालन के विधा से निपुण स्थानीय युवक राजेश कुमार सिन्हा ( पहलवान ) के द्वारा प्रशिक्षण दिया जायेगा। रामनवमी संरक्षण समिति ने प्रशिक्षक का मोबाइल नंबर 9430171585 जारी किया है इस नंबर पर इच्छुक युवक कॉल कर अपना पंजीयन करवा सकते हैं। यह प्रशिक्षण सत्र प्रत्येक दिन सुबह 8 बजे से सुबह 10 बजे तक चलेगा। कार्यक्रम के बारे में पूछे जाने पर रामनवमी संरक्षण समिति अध्यक्ष प्रशांत कुमार प्रधान ने बताया कि रामनवमी हजारीबाग की पहचान है और इसको बेहतर बनाने के लिए संरक्षण समिति संकल्पित है। बड़ा अखाड़ा परिसर में परंपरागत दंगल प्रतियोगिता के साथ साथ इस वर्ष से नया अध्याय शुरू हो रहा है, जिसमें हजारीबाग के युवाओं को अस्त्र शस्त्र परिचालन का प्रशिक्षण निःशुल्क दिया जायेगा। जिससे युवाओं की शारीरिक दक्षता बढ़ेगी।

## इचाक में डीजे पर रहेगी पाबंदी, उपद्रवियों पर रहेगी प्रशासन की नजर



इचाक (आजाद सिपाही)। रामनवमी और ईद को लेकर इचाक थाना में बुधवार को शांति समिति की बैठक हुई। संचालन निवर्तमान थाना प्रभारी संतोष कुमार ने किया। बैठक में दोनों समुदाय के सैकड़ों लोग शामिल हुए। बैठक में रामनवमी पूजा और ईद को शांति पूर्वक मनाने का निर्णय लिया गया। प्रशिक्षु आईपीएस सह थाना प्रभारी श्रुति ने कहा कि डीजे पर पूर्णतः पाबंदी है, इसलिए कोई भी अखाड़ा डीजे के साथ जुलूस न निकाले। साथ ही कहा कि उपद्रवी किसी धर्म या मजहब को नहीं मानते। उनका मकसद सिर्फ दंगा भड़काना और अशांति पैदा करना होता है। ऐसे लोगों से सावधान रहे और इसकी सूचना पुलिस को दें। सीओ रामजी प्रसाद गुप्ता ने दोनों समुदाय से सरकारी गाइडलाइन के अनुसार ही रामनवमी और ईद मनाने को कहा। कहा कि चलंत डीजे और भड़काऊ गाने पर पूर्ण पाबंदी होगी। निवर्तमान थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने कहा कि सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट न करें, वरना कार्रवाई निश्चित है। साथ ही कहा कि अफवाह फैलाने वालों पर भी कार्रवाई होगी। इंस्पेक्टर रजा अहमद ने कहा कि जुलूस के दौरान उपद्रवियों पर पुलिस की पैनी नजर होगी। पूरे जुलूस की ड्रोन कैमरे से निगरानी की जायेगी। जिनके घरों या छतों पर पत्थर जमा है। वे कृपया हटा लें। अन्यथा शांति भंग होने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। बीडीओ संतोष कुमार ने कहा यह मयार्दा पुरूषोतम भगवान श्री राम का पर्व है इसलिए हमसभी को मयार्दा में रह कर त्योहार मनाना है। उप प्रमुख सत्येंद्र कुमार मेहता, बीस सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम, मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष रंजीत मेहता ने भी अपनी बाते रखी। बैठक में प्रमुख प्रतिनिधि सिकंदर राम, जदयू नेता अर्जुन मेहता, समाजसेवी रविशंकर उर्फ भोला, मुखिया सुनीता देवी, चोहन महतो, पंसस बिक्की धवन, रेणु देवी, महेंद्र पांडे, संतोष कुमार मेहता, लालमोहन रविदास, शत्रुघ्न राम, फार्माशिष्ट रमेश कुमार, गौतम कुमार, दयानंद मेहता, सुजीत मेहता, रूपेश कुमार आदि उपस्थित थे।

## चरही थाना क्षेत्र से कुल 20 अखाड़ों से निकलेगी रामनवमी शोभायात्रा




चरही (आजाद सिपाही)। थाना परिसर में रामनवमी पर्व और ईद पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर गुरुवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में दोनों समुदाय के लोग उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी राजमोहन तुरी ने किया वहीं संचालन थाना प्रभारी गौतम कुमार ने किया। पुलिस पदाधिकारियों ने इसके लिए आमलोगों से सहयोग करने की बात कही। रामनवमी पर्व के मौके पर थाना क्षेत्र अंतर्गत 20 अलग-अलग अखाड़े से अस्त्र शास्त्र के साथ शोभा यात्रा निकालकर कलाबाजों के द्वारा अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन करने का परंपरा है। वहीं चुरचू प्रखंड में एकमात्र बसंती नवरात्र सह रामनवमी पर्व सांसद आदर्श ग्राम जरबा में मनाया जाता है। अंचलाधिकारी ने कहा कि किसी भी समुदाय के लोग उपद्रव करते हैं तो उन पर सख्त कानूनी कार्यवही की जायेगी। वहीं पुलिस इंस्पेक्टर ने कहा कि प्रशासन की पैनी नजर थाना क्षेत्र अंतर्गत बनी रहेगी। रामनवमी में प्रशासन द्वारा शांति व्यवस्था बनाने के लिए पूर्ण व्यवस्था की गयी है। किसी प्रकार की कहीं कोई गलत घटना या अपराध ना हो इसकी उचित व्यवस्था की गयी है, और जुलूस निकालने के लिए बैठक के माध्यम से कई गाइडलाइन जारी की गयी है। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित अनुमंडल पदाधिकारी बैजनाथ प्रसाद, थाना प्रभारी गौतम कुमार, निरंजन प्रसाद नायक चुरचू प्रमुख, जरबा रामनवमी समिति के अध्यक्ष सुखनंदू कुमार राय, सचिव महेंद्र माली, सह सचिव अवध माली, सह कोषाध्यक्ष राजेश राम, जुलूस प्रभारी पूर्व मुखिया रामदुलार साव, संचालक किशोर ठाकुर, आरिफ अंसारी, तफाजुल अंसारी, ऐतासमूल हसन, निरंजन महतो, सतीश साहू, महेश महतो, अखिल महतो, सेवन निर्मित सब इंस्पेक्टर भुवनेश्वर महतो, कुलेश्वर करमाली, भुनेश्वर प्रजापति, किशोर प्रजापति सहित थाना क्षेत्र के कई लोग उपस्थित थे।

## रामकिशोर सावंत बने लोक जनशक्ति पार्टी के झारखंड प्रदेश महासचिव



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। रांची विधानसभा के क्लब हॉल में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता झारखंड प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान के द्वारा की गयी पार्टी का विस्तार करते हुए हजारीबाग का खपरियावां निवासी रामकिशोर सावंत के कामों को देखते हुए प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान के द्वारा सर्टिफिकेट देकर झारखंड प्रदेश लोजप्पा का महासचिव मनोनीत किया गया। साथ ही हंसराज लोहरा को खेल और सास्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किये। मौके पर प्रदेश प्रवक्ता उमेश तिवारी, विधायक जनार्दन पासवान राम, पासवान महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आशा राय, प्रकाश कु करण, दिलीप पासवान, पिंटू कुमार, चंदन कुमार, कृष्णा सोनी और प्रदेश के बहुत नेता मौजूद थे। महासचिव नियुक्त होने पर आदित्य विजय प्रधान, श्रीकांत पासवान, गौरी प्रसाद यादव, प्रदीप पासवान, शिवजी कुमार, आनंद पांडे, मनोज गुप्ता, सत्येंद्र कुमार, मोहम्मद नसीम, जागेश्वर कुमार, अनिल कुमार, अनिलपासवान, पूजाराणा, मेहर मिहिर, गौतमकुमार, रवि गुप्ता ने बधाई दी है।

## संजीव बेदिया के जिला अध्यक्ष बनने से झामुमो मजबूत होगा : संजय सिंह



बड़कागांव (आजाद सिपाही)। झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ जुझारू नेता संजीव कुमार बेदिया को हजारीबाग जिला में पार्टी को मजबूत करने को लेकर केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन के निर्देश पर केंद्रीय महासचिव विनोद पांडे ने जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है। इनके अलावा मोहन सोरेन और किशोर महतो को उपाध्यक्ष, नीलकंठ महतो को सचिव और अख्तर अंसारी को जिला कोषाध्यक्ष बनाया गया है। झामुमो कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है। मौके पर झारखंड श्रमिक संघ जिला सचिव सह बड़कागांव झामुमो प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा की संजीव बेदिया के जिला अध्यक्ष बनने से जिले में तेजी से संगठन मजबूत होगा और हजारीबाग जिले का विकास होगा। केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, केंद्रीय महासचिव विनोद पांडे का आभार व्यक्त करते हैं। बधाई देने वालों झामुमो केंद्रीय सदस्य सोनाराम मांझी, बड़कागांव प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह, सचिव सरोज मेहता, मीडिया प्रभारी सह जिला सोशल मीडिया प्रभारी संजय भुईयां, कोषाध्यक्ष इंद्रदेव राम, हेमंत भुइयां, संजय करमाली, नंदकिशोर भुइयां, विशेश्वर राम, कटकमदाग प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र बांडो, राकेश मिश्रा, सफीउल्लाह अंसारी, मोती भुईयां, गणेशा राम, सुनील कुमार, दीपन साव, रामचंद्र भुईयां, प्रभु राम शंकर साव, राजेंद्र भुईयां, सूरज वर्मा, सुरेश यादव, फालेंद्र गंझु, चिंतामण गंझु, राजेश हसदा, बिनोद यादव, गुलाब राम, सुरेश यादव, अरविंद महतो, मुंद्रिका सिंह, प्रयाग मो हुसैन, मो हेशाम, कृष्णा राणा, कर्मदेव भुईयां, रामवृक्ष भुईयां, प्रमेश्वर सोरेन, शंकर भुईयां, रामसागर महतो, राजा कुमार, महेंद्र पासवान, इलियास अंसारी, दिनेश कुमार, जावेद खान समेत कई पार्टी के कार्यकर्ताओं ने खुशी इजहार किया और बधाई दिये।

पेज 01 का शेष

## गुनाह न कबूल करते न पश्चाताप: हेमंत सोरेन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हेमंत सोरेन ने कहा कि अभी हाल ही में कुंभ स्नान का आयोजन हुआ था। हमने सोचा कि जायें, लेकिन जो वातावरण बना था, हिम्मत नहीं हुई। उसी में हमारे विपक्ष के लोगों ने इस विषय को इकोनॉमिक मॉडल बनाने का प्रयास किया, अर्थव्यवस्था बदलने की बात की। लेकिन ये बतायें कुंभ से कितनी अर्थव्यवस्था बदली। आज देश की अर्थव्यवस्था गर्त में है। ये धीरे-धीरे और बुरी स्थिति में जा रही। ये हर गुनाह को ना कबूल करते हैं, ना पश्चताप, ना सुधार करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड आदिवासी, अल्पसंख्यक और सबसे पिछड़ा राज्य है। आजादी के बाद पहली बार ऐसा माहौल देखने को मिल रहा है, जहां देश को उलझाने की कोशिश की जा रही है। जातीय वर्गीकरण से देश को बांटने की नीति अपनायी जा रही है।

**सरकार की योजनाएं और उपलब्धियां गिनायीं:** मुख्यमंत्री ने अपनी सरकार की प्रमुख योजनाओं में से एक 'मंईयां सम्मान योजना' का जिक्र किया, जिसके तहत 60 लाख महिलाओं को सम्मान राशि प्रदान की जा रही है। इससे महिलाओं के चेहरे पर मुस्कान आयी है और गांवों में इसका अधिक सकारात्मक प्रभाव दिख रहा है। उन्होंने सड़क, उद्योग आदि का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि छोटे-बड़े उद्योगों के लिए एक अलग निदेशालय भी बनाया जायेगा। हेमंत ने कहा कि झारखंड की 80% आबादी कृषि पर निर्भर है। उनकी सरकार ने किसानों का दो लाख तक का कर्ज माफ किया है। साथ ही, 1.5 लाख एकड़ भूमि पर फलदार पेड़ लगाये गये हैं। जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए लिफ्ट और पाइपलाइन इरिगेशन योजना शुरू की गयी है। शिक्षा का जिक्र करते हुए कहा कि सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की शुरुआत की गयी है, जिससे बड़ी संख्या में छात्र प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल हो रहे हैं। टॉपरों को आर्थिक सहायता, लैपटॉप और मोबाइल दिये जा रहे हैं। दिव्यांग, अनाथ बच्चों के लिए भी उच्च शिक्षा के लिए ट्यूशन फीस के तौर पर सालाना दस लाख खर्च करेंगे। चार हजार मासिक की वाल्मीकि छात्र योजना लागू करेंगे। नेतरहाट जैसे प्रतिष्ठित स्कूलों का पुनरुद्धार किया जा रहा है और दुमका, चाइबासा और बोकारो में इसी तर्ज पर नये स्कूल बनाये जा रहे हैं।

**हेलीकॉप्टर एंबुलेंस सेवा शुरू करेगी सरकार:** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार पर भी जोर दिया गया है। रांची के रिम्स अस्पताल को 7000 करोड़ रुपये की लागत से नया भवन मिलेगा। इसके अलावा एक नये मेडिकल कॉलेज अस्पताल की निर्माण रांची में किया जा रहा है। राज्य में आम आदमी के लिए एयर एंबुलेंस सेवा शुरू की गयी है। सरकार हेलीकॉप्टर एंबुलेंस की फ्री सेवा शुरू करेगी और हर अस्पताल में हेलीपैड बनाया जायेगा, जिससे जरूरतमंद मरीजों को तत्काल चिकित्सा सुविधा मिल सके।

**परिसीमन और आदिवासी अधिकारों की रक्षा:** मुख्यमंत्री ने परिसीमन के मुद्दे पर भी केंद्र सरकार को घेरा। उन्होंने आरोप लगाया कि आदिवासी सीटों को घटाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने इसे एक सुनियोजित साजिश बताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में इस मुद्दे पर आर-पार की लड़ाई लड़ी जायेगी। उन्होंने कहा कि राज्य के ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण, 1932 खतियान सब पर केंद्र सरकार कुंडली मारे बैठी है। राज्य की जनता को ही आर-पार की लड़ाई लड़नी होगी। संघर्ष के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा। कोर्ट कचहरी से कुछ नहीं होगा।

**सरकार जाति-धर्म से उपर उठ कर काम कर रही:** हेमंत ने कहा कि सरकार ने 1.43 लाख करोड़ का अबुआ बजट पेश किया। इस बजट पर सदन ने मुहर लगायी। इसके लिए सभी मंत्रिमंडल सदस्य और विधायकों का आभार। कई माननीय सदस्यों ने इस सत्र में अपनी अपनी बात रखी। सदन को सौभाग्य मिला कि सदन को इस बार नेता प्रतिपक्ष मिला। इसके चलते कई संवैधानिक काम रुके थे। अब वो त्वरित गति से आगे बढ़ेंगे। 'सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय' की अवधारणा को साकार करते हुए इस देश के बड़े लोकतंत्र की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। सभी जाति-धर्म से ऊपर उठकर सरकार काम कर रही है।

# भुरकुंडा में युवक की गला रेत कर हत्या

### जांच पड़ताल में जुटीपुलिस और फोरेंसिक टीम





आजाद सिपाही संवाददाता

**भुरकुंडा।** भुरकुंडा ओपी क्षेत्र अंतर्गत पतरातू रामगढ़ फोरलेन पर एचपी पेट्रोल पंप के विपरीत गुरुवार की सुबह युवक का शव मिलने से भुरकुंडा क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। युवक की पहचान सेंट्रल सौंदा नीचे धौड़ा निवासी दीपक पासवान (लगभग 30 वर्ष) पिता बसंत पासवान के रूप में हुई। गुरुवार की सुबह स्थानीय लोगों ने शव देख मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर भुरकुंडा ओपी प्रभारी निर्भय कुमार गुप्ता सदलबल पहुंचे और मामले की छानबीन शुरू की गयी। युवक का गला तेजधार हथियार से निर्मम तरीके से रेता गया है। जबकि उसके बांह पर भी वार का निशान पाया गया है। घटनास्थल पर खून लगा एक चाकू भी बरामद हुआ है। जबकि प्रथमदृष्टया मामला अन्यत्र हत्या कर शव को फेंके जाने का प्रतीत हो रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार दीपक पासवान बुधवार की शाम तकरीबन 05: बजे अपने पिता से 1500 रुपये लेकर कीपैड मोबाइल खरीदने भुरकुंडा के लिए निकला और फिर वापस नहीं लौटा। सुबह परिजनों को दीपक की हत्या की जानकारी मिली।

वहीं घटना की जानकारी पर मृतक के सेवानिवृत्त सीसीएल पिता बसंत पासवान और बड़ा भाई मिथलेश पासवान घटनास्थल पर पहुंचे। जहां पुलिस ने उनसे जरूरी पूछताछ की। मृतक के जेब से उसका मोबाइल और पिता से लिए गये रुपए 1500 रुपए बरामद हुए हुए। वहीं दोपहर बाद रांची से पहुंची फोरेंसिक जांच टीम ने भी जांच पड़ताल कर जरूरी साक्ष्य जुटाकर साथ ले गयी। इसके उपरांत पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूत्र बताते हैं कि परिजनों से बातचीत के आधार पर पुलिस सेंट्रल सौंदा के दो युवकों को पूछताछ के लिए भुरकुंडा ओपी लायी है। इधर, बताया जाता है कि मृतक मूल रूप से रोह, जिला नवादा (बिहार) का रहनेवाला है। सेंट्रल सौंदा में उसका कम आना होता है। सेंट्रल सौंदा में एक चर्चा यह भी है कि नवादा में दीपक पहली पत्नी की हत्या का आरोपी हैं। हालांकि उसके पिता से पूछे जाने पर वे इस संबंध में कुछ नहीं बता सके। पतरातू इंस्पेक्टर सहित छह थाना और ओपी के प्रभारी पहुंचे हत्याकांड को पतरातू इंस्पेक्टर सत्येंद्र सिंह, पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल गुप्ता, बासल थाना प्रभारी कैलाश प्रसाद, भदानीनगर ओपी प्रभारी ब्रह्मवत कुमार, बरकाकाना ओपी प्रभारी उमाशंकर वर्मा, गोला थाना प्रभारी अभिषेक प्रताप, भुरकुंडा एसआई अभिनाश कुमार भी घटना स्थल पर पहुंचे। माना जा रहा कांके में बुधवार को दिनदहाड़े भाजपा नेता अनिल टाइगर की हत्या से राज्य की कानून व्यवस्था को लेकर पनपे आक्रोश के मद्देनजर घटनास्थल पर पुलिस अधिकारियों की तैनाती रही। पूर्व में दीपक की पहली पत्नी की मौत हो चुकी है। उसकी दो पुत्रियां हैं जो अब अपने ननीहाल में ही रहती हैं।

### पूर्व विधायक ने पुलिस की कार्यशैली पर उठाया सवाल

युवक की हत्या की जानकारी मिलने पर बड़कागांव विधानसभा की पूर्व विधायक अंबा प्रसाद घटनास्थल पर पहुंची। जहां उन्होंने पुलिस और स्थानीय लोगों से घटना के बावत जानकारी ली। वहीं घटना के संबंध में अपनी प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने पुलिस की कार्यशैली और आम लोगों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर बातें कहीं। उन्होंने कहा कि अपराध कैसे रोकना है यह पुलिस को बखूबी पता है। पुलिस व्यवस्था में सुधार करने की जरूरत है। अपराधियों को कहां से संरक्षण और शक्ति मिल रही है कि मेन रोड पर हत्या कर जा रहे।

## पत्थलगड्डा थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी निलंबित



चतरा (आजाद सिपाही)। पुलिस कप्तान विकास कुमार पांडेय ने पत्थलगड्डा थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी को निलंबित कर दिया है। उक्त निलंबित डीआइजी के निर्देश पर किया गया। फिलहाल पुलिस निरीक्षक अवध सिंह को प्रभारी थाना प्रभारी बनाया गया है, सूत्रों के अनुसार कुछ दिन पूर्व थाना क्षेत्र में दो पक्षों में मारपीट हुई थी, जिसमें थाना प्रभारी ने दोनों ओर से मामला दर्ज कर लिया। निर्दोष को परेशान करने को लेकर एक पक्ष के लोगों ने इसकी शिकायत डीआइजी से की थी। इसके बाद डीआइजी ने मामले की जांच करायी, जिसमें मामला सही पाया गया। इसके बाद थाना प्रभारी को निलंबन करने के लिए पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिया।

# पांच हजार घूस लेते रोजगार सेवक गिरफ्तार

### निगरानी की टीम ने इटखोरी बाजार स्थित फर्नीचर दुकान से धर दबोचा, मेढ़बंदी का डिमांड लगाने के नाम पर मांगा था 26 हजार



आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** भ्रष्टाचार के विरुद्ध एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने जिले के इटखोरी प्रखंड में एक बार फिर बड़ी कार्रवाई की है। एसीबी हजारीबाग की टीम ने इटखोरी प्रखंड के नवादा और धनखेरी पंचायत के रोजगार सेवक उमेश कुमार को इटखोरी-चौपारण मुख्यपथ पर स्थित इटखोरी बाजार के महाराजा फर्नीचर दूकान से पांच हजार रुपया रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। रोजगार सेवक इटखोरी प्रखंड अंतर्गत नरचाकला गांव निवासी विनोद सिंह से मनरेगा योजना के तहत मेढ़बंदी योजना में पांच हजार रुपया घूस ले रहा था। गिरफ्तारी के बाद भ्रष्टाचार निरोधक दस्ते की टीम रोजगार सेवक को अपने साथ हजारीबाग ले गयी। एसीबी हजारीबाग के एसपी आरिफ इकराम ने बताया कि इटखोरी प्रखंड के नरचाकला गांव निवासी बिनोद सिंह ने लिखित शिकायत की थी कि उसके परिवार के नाम पर गांव में मनरेगा योजना के तहत मेढ़बंदी योजना स्वीकृत हुआ था। योजना कार्य पूर्ण हो चूका है, बावजूद रोजगार सेवक उसका डिमांड नहीं लगा रहे हैं। रोजगार सेवक से डिमांड लगवाने उसके पास गये तो रोजगार सेवक के द्वारा डिमांड लगाने के बदले 26 हजार रुपया रिश्वत मांगा गया। एसीबी एसपी नें बताया कि आवेदक बिनोद सिंह घूस नहीं देना चाहते थे। शिकायत पर एसीबी की टीम के द्वारा मामले की जांच की गयी तो आरोप सत्य पाया गया। जिसके बाद प्राथमिकी दर्ज करते हुए जाल बिछाकर एसीबी की ट्रैप टीम नें रोजगार सेवक उमेश कुमार को अग्रिम राशि के रूप में पांच हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार रोजगार सेवक चतरा शहर के चौर मोहल्ला का रहने वाला है।

## रामनवमी, ईद और सरहुल को लेकर बैठक



**कुजू (आजाद सिपाही)।** कुजू ओपी परिसर में गुरुवार को रामनवमी, सरहुल और ईद पर्व को सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता मांडू सीओ विमल कुमार सिंह और संचालन मांडू इंस्पेक्टर सुरेश लिंडा और कुजू ओपी प्रभारी मो नौशाद ने संयुक्त रूप से की। बैठक के दौरान विभिन्न समुदाय के मौजूद गणमान्य लोगों ने सभी पर्वो को सौहार्दपूर्ण माहौल में पुलिस प्रशासन को हरसंभव सहयोग करते हुए मनाने का भरोसा दिलाया। साथ ही, डटमामोड़ में एनएच 33 सड़क पर बेढंग तरीके से खड़े बड़े मालवाहकों और गैरेज को हटाने का अनुरोध किया गया। वहीं, पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने लोगों से जुलूस व पर्व के दौरान भड़काऊ गाना बजाने से बचने की अपील की। साथ ही, जुलूस को निर्धारित तय रूट पर हीं निकालने का निर्देश दिया। वहीं, ईद को लेकर निर्धारित समय पर नजदीक के मस्जिदों में नमाज अता करने पर चर्चा की गयी। इस अवसर पर ओपी के अनि संजय हेंब्रम, मनीष कुमार सिंह के अलावे अमर सिंह, शिबू प्रसाद, प्रेम प्रसाद, जगेश्वर प्रजापति, धर्मराज राम, ज्योतिंद्र प्रसाद साहू, कयूम खान, रामभजन लाल महतो, मनोज गिरी, मनीष कुमार, प्रदीप गुप्ता, अरविंद कुमार, रतन प्रसाद साहू, लखन प्रसाद, राकेश मेहता, जयकुमार ओझा, अशोक कुमार, अमित केशरी, संतोष मेहता, शंभुलाल ठाकुर, जितेंद्र गुप्ता, अरशद अंसारी, निर्मल करमाली, अब्दुल कलाम, मुबारक हुसैन, प्रकाश गंझू, समीम अंसारी, हेमनी देवी, गुलाम नबी, सुधीर सिंह, रामसहाय बेदिया, महेश ठाकुर शामिल रहे।

# भाजपा नेता की हत्या के विरोध में जेएलकेएम नेता और कार्यकर्ता उतरे सड़क पर, घंटों रही सड़क जाम

### जाम में रुके हजारीबाग सदर विधायक, बंद का किया समर्थन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रांची में भाजपा नेता टाइगर अनिल महतो की हत्या के विरोध में रामगढ़ में भी जेएलकेएम पार्टी के नेता और कार्यकर्ता सड़क पर उतारकर जमकर प्रदर्शन किया। गुरुवार को कोठार ओवर ब्रिज के पास एनएच 33 और 23 को जाम कर दिया। इस दौरान वे हत्यारों को तत्काल गिरफ्तार करने और उन्हें सजा दिलाने की मांग कर रहे थे। जेएलकेएम के जिलाध्यक्ष देवानंद महतो और नेता पनेश्वर महतो सहित कई लोगों ने एनएच 33 को जामकर भाजपा नेता को न्याय दिलाने की मांग किया। इस दौरान उन्होंने झामुमो और कांग्रेस गठबंधन की सरकार पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार में हत्यारों और अपराधियों का मनोबल काफी बढ़ा हुआ है। दिनदहाड़े लोगों की हत्याएं हो रही हैं। इसके बावजूद अपराधी सलाखों के पीछे नहीं पहुंच पा रहे हैं। पुलिस अपने काम में विफल है और लोग अपनी जान गवां रहे हैं। आज एक राजनीतिक दल के नेता की हत्या ने ना सिर्फ पुलिस की लापरवाही उजागर की है बल्कि सरकार की उदासीनता भी स्पष्ट कर दी है।

हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद रांची जाने के क्रम में सड़क जाम कर रहे बंद समर्थकों से मिलकर उनका समर्थन किया। उन्होंने बंद समर्थकों से बंद को शांति ढंग से बंद करने का आह्वान किया। जिसके बाद वे रांची के लिए रवाना हो गये।

**थाना प्रभारी ने जेएलकेएम के नेताओं को समझाया इसके बाद यातायात हुई शुरू:** सड़क जाम की सूचना पाकर रामगढ़ थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार सदलबल के साथ एनएच 33 पहुंचकर बंद समर्थकों को समझा पूजा कर हटवाया, जिसके बाद यातायात सुचारू रूप से चालू हो गयी। जेएलकेएम के मुनिनाथ महतो, राजू बेदिया, गौतम महतो, लालू महतो, रोहित चौधरी, शिवनंदन मुंडा, अनिल महतो, बीरेंद्र महतो, आनंद कटियार, भीम महतो, राजन महतो, टिंकू पटेल, पवन महतो, खिरोधर महतो, पप्पू कुमार, डब्लू महतो, सुरेंद्र महतो सहित कई समर्थक शामिल थे।

## जेएलकेएम कार्यकर्ताओं ने की सड़क जाम

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** भाजपा नेता अनिल टाइगर की हत्या के विरोध में गुरुवार को पतरातू क्षेत्र के जेएलकेएम कार्यकर्ताओं ने पतरातू लेक रिसॉर्ट के निकट पतरातू रांची मुख्य मार्ग को लगभग तीन घंटा तक जाम कर दिया। जिससे पतरातू रांची मुख्य मार्ग के दोनों ओर वाहनों की कतार लग गयी। साथ ही आवागमन पूरी तरह से ठप हो गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने अनिल टाइगर की हत्या में शामिल आरोपी को जल्द गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मुख्य अभियंता (निर्माण)/एस, दक्षिण पूर्व रेलवे, गार्डनरीच, कोलकाता-700043 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है जिसे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड किया गया है। निविदा निर्धारित तारीख को **दोपहर 12:00 बजे** बंद कर दी जाएगी। **ई-निविदा सूचना संख्या: 4562-जीआरसी-सीई-सी-एसओ-10-2025, दिनांक: 26.03.2025। कार्यों का संक्षिप्त विवरण:** उप मुख्य अभियंता (निर्माण)/टाटानगर के अधिकार क्षेत्र के अधीन आरओएच शेड आदित्यपुर (झारखण्ड), दक्षिण पूर्व रेलवे के लिए आच्छादित आरओएच शेड एवं सिक लाइन शेड के विस्तार हेतु कम्पोजिट कार्य एवं नए सेवा भवन का निर्माण सहित विद्युत आपूर्ति व्यवस्था का जीर्णोद्धार के साथ सभी सिविल, विद्युतीय, यांत्रिक, दूरसंचार कार्यों का प्रावधान एवं शुरुआत। **अनुमानित लागत:** ₹ 32.17 करोड़। **बोली प्रतिभूति:** ₹ 17,58,700। **पूरा करने की अवधि:** 12 महीने। **बंद होने की तारीख:** 22.04.2025। निविदा के सम्पूर्ण विवरण/ब्योरा/स्पेसिफिकेशन के लिए इच्छुक निविदादाता वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं और अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस मद के लिए किसी भी परिस्थिति में मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। **वि.द्र.:** अन्य सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए भावी बोलीदाता वेबसाइट www.ireps.gov.in नियमित रूप से देख सकते हैं। (PR-1276)

# ईद, सरहुल और रामनवमी पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

# जुलूस पर रहेगी पुलिस की नजर, सुरक्षा होगी कड़ी

### सोशल मीडिया पर भ्रामक बातें फैलाने वाले लोगों पर रहेगी निगाह, शांतिपूर्वक मनाये त्योहार: परमेश्वर



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** शहर में रामनवमी जुलूस पर पुलिस की निगाह रहेगी। सुरक्षा के कड़े इंतजाम अभी से ही कर दिये गये हैं। उन सभी रास्तों का सत्यापन किया जायेगा, जिससे जुलूस गुजरेगा। यह बातें गुरुवार को थाने में आयोजित शांति समिति की बैठक को संबोधित करते हुए एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद ने कही। उन्होंने कहा कि सभी संवेदनशील इलाकों कि अभी से स्क्रीनिंग की जा रही है। जिन रास्तों से जुलूस गुजरेगा, उसका मुआयना ड्रोन कैमरे से किया जायेगा। शांतिपूर्वक त्योहार संपन्न हो इसके लिए पुलिस प्रशासन के साथ-साथ अखाड़े के सदस्य और पूजा कमेटी भी पूरा प्रयास करेंगे। एसडीपीओ ने कहा कि सोशल मीडिया पर भ्रामक बातें फैलाने वाले लोगों पर भी निगाह रहेगी। अगर किसी भी व्यक्ति को कोई सूचना प्राप्त होती है या सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी नजर आती है, तो तत्काल पुलिस प्रशासन को इसकी सूचना दें।

**पूजा कमेटी तैयार रखें वॉलिंटियर्स:** एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद ने कहा की पूजा कमेटी अपना वॉलिंटियर्स तैयार रखें। थाने में लाइसेंस के साथ अपने एक दर्जन वॉलिंटियर्स का नाम और मोबाइल नंबर भी उपलब्ध करायें। जरूरत पड़ने पर पुलिस उनसे भी संपर्क कर सकती है। जुलूस के दौरान वॉलिंटियर्स अलर्ट रहे ताकि कोई अप्रिय घटना ना घटे।

बैठक में विद्युत विभाग के एसडीओ दीपक कुमार सिंह, सदर अस्पताल के डीएस डॉ ठाकुर मृत्युंजय कुमार सिंह, अग्निशामक विभाग के इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह, छावनी परिषद के स्वच्छता की निरीक्षक नितिन ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार पुटूस, सब इंस्पेक्टर सुमंत कुमार राय, महेश सिंह, उपेंद्र कुमार, राजेश मुंडा, एएसआई अनिल सिंह, सुजीत कुमार सिंह सहित शांति समिति के सदस्यों में महासमिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र साव भोपाली, बिमल बुधिया, कमल बगड़िया, अरविंद जायसवाल, राजेश ठाकुर, सुरेंद्र महतो, मोहराय महतो, आसिफ इकबाल, मुमताज मंसूरी, ग्यास खान, शेखर गुप्ता, संदीप शर्मा, अमित विश्वकर्मा, विशाल जायसवाल, पवन करमाली, प्रवीण कुमार सोनू, तुलेश्वर पासवान, आकाश चौधरी, आकाश यादव, पिंटू अंसारी, किशोर जाजू, राजू कैंथ, मो इमरान, आफताब आलम सहित कई लोग उपस्थित थे।

### पर्व में बदनाम ना करें रामगढ़ का नाम : सुदीप एक्का

बैठक के दौरान रामगढ़ अंचल अधिकारी सुदीप एक्का ने कहा कि पर्व में रामगढ़ का नाम बदनाम ना करें। शहर में सभी समाज के लोग सौहार्दपूर्ण माहौल में रामनवमी, सरहुल और ईद का त्योहार मनायें। ऐसा कोई कार्य न करें जिससे किसी भी समाज को आहत पहुंचे। जुलूस में ना तो उन्माद फैलाने वाले गाने बजाएं और ना ही सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करें। सभी संवेदनशील स्थानों पर दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी की मौजूदगी रहेगी। इसके अलावा सबसे अधिक भीड़ लगने वाले स्थान पर कैमरे भी लगाये जायेंगे। साथ ही ड्रोन कैमरे से पूरी निगरानी होती रहेगी। हिंसा भड़काने वाले लोगों पर कड़ी कार्रवाई होगी। उन्होंने त्योहार में नशा पर रोक लगाने की भी बात कही है। उन्होंने कहा कि वॉलिंटियर्स और पूजा कमेटी यह ध्यान रखें की कोई भी व्यक्ति नशे में धुत्त होकर जुलूस में शामिल न हो। अगर ऐसा कोई व्यक्ति पकड़ा जाता है तो उसे तत्काल थाने ले जाया जायेगा। सौदागर मोहल्ला, दुसाद मोहल्ला, चट्टी बाजार, बाजारटांड़, झंडा चौक, गोलपार्क, पूरनी मंडप में पुलिस की मौजूदगी रहेगी।

## ईद, सरहुल, चैती छठ, रामनवमी पर्व को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक




**चतरा(आजाद सिपाही)।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में ईद, सरहुल, चैती छठ, रामनवमी पर्व को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उपस्थित सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी और थाना प्रभारी, अखाड़ा के अध्यक्ष, शांति समिति के सदस्य से प्रखंडवार अखाड़ों और संवेदनशील स्थानों की भी जानकारी ली गयी। सभी ने बारी-बारी से पूर्व में मनाये गये त्योहारों के बारे में विस्तृत जानकारी दिया। बैठक में विधि व्यवस्था संधारण हेतु सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि अपने-अपने स्तर से संवेदनशील स्थानों और अन्य स्थानों की निगरानी रखेंगे। यह सुनिश्चित करेंगे कि पर्व त्योहार में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो सभी धर्म के लोग सौहार्दपूर्ण और भाईचारगी के साथ त्योहार मनायेंगे। उपायुक्त ने ईद, सरहुल, चैती छठ, रामनवमी पर्व को लेकर आपसी सौहार्द और शांति पूर्ण तरीके से पर्व मनाने का अपील किया। उन्होंने कहा कि यह पर्व आस्था और पवित्रता के साथ मनाया जाता है। उपायुक्त ने कहा कि प्रशासन के लिए सभी व्यक्ति समान है। त्योहार के दौरान सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार का आपत्तिजनक तथा भड़काउ पोस्ट से बचें। साथ ही कहा कि जुलूस के लीडर एवं वोलंटियर्स का नाम जिला प्रशासन को उपलब्ध कराया जायें। उन्होने सभी को ईद, सरहुल, चैती छठ, रामनवमी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा पर्व शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं उम्मीद है कि आप सभी एक सभ्य नागरिक का परिचय देते हुए शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनायेंगे। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पाण्डेय ने कहा कि पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी नियमानुसार पारंपरिक रूप से त्योहार मनाएं। उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता पेयजल और स्वच्छता प्रमंडल चतरा को निर्देशित किया कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में रामनवमी का जुलूस जिस मार्ग से आयेगी उस मार्ग में खराब पड़े चापानल की मरम्मति कराते हुए पेयजल की समूचित व्यवस्था कराना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अरविन्द कुमार, जहूर आलम, सन्नी राज, इंद्र कुमार, दिनेश प्रसाद समेत अन्य उपस्थित थे।

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 1335 date 24.03.2025 I, **TARINI CHARAN MAHAKUDA**, son of Late Brindaban Mahakuda, aged about 56 Years, by faith Hindu, by Occupation- Service, resident of Village- Ashok Bihar Colony, Dhamdhamiya, P.O.-Hesalong, P.S.-Khalari (), Dist.-Ranchi, State of Jharkhand, Aadhar No.- 9695 7442 6874 do hereby solemnly affirm and declare as under:- 1. That I am serving in Central Coalfield Limited, Purnadih Project, Ranchi in the post of EP Fitter having PIS No.-14327431.
2. That Asha Lata Devi is my wife whose date of birth is 23.09.1972.
3. That inadvertently date of birth of my wife has been left to be entered in my Service Book.
4. That this affidavit is for the purpose to enter the date of birth of my wife as 23.09.1972 in my service book.
5. That statements made in paragraph 1 to 4 are true and correct to the best of my knowledge, information and belief.
6. That if the facts mentioned above in forgoing paras are found incorrect, then I shall be sole responsible and I shall be liable for any Punishment given to me by any Court of law.

**शपथ पत्र**

शपथ पत्र संख्या 34 दिनांक 22.03.2025, के अनुसार मैं, बलजीत कौर (BALJIT KAUR) पत्नी दर्शन सिंह, उम्र लगभग 40 वर्ष, धर्म से सिख, पेशा से नौकरी,राष्ट्रीयता भारतीय, निवासी -आईएनडीपी कंपनी एनसीसी (जे डी/जेड ब्ल्यू) सैनिक स्कूल तिलैया डैम, पी.ओ.-तिलैया डैम, ओ.पी. -तिलैया डैम, पी.एस- जयनगर, जिला -कोडरमा (झारखंड) एतद्द्वारा सत्यनिष्ठा से प्रतिज्ञान करती हूँ और घोषणा करती हूँ :-1. कि मैं उपर्युक्त पते की स्थायी निवासी हूँ। 2. कि बलजीत कौर (BALJIT KOUR) उर्फ बलजीत कौर (BALJIT KAUR) मेरा नाम है और मुझे मेरे इलाके में उपरोक्त दोनों नामों से जाना जाता है। 3. कि मेरा आधार कार्ड नं.- 6911 5895 8561 जिसमें मेरा नाम BALJIT KAUR लिखा है जो सत्य और सही है लेकिन मेरे आर्मी नं.-JC-433178K, RANK - SUB, Darshan Singh के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम BALJIT KOUR लिखा है जो स्पेलिंग की गलती है। 4. कि मैं शपथ पत्र देकर अपनी उपरोक्त सर्विस बुक में अपना नाम ठीक करवाती हूँ और इसे BALJIT KOUR के स्थान पर BALJIT KAUR करवाती हूँ जो मेरे आधार कार्ड में लिखा है। 5. कि उपरोक्त कथन सत्य और सही हैं।

## अंदर से हो पहल

दिल्ली हाइकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के घर से कथित तौर पर जले हुए नोटों की गड्डियां बरामद होने की खबरों के बाद जहां इस मामले की जांच शुरू हो गयी है, वहीं इससे जुड़ी बहस का दायरा भी फैलता जा रहा है। उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि अगर जजों की नियुक्ति से जुड़ा एनजेएसी एक्ट लागू होने दिया गया होता, तो आज ऐसी स्थिति नहीं होती। जाहिर है, इस घटना ने न्यायपालिका की स्वतंत्रता और उसके उत्तरदायित्व से जुड़ी पुरानी बहसों को नया रूप दे दिया है।

**भ्रष्टाचार बड़ा मसला :** न्यायपालिका के वरिष्ठ सदस्यों के आचरण को लेकर विवाद पहले भी होते रहे हैं, लेकिन आर्थिक भ्रष्टाचार से जुड़े मामले अक्सर बड़ा मुद्दा बन जाते हैं। मिसाल के तौर पर, कलकत्ता हाइकोर्ट के सिटिंग जज अभिजीत गंगोपाध्याय का पद से इस्तीफा देकर बीजेपी के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ना या इलाहाबाद हाइकोर्ट के जस्टिस शेखर यादव का एक खास समुदाय के खिलाफ कथित तौर पर आपत्तिजनक बयान देना उतना बड़ा मुद्दा नहीं बना। किसी बार एसोसिएशन ने उन मामलों में ऐसा मुखर विरोध नहीं किया जैसा जस्टिस वर्मा के खिलाफ इलाहाबाद हाइकोर्ट बार एसोसिएशन कर रहा है।

**जजों पर लगने वाले गंभीर आरोपों के संदर्भ में देखें तो अब तक के अनुभव से साफ हो गया है कि महाभियोग लाना व्यवहार में कोई कारगर विकल्प नहीं रह गया है। आरोप कितने भी गंभीर हों, इस प्रक्रिया का तार्किक परिणति तक पहुंचना काफी हद तक राजनीतिक दलों के रुख पर निर्भर करता है।**

**महाभियोग प्रक्रिया :** जजों पर लगने वाले गंभीर आरोपों के संदर्भ में देखें तो अब तक के अनुभव से साफ हो गया है कि महाभियोग लाना व्यवहार में कोई कारगर विकल्प नहीं रह गया है। आरोप कितने भी गंभीर हों, इस प्रक्रिया का तार्किक परिणति तक पहुंचना काफी हद तक राजनीतिक दलों के रुख पर निर्भर करता है।

**दायित्व बनाम स्वतंत्रता :** मौजूदा विवाद ने न्यायपालिका के उत्तरदायित्व की जरूरत को रेखांकित किया है तो उसी अनुपात में उसकी स्वतंत्रता पर मंडराते खतरे को लेकर आगाह भी। ध्यान रखना जरूरी है कि इस विवाद से बने माहौल का कोई प्रतिकूल असर न्यायपालिका की स्वतंत्रता और जजों को हासिल संवैधानिक संरक्षण पर न पड़े।

**बीच की राह :** ऐसे में बीच की राह यही हो सकती है कि न्यायपालिका को उत्तरदायी बनाने के प्रयास न्यायपालिका के भीतर से ही किये जायें। चाहे जजों की संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक करने की अनिवार्यता हो या हितों के टकराव के मामले समय रहते उजागर करना बाध्यकारी हो या जुडिशल ऑम्बड्समैन जैसे किसी पद का सृजन हो - ऐसे तमाम विकल्पों पर विचार करने की जरूरत है क्योंकि लोकतंत्र में स्वतंत्र, निष्पक्ष, विश्वसनीय और जिम्मेदार न्यायपालिका का कोई विकल्प नहीं होता।

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

**वर्तमान में, भारत में लगभग 432 मिलियन कामकाजी महिलाएं हैं, जिनमें से 343 मिलियन असंगठित क्षेत्र में कार्यरत हैं। मैकिन्से ग्लोबल इंस्टीट्यूट की एक रिपोर्ट ने अनुमान लगाया है कि महिलाओं को समान अवसर देकर, भारत 2025 तक अपने सकल घरेलू उत्पाद में 770 बिलियन अमेरिकी डॉलर जोड़ सकता है। भारतीय स्टार्टअप दृश्य एक महत्वपूर्ण बदलाव देख रहा है, क्योंकि महिला उद्यमी बाधाओं को तोड़ती हैं और अपनी पहचान स्थापित करती हैं।**

## वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 किस तरह चिंताओं और मुद्दों का समाधान करता है



**हर्ष रंजन**

वक्फ संपत्तियां समुदाय के कल्याण के लिए होती हैं और यह कल्याण शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा या धार्मिक उद्देश्यों से जुड़ा हो सकता है। हालांकि, जमीन हड़पने, फर्जी दावों और राजनीतिक रूप से जुड़े व्यक्तियों द्वारा दुरुपयोग के मामलों ने चिंताएं बढ़ा दी हैं। गरीबों की मदद करने के बजाय, इन संपत्तियों का इस्तेमाल अक्सर निजी लाभ के लिए किया जाता रहा है। यह नया विधेयक सुनिश्चित करता है कि वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा की जाये और उनका इस्तेमाल इच्छा के मुताबिक किया जाये।

वक्फ संशोधन विधेयक 2024, वक्फ संपत्तियों में कुप्रबंधन, भ्रष्टाचार और अतिक्रमण के लंबे समय से चले आ रहे मुद्दों का समाधान करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण विधायी कदम है। ये प्रस्तावित संशोधन पारदर्शिता बढ़ाने, कानूनी स्वामित्व सुनिश्चित करने और वक्फ बोर्डों के भीतर जवाबदेही व शासन के लिए एक मजबूत तंत्र स्थापित करने पर केंद्रित हैं। वक्फ संपत्ति प्रबंधन में मुख्य चिंता उचित पहचान और डिजिटलीकरण की कमी रही है। यह विधेयक धारा 54 और 55 के प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करता है, जो अतिक्रमण की रोकथाम से संबंधित हैं।

**वर्तमान में, भारत में लगभग 432 मिलियन कामकाजी महिलाएं हैं, जिनमें से 343 मिलियन असंगठित क्षेत्र में कार्यरत हैं।**

वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, यह विवादित संपत्तियों से संबंधित मुकदमों के शीघ्र निपटारे के साथ-साथ ऐसी सभी संपत्तियों की पहचान और डिजिटलीकरण को अनिवार्य बनाता है। इस तरह डिजिटल रिकॉर्ड रखने से अनधिकृत दावों और फर्जी लेनदेन पर अंकुश लगेगा। यह भी सुनिश्चित होगा कि वक्फ संपत्तियों का उपयोग उनके इच्छित धर्मार्थ और धार्मिक उद्देश्यों के लिए किया जा सके।



2013 में संशोधित वक्फ की मौजूदा परिभाषा, किसी भी व्यक्ति को वक्फ के रूप में संपत्ति दान करने की अनुमति देती थी, जिससे कई धोखाधड़ी वाले दावे होते थे। संशोधन विधेयक 2013 से पहले की स्थिति को बहाल करता है, जिसमें यह आवश्यक है कि केवल इस्लामी आस्था का व्यक्ति जो संपत्ति का कानूनी मालिक है, वह इसे वक्फ के रूप में घोषित कर सकता है, इसके साथ ही यह भी आवश्यक है कि वह कम से कम पांच साल से इस्लाम को मानता आया हो। यह उपाय संदिग्ध दान को रोकेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि केवल वास्तविक धार्मिक बंदोबस्ती को ही मान्यता दी जाए। यह प्रावधान उन मामलों को खत्म कर देगा जहां मूल मालिक के पास कानूनी स्वामित्व नहीं होने के बावजूद संपत्तियों को वक्फ के रूप में गलत तरीके से दावा किया गया था।

एक अन्य महत्वपूर्ण सुधार उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ प्रावधान को हटाना है, जो पहले संपत्तियों को दीर्घकालिक उपयोग के आधार पर वक्फ के रूप में नामित करने की अनुमति देता था। इस प्रावधान के कारण कई मामले सामने आए थे जहां सरकारी स्वामित्व वाली संपत्तियों सहित अन्य कई संपत्तियों को गलत तरीके से वक्फ के रूप में वर्गीकृत किया गया था। इस संशोधन के तहत, केवल औपचारिक वक्फ विलेख वाली संपत्तियों को ही वक्फ के रूप में मान्यता दी जाएगी, ताकि अनधिकृत दावों को रोका जा सके। हालांकि, उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ के तहत मौजूदा पंजीकृत वक्फ संपत्तियों को संरक्षित किया जाएगा, जब तक कि वे विवाद में न हों या सरकारी स्वामित्व वाली न हों, जिससे सामुदायिक हितों और सार्वजनिक संपत्ति अधिकारों के बीच संतुलन बना रहे।

वक्फ बोर्डों द्वारा संपत्तियों के गलत तरीके से अधिग्रहण को रोकने के लिए विधेयक में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि वक्फ के समान उद्देश्यों के लिए मुसलमानों द्वारा स्थापित लेकिन अन्य वैधानिक प्रावधानों के तहत विनियमित ट्रस्टों को वक्फ संपत्ति नहीं माना जायेगा। यह स्पष्टीकरण स्वतंत्र मुस्लिम धर्मार्थ ट्रस्टों के प्रशासन में वक्फ बोर्डों द्वारा अनुचित हस्तक्षेप को रोकेगा।

यह विधेयक वक्फ बोर्डों के भीतर प्रशासनिक अक्षमताओं को भी दूर करता है। रिकॉर्ड को डिजिटाइज करने और उन्हें वक्फ मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल पर अपलोड करने में विफलता एक प्रमुख मुद्दा रहा है। संशोधन में कहा गया है कि सभी वक्फ संपत्तियों को छह महीने के भीतर ऑनलाइन पंजीकृत किया जाना चाहिए ताकि अधिक पारदर्शिता और सुगमता सुनिश्चित हो सके।

एक और मुख्य चिंता, गलत तरीके से सरकारी संपत्तियों को वक्फ संपत्ति के रूप में घोषित करने की है, जैसा कि दिल्ली में 123 वक्फ संपत्तियों और सूरत नगर निगम से जुड़े विवादों के मामलों में देखा गया है। इसका मुकाबला करने के लिए धारा 3सी में प्रावधान है कि पहले या वर्तमान में वक्फ के रूप में घोषित की गई कोई भी सरकारी संपत्ति तब तक वक्फ की नहीं मानी जाएगी जब तक कि किसी नामित अधिकारी द्वारा सत्यापित न हो। राज्य सरकार द्वारा नियुक्त यह अधिकारी जांच करेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि सरकारी संपत्ति सुरक्षित है। विधेयक में लंबित वक्फ सर्वेक्षणों की जिम्मेदारी कलेक्टर के अधिकार क्षेत्र में स्थानांतरित करने का भी प्रस्ताव है, जो प्रक्रिया को पूरा करने के लिए राज्य के राजस्व कानूनों का पालन करेंगे। यह सुधार सुनिश्चित करेगा कि वक्फ संपत्ति सर्वेक्षण अधिक कुशलतापूर्वक और बिना किसी पक्षपात के किये जायें।

जवाबदेही की कमी, शक्ति का दुरुपयोग और बाहरी पक्षों के साथ मिलीभगत के लिए राज्य वक्फ बोर्डों की आलोचना की गई है। इन मुद्दों के निराकरण के लिए, विधेयक में राज्य वक्फ बोर्डों को मासिक बैठकें आयोजित करने, नियमित निगरानी और निर्णय लेने का आदेश दिया गया है।

इसके अतिरिक्त, वक्फ पंजीकरण के लिए कोई भी आवेदन सत्यापन के लिए कलेक्टर को भेजा जाएगा, जिससे प्रक्रिया में निष्पक्षता सुनिश्चित होगी और वक्फ बोर्डों द्वारा मनमाने निर्णय लेने से रोका जा सकेगा। इसके अलावा, विधेयक धारा 40 को हटाकर वक्फ बोर्डों की किसी भी संपत्ति को वक्फ घोषित करने की विशेष शक्ति को तर्कसंगत बनाता है, जो पहले पूरी तरह से जांच के बिना ऐसी घोषणाओं की अनुमति देता था। वक्फ प्रबंधन की अखंडता के लिए, नये प्रावधानों में कदाचार में शामिल मुतवल्लियों (वक्फ संपत्तियों के संरक्षक) के लिए सख्त अयोग्यता मानदंड पेश किये गये हैं।

हितधारकों के लिए बेहतर कानूनी सहारा प्रदान करने के लिए, विधेयक में धारा 83(9) के तहत एक अपीलीय तंत्र शामिल है, जो यह सुनिश्चित करता है कि न्यायाधिकरण के फैसलों को चुनौती दी जा सके जिससे विधिक उपाय मजबूत होंगे। इसके अलावा, वक्फ विवादों के लिए सीमा अधिनियम की प्रयोज्यता अनिश्चितकालीन मुकदमेबाजी को रोकेगी, जिससे विवादों का समय पर समाधान हो सकेगा।

अंत में इस विधेयक में धारा 108ए को हटाने का प्रस्ताव है, जो पहले अन्य कानूनों पर अधिभावी अधिकार प्रदान करती थी। यह वक्फ शासन के लिए और अधिक समान और कानूनी रूप से सुदृढ़ दृष्टिकोण सुनिश्चित करता है।

कुल मिलाकर, वक्फ संशोधन विधेयक, 2024 भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने, अनधिकृत दावों को रोकने और वक्फ संपत्तियों के कुशल प्रबंधन को सुनिश्चित करने के लिए बहुत जरूरी सुधारों को पेश करता है।

पारदर्शिता, कानूनी स्वामित्व सत्यापन और प्रशासनिक जवाबदेही पर जोर देकर, विधेयक मुस्लिम समुदाय और बाकी जनता दोनों के हितों की रक्षा करते हुए वक्फ बोर्डों की विश्वसनीयता बहाल करना चाहता है।

**(लेखक : वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**


## कोल्हान की खबरें

### विधायक ने विकास योजनाओं के आवंटन के लिए नगर विकास मंत्री को सौपा मांग पत्र



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र से दूसरी बार जनता द्वारा चुने गये विधायक मंगल कालिंदी ने विकास योजनाओं को लेकर गंभीर दिखने लगे है। गुरुवार को विधायक ने रांची में नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू से शिष्टाचार मुलाकात की। मुलाकात के दौरान विधायक मंगल कालिंदी ने जुगसलाई नगरपालिका क्षेत्र में आवश्यक विकास योजनाओं के लिए निधि आवंटन की मांग करते हुए उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से नगर परिषद क्षेत्र में जल निकासी व स्वच्छता से संबंधित आवश्यक कार्यों के लिए तत्काल फंड उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर जोर दिया। मौके पर विधायक श्री कालिंदी ने तेजाब नाला में सफीगंज मोहल्ला से परसुराम सिंह के घर के पास तक पुलिया व आरसीसी पक्का नाला का निर्माण, स्टेशन रोड छप्पन भोग मोड़ से ऋषि भवन एवं नया बाजार होते हुए तेजाब नाला तक आरसीसी पक्का नाला निर्माण, नया बाजार बोरा पट्टी पुलिया से डीबी रोड पुलिया होते हुए दिनेश अग्रवाल के घर तक आरसीसी पक्का नाला का निर्माण को अति आवश्यक बताया। जानकारी मिलने पर मंत्री ने मांगों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभाग द्वारा जल्द ही आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। विधायक मंगल कालिंदी ने उम्मीद जतायी विकास कार्यों से जुगसलाई के निवासियों को वारिस के दौरान जल जमाव और गंदगी की समस्या से राहत मिलेगी।

### डीसी ने अवैध खनन और परिवहन पर सख्त कार्रवाई के दिये निर्देश




**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्वी सिंहभूम जिले के डीसी अनन्य मित्तल ने जिला खनन टास्क फोर्स के साथ वर्चुअल बैठक की।गुरुवार को आयोजित बैठक में एसएसपी, वन प्रमंडल पदाधिकारी, एसडीएम धालभूम, ग्रामीण एसपी, सीओ सहित अन्य अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े। बैठक में डीसी अनन्य मित्तल ने जिले में अवैध खनन,परिवहन व भंडारण पर रोकथाम हेतु चेकपोस्ट बनाने, सूचना तंत्र मजबूत करने और संबंधित विभागों के समन्वय पर जोर दिया। उन्होंने कहा जनवरी 2025 से अब तक 38 प्राथमिकी दर्ज, 30 वाहन जब्त और 3 .34 लाख जुर्माना वसूला गया। जबकि वित्तीय वर्ष 2024-25 में 161 मामलों में 80 प्राथमिकी,183 वाहन जब्त व 46.03 लाख जुमार्ना वसूला गया। उन्होंने बैठक के दौरान डीटीओ को ओवरलोड और बिना नंबर प्लेट वाहनों पर कार्रवाई, अवैध बंग्ला ईंट भट्ठों व क्रशर लाइसेंस की जांच के लिए निर्देश दी। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने 13 ईंट भट्ठा संचालकों को नोटिस जारी किया। वन विभाग व पुलिस को सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध खनिज परिवहन पर रोक लगाने के निर्देश मिले।

### हेमंत सरकार में झारखंड के बुनियादी ढांचे का तीव्र गति से हो रहा विकास : संजीव सरदार

**सीएम हेमंत सोरेन से मिले पोटका विधायक, जर्जर सड़कों की परिस्थितियों से कराया अवगत**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पोटका।** पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका विधानसभा क्षेत्र में विकास को गति देने के उद्देश्य से विधायक संजीव सरदार ने सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात की। गुरुवार को मुलाकात के दौरान विधायक ने पोटका विधानसभा क्षेत्र की जर्जर सड़कों की चौड़ीकरण, मजबूतीकरण और फोर लेन को लेकर विस्तार से चर्चा की। मौके पर विधायक ने पोटका, डुमरिया और जमशेदपुर प्रखंडों के प्रमुख सड़कों की स्थिति से अवगत कराते हुए इनके समुचित विकास की मांग रखी। सीएम हेमंत सोरेन ने विधायक की मांगों को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन दिया। सीएम ने कहा ग्रामीण सड़कों के चौड़ीकरण और मजबूतीकरण को प्राथमिकता दी जायेगी।

**ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन होगा आसान, आर्थिक गतिविधियां भी तेजी से आगे बढ़ेगी**

पोटका विधायक के अनुशंसा पर पोटका के हल्दीपोखर कोवाली, गंगाडीह खैरपाल देवली, गोविंदपुर जादूगोड़ा सहित कई अन्य सड़कें, डुमरिया प्रखंड के खैरबनी-मुसाबनी, मारांगसोंघा - नरसिंह बहल मार्ग, जमशेदपुर प्रखंड के टाटानगर-करनडीह-सुंदरनगर, हाता-टाटा सड़क का चौड़ीकरण और फोर लाइन शामिल है। आश्वासन मिलने के बाद विधायक संजीव सरदार ने सीएम हेमंत सोरेन को झारखंड के विकास पुरुष बताते हुए आभार प्रकट की।

श्री सरदार ने कहा उनके नेतृत्व में झारखंड के बुनियादी ढांचे का तीव्र गति से विकास हो रहा है। पोटका विधान सभा मे इन सड़कों के निर्माण होने से ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन और आसान होगा। आर्थिक गतिविधियां भी तेजी से आगे बढ़ेगी।

### सम्मान समारोह में 90 आरोग्य दूत और 40 साथिया पीयर एजुकेटर सम्मानित

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**सरायकेला।** नगर भवन सरायकेला में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जिलास्तरीय आरोग्य दूत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग व सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के तकनीकी सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डीसी रविशंकर शुक्ला, विशिष्ट अतिथि सिविल सर्जन अजय कुमार और अन्य गणमान्य सम्मानित अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ डीसी रविशंकर शुक्ला के द्वारा द्वीप प्रज्जलित कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिले के 9 प्रखंडों से 90 उत्कृष्ट आरोग्य दूतों व एनएचएम के तहत 40 साथिया पीयर एजुकेटर्स को सम्मानित किया गया। मौके पर डीसी रविशंकर शुक्ला ने कहा राज्य के किशोर और किशोरियां देश के भविष्य निर्माता हैं। उनका स्वास्थ्य एवं पोषण समाज की समृद्धि के लिए आवश्यक है। डीसी ने पोषण, मानसिक स्वास्थ्य, बाल विवाह, नशा उन्मूलन व यौन स्वास्थ्य जैसे विषयों पर जागरूकता बढ़ाने की अपील की। डीसी श्री शुक्ला ने कहा मानसिक स्वास्थ्य व्यक्ति बेहतर निर्णय लेने में सक्षम होते है। इससे समाज का समुचित विकास भी संभव होता है। मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी ने साथिया कार्यक्रम से जुड़े विषयों पर प्रकाश डालते संबंधित डेटा प्रस्तुत की। वही शिक्षा विभाग एवं सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के सहयोग से झारखंड के कक्षा 6 से 12 तक के विद्यालयों में संचालित स्वास्थ्य कार्यक्रमों की भूमिका पर चर्चा की गयी। इस अवसर पर किशोर-किशोरियों के बीच क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वही विजेताओं को पुरस्कार भेट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डीपीएम निर्मल दास, डीपीसी श्रीमती अर्चना तिग्गा, एसटीटी-बीटीटी सदस्य शैलेश तिवारी,जोली महापात्र, सांगी डोंगो, लक्ष्मी बोदरा, श्रवण कुमार सहित अन्य ने अहम भूमिका निभायी।

### शांति समिति की बैठक में जनप्रतिनिधि रहे नदारद



**चांडिल (आजाद सिपाही)।** चांडिल अनुमंडल कार्यालय सभागार में एसडीओ विकास कुमार राय की अध्यक्षता में रामनवमी, ईद और सरहुल पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक बुलायी गयी। गुरुवार को बैठक में एसडीपीओ अरविंद कुमार बिन्हा, चांडिल, ईचागढ़, कुकड़ू, नीमडीह (चारों प्रखंडों) के बीडीओ, सीओ व कपाली नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी उपस्थित रहे। लेकिन बैठक में अधिकांश निर्वाचित जनप्रतिनिधि नदारद रहे। मौके पर एसडीओ ने सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी देते हुए धार्मिक जुलूस परंपरागत मार्गों से ही निकल ने की बात को स्पष्ट किया। साथ ही नए जुलूस की अनुमति नहीं देने की जानकारी दी। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को नशेड़ियों पर सख्त कार्रवाई व डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध के निर्देश दिये। बैठक में स्थानीय ग्रामीणों की शिकायत पर सड़क,नाली, बिजली और पानी की समस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। मनमन सिंह ने गोलचक्कर से कटिया होते गिद्दीबेड़ा सड़क की बदहाल स्थिति की जानकारी दी। वहीं रजिया सुल्ताना ने चांडिल क्षेत्र में जल जमाव व नाली की समस्या पर चिंता जतायी। बैठक में अधिकांश निर्वाचित जनप्रतिनिधि नदारद रहे। जिससे लोगों में रोष देखने को मिला। उन्होंने कहा शांति समिति की बैठकें अब केवल प्रशासनिक अधिकारियों तक सीमित रह गयी। बैठक में गुरुचरण किस्कू, ज्योतिलाल मांझी, सबिता मार्डी, रजिया सुल्ताना समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### राज्य में डायल 112 सेवा सर्वश्रेष्ठ : डीआइजी



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्वी सिंहभूम जिले में आगामी ईद, सरहुल, रामनवमी शांतिपूर्ण मनाने के लिए जिला प्रशासन ने लगातार लोगो से अपील कर रही है। एसएसपी किशोर कौशल ने सभी पुलिस पदाधिकारी को कड़ी सुरक्षा के बीच ड्यूटी में तैनात रहने के लिए निर्देश भी जारी कर दी। गुरुवार को कोल्हान डीआइजी मनोज रतन चौथे ने जमशेदपुर पुलिस मुख्यालय पहुंचे। डीआइजी ने सीसीआर में शहर के कानून-व्यवस्था की समीक्षा की। मौके पर कोल्हान डीआइजी मनोज रतन चौथे ने एसएसपी किशोर कौशल, सिटी एसपी कुमार शिवाशीष, ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग और सभी डीएसपी के साथ बैठक कर सुरक्षा की तैयारियों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। डीआइजी ने जमशेदपुर में डायल 112 सेवा के रिस्पांस टाइम को राज्य में सर्वश्रेष्ठ बताया। उन्होंने इसे और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिये। डीआइजी ने कहा जिले में त्योहारों के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह तैयार है। कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। जिन्हें समय पर लागू कर लिया जायेगा।

## मेराल के कुंभी गांव में रेलवे अंडरब्रिज का होगा निर्माण

गढ़वा (आजाद सिपाही)। सांसद पलामू विष्णु दयाल राम के प्रयास के फलस्वरुप गढ़वा जिला अंतर्गत मेराल रेलवे स्टेशन के पास कुंभी ग्राम में किलोमीटर 18/19-20 पर रेलवे अंडरब्रिज निर्माण कराया जाने की स्वीकृति रेलवे बोर्ड के द्वारा दी गयी हैं। उक्त संबंध में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सांसद के पत्रांक 86/DLI, 10/02/2025 के आलोक में 19 मार्च 2025 को पत्र के माध्यम से स्वीकृति की सूचना दी है। उल्लेखनीय है कि ग्राम कुंभी और आसपास के गांव के लोगों को आवागमन करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जनता की कठिनाइयों को देखते हुए सांसद उक्त मामले को लोकसभा में नियम 377, धनबाद डिविजनल बैठक, पत्राचार और रेल मंत्री से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उक्त स्थान पर अंडरब्रिज निर्माण कराने का अनुरोध किया था। उक्त अंडरब्रिज निर्माण के लिए बहुत जल्द निविदा प्रकाशित की जायेगी तथा निविदा के निस्तारण के तत्पश्चात कार्य प्रारंभ किया जायेगा।

### पूर्व मंत्री के आवास पर इफ्तार पार्टी का आयोजन

# आपसी भाइचारे और सौहार्द का संदेश देती है इफ्तार पार्टी : मिथिलेश ठाकुर

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मिथिलश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर बुधवार की संध्या इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। मौके पर मौजूद रोजेदारों ने नमाज अदा करने के बाद रोजा खोला।



इफ्तार पार्टी में मंत्री मिथिलेश ठाकुर के साथ डीसी शेखर जमुआर और एसपी दीपक पांडेय।

मौके पर पूर्व मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि इफ्तार पार्टी समाज की आपसी भाईचारा, एकता और सौहार्द का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि एकता और सौहार्द हमारे देष, राज्य व गढ़वा की खूबसूरती है। अपने यहां गंगा जमुनी तहजीब का मिशाल देखने को मिलता है। हम सभी धर्मों के लोग आपस में मिलजुल कर एक दूसरे का पर्व त्योहार मनाते हैं। यहां ईद, रामनवमी, होली, दशहरा सभी पर्व त्योहार सभी जाति, धर्म के लोग एक साथ मिलकर मनाते हैं। अभी माह-ए-रमजान चल रहा है। इस्लाम धर्म के लोग रोजा रखते हैं तथा शाम में इफ्तार करते हैं। पूर्व मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि सभी लोग इस भाईचारे को हमेशा कायम रखें और संविधान के साथ छेड़छाड़ नहीं होने दें। इफ्तार पार्टी खाने पीने की व्यवस्था नहीं, बल्कि आपसी एकता और भाईचारे का संदेश देता है। मौके पर मुख्य रूप से डीसी शेखर जमुआर, एसपी दीपक पांडेय, एसडीपीओ नीरज कुमार, प्रशिक्षु डीएसपी चिरंजीवी मंडल, नप के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार, सीओ सफी आलम, जिप अध्यक्ष शांति देवी, पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, तनवीर आलम, मनोज ठाकुर, फरीद खान, परेश तिवारी, चंदन जायसवाल, जवाहर पासवान, युवा समाजसेवी राकेश पाल, डॉ यासिन अंसारी, वनांचल डेंटल कॉलेज के डायरेक्टर दिनेश सिंह, अनिता दत्त त्सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# डॉ यासीन फाउंडेशन को रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए किया गया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता




गढ़वा। रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए डॉ यासीन फाउंडेशन, गढ़वा को स्वास्थ्य विभाग, झारखंड सरकार द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान फाउंडेशन द्वारा नियमित रक्तदान शिविरों के आयोजन, जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क रक्त उपलब्ध कराने और समाज में रक्तदान को लेकर जागरूकता फैलाने के लिए दिया गया।

डॉ यासीन फाउंडेशन लंबे समय से गढ़वा और आसपास के इलाकों में रक्तदान अभियान चला रहा है। अब तक सैकड़ों जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराकर उनकी जान बचाने में मदद की गयी है। आपातकालीन स्थिति में फाउंडेशन के सदस्य ब्लड बैंक और अस्पतालों के संपर्क में रहते हैं ताकि मरीजों को जल्द से जल्द रक्त उपलब्ध हो सके।

सम्मान प्राप्ति के अवसर पर डॉक्टर यासीन फाउंडेशन के सचिव डॉ अरशद अंसारी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि यह सम्मान पूरे फाउंडेशन की टीम और उन सभी रक्तदाताओं के समर्पण का परिणाम है, जिन्होंने जरूरतमंदों के लिए निःस्वार्थ भाव से रक्तदान किया। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन आगे भी रक्तदान को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता अभियान चलायेगा और अधिक से अधिक लोगों को इस पुनीत कार्य से जोड़ेगा।

डॉ अरशद अंसारी ने आम जनता से रक्तदान को लेकर जागरूक होने और अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि रक्तदान से न सिर्फ जरूरतमंदों की जान बचाई जा सकती है, बल्कि यह स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक होता है।

## स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने पर मनीष गुप्ता को किया गया सम्मानित




केतार (आजाद सिपाही)। जिला स्वास्थ्य समिति गढ़वा के द्वारा आयोजित जिला स्तरीय सहिया सम्मेलन सह CHO सीएचओ सम्मान समारोह कार्यक्रम में उपायुक्त शेखर जमुआर की उपस्थिति में स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने पर केतार प्रखंड के बलिगढ पंचायत निवासी वीएचएसएनसी के अध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता को गढ़वा सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार के द्वारा बेहतर कार्य करने हेतु उत्कृष्ट प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता ने सम्मानित पाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर के चिकित्सा प्रभारी दिनेश कुमार सिंह, प्रखंड प्रशिक्षण दल केतार अनुज कुमार और सहिया साथी माया देवी को आभार जताया। उन्होंने ने कहा कि आगे भी स्वास्थ्य के क्षेत्र में निस्वार्थ भाव से कार्य करेंगे और विभाग द्वारा दी गयी दायित्व को हर संभव निर्वहन करने का प्रयास करेंगे।

## उपायुक्त ने करायी अबुआ आवास के अयोग्य लाभुकों की जांच, 12 में से नौ पाये गये अयोग्य

गढ़वा (आजाद सिपाही)। उपायुक्त शेखर जमुआर के निर्देश के आलोक में नगर ऊंटारी प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत हलिवंताकला में जिला स्तरीय जांच दल का गठन कर अबुआ आवास के लाभुकों का सत्यापन कराया गया। सत्यापन के दौरान अबुआ आवास योजनांतर्गत स्वीकृत परिवारों के 12 घरों का यादृच्छिक भौतिक जांच/सत्यापन कराया गया। जांच के क्रम में अबुआ आवास के कुल 09 लाभुक पात्रता के विरुद्ध पाये गयें। जांचोपरांत प्राप्त प्रतिवेदनानुसार पाया गया कि सबिता देवी, (मुखिया) ग्राम पंचायत हलिवंताकला, मनीष कुमार, (तत्कालीन प्रखंड समन्वयक) नगर ऊंटारी, नंद कुमार मेहता (पंचायत सचिव) ग्राम पंचायत हलिवंताकला के द्वारा सूक्ष्मता से जांच किये बगैर ही अयोग्य लाभुकों को योग्य बता कर आवास का लाभ दिलाते हुए राशि विमुक्त कराया गया है। इस प्रकार उपरोक्त पदाधिकारी/कर्मी और मुखिया को अबुआ आवास के अयोग्य लाभुकों को योग्य बताकर राशि विमुक्त कर दिये जाने का दोषी पाया गया। उपायुक्त श्री जमुआर द्वारा बताया गया कि अयोग्य लाभुकों के चयन, सत्यापन, जियो टैग और भुगतान करने वाले सभी संबंधित पदाधिकारी/कर्मी एवं मुखिया से स्पष्टीकरण पृच्छा किया गया है। साथ ही दोषियों के विरुद्ध आगे आवश्यक कार्रवाई और राशि वसूली का भी कार्य किया जायेगा।

## महुआ चुनने गयी महिला को हाथियों के झुंड ने कुचलकर मार डाला

रमकंडा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के बिराजपुर गांव में हाथियों के झुंड ने एक महिला को कुचल कर मार डाला। मृत महिला की पहचान बिराजपुर गांव निवासी रामजीत सिंह 60 वर्षीय देवमानी देवी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार मृत महिला अपने पोते पोती के साथ सुबह करीब साढ़े 6 बजे घर के बगल में जंगल स्थित महुआ चुनने आयी थी। इधर जानकारी के बाद रेजर अजय टोप्पो और वनकर्मियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर इसकी जानकारी ली और मृतक के परिजनों को तत्काल आर्थिक सहयोग के रूप में 50 हजार राशि उपलब्ध करायी। साथ ही कागजी प्रक्रिया पुरा होते ही पूरा मुआवजा उपलब्ध कराये जाने की बात कही।

# जीएन कॉन्वेंट स्कूल में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बच्चों को किया गया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



गढ़वा। स्थानीय जीएन कॉन्वेंट (10+2) स्कूल के सभागार में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सभी बच्चों को अभिभावकों की उपस्थिति में समारोह आयोजित कर दिया गया सम्मान। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद एमपी केशरी, प्राचार्य सीबी सिन्हा, उपप्राचार्य बसंत ठाकुर और गणमान्य अभिभावकों के द्वारा सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं और अभिभावकों को संबोधित करते हुए विद्यालय के निदेशक ने कहा कि कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती। जीवन में निरंतर बढ़ने के लिए प्रयास और कार्य को प्राथमिकता देना होगा, तभी सफलता को पाया जा सकता है। आज का यह सम्मान आपके प्रयास और मेहनत के लिए है। यह सम्मान आज के नये परिवेश में नयी शिक्षा प्रणाली का अभिन्न हिस्सा है। अपने कार्य और वर्ग में उत्कृष्टता के लिए बच्चों को शील्ड, प्रशस्ति पत्र, गिफ्ट और रीडिंग मैटेरियल के साथ निदेशक, प्राचार्य, उपप्राचार्य एवं उपस्थित अभिभावकों के द्वारा उन्हें प्रदान कर सम्मानित किया गया।

जिसमें बेस्ट मॉनिटर के लिए नवम वर्ग की संध्या कुमारी, अष्टम का प्रतीक तिवारी, बेस्ट डिसिप्लिन के लिए नवम का हिमांशु और षष्ठम वर्ग का सादात राज, बेस्ट यूनिफॉर्म के लिए षष्ठम का उत्कर्ष और पंचम वर्ग का मिष्टी केशरी, बेस्ट कैप्टन हाउस में नवम की समृद्धि भाग्यश्री और दिव्यांशु कश्यप, बेस्ट असेंबली गाइडलाइन के लिए नवम वर्ग का कृष्ण केशरी, जबकि बेस्ट अटेंडेंस के लिए तृतीय क्लास का श्रद्धा कुमारी और षष्ठम वर्ग की आराध्या कुमारी, वहीं बेस्ट डांसर के लिए अष्टम की शिवांगी पाल और तृतीय क्लास की देवराज को प्रदान किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक वीरेंद्र शाह, खुर्शीद आलम, मुकेश भारती, कृष्णा कुमार, विकास कुमार, नीरा शर्मा, सरिता दुबे, नीलम कुमारी, सुनीता कुमारी, शिवानी गुप्ता, ज्योति तिवारी, रागिनी कुमारी, ऋषभ श्रीवास्तव, पूजा प्रकाश आदि की भूमिका सराहनीय रही।

## नौ दिनों तक चले श्री विष्णु महायज्ञ का समापन



सगमा (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित रमणीक तेजवा पहाड़ी के पास प्रयागराज के गदा माधव चक्र माधव मंदिर के मंहत स्वामी अवधेस दास जी महाराज के नेतृत्व में नौ दिनों तक चले श्री विष्णु रुद्र महायज्ञ का समापन विशाल भंडारे के साथ संपन्न हो गया। भंडारे की शुरूआत महायज्ञ के अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र प्रसाद यादव के द्वारा महा प्रसाद वितरण से किया गया। इस मौके पर यज्ञ कर्ता स्वामी अवधेस दास जी ने कहा कि क्षेत्र के लोगों द्वारा इस यज्ञ में भारूपुर सहयोग प्राप्त हुआ, जो बधाई के पत्र हैं। सभी के चरणों में कोटि कोटि अभिनंदन करता हूं। मौके पर मुख्यरूप से यज्ञ के उपाध्यक्ष अमरेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष सत्येंद्र साह, सचिव राजुरंजन, मनोज दूबे, नंद कुमार मेहता, यज्ञ संयोजक अलोक कुमार यादव, सुधीर, देवचंद, अरविंद समेत अन्य उपस्थित थे।

**E-Procurement Cell**
**Executive Engineer,**
**Building Construction Department,**
**Building Division, Lohardaga.**
**E- Mail :- eebcdlohardaga-jhr@nic.in**

**E-Procurement Notice**

**E-Tender Ref. No. 02/2024-25/EE/BCD/LOHARDAGA**

**Date :- 27/03/2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Proposed Construction of Bar Council Building Lohardaga, Jharkhand. |
| 2 | Estimated Cost | Rs. 4,71,90,700=00 ( Four Crore Seventy One Lakh Ninety Thousand Seven Hundred Rupees) only. |
| 3 | Time of Completion | 12 (Twelve) Months. |
| 4 | Date of Publication of Tender on Website | 08/04/2025, 11:00 A.M. |
| 5 | Last Date/Time of Submission of Bids | 21/04/2025, 11:00 A.M. |
| 6 | Last Date/Time of Submission of Bid Security Money and Tender Fee. | 21/04/2025, 11:00 A.M. |
| 7 | Date Time of Opening of Bid | 22/04/2025, 11:00 A.M. |
| 8 | Name & Address of Office Inviting Tender | EE, BCD, Building Division, Lohardaga, |
| 9 | Contact Number of Procurement Officer | 9199198828 |
| 10 | Helpline Number of E-Procurement Cell | 06526-222750 |

- Any change can be seen on http://jharkhandtenders.gov.in
- Any other information can be seen on http://jharkhandtenders.gov.in

PR 349420
Lohardaga(24-25).D

**Executive Engineer,**
**Building Construction Department**
**Building Division, Lohardaga.**

# विभिन्न समस्याओं को लेकर ग्रामीणों के साथ अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे चंदन ठाकुर

आजाद सिपाही संवाददाता



भवनाथपुर। भवनाथपुर प्रखंड में व्याप्त ज्वलंत समस्याओं और इसका निराकरण की मांग को लेकर भवनाथपुर पंसस सह अध्यक्ष चंदन कुमार ठाकुर ने ग्रामीणों के साथ गुरुवार से प्रखंड मुख्यालय परिसर में अनिश्चितकालीन धरना पर बैठ गये। उनकी मांगों में प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में अबुआ आवास, पीएम आवास मे अनियमितता, मंईयां सम्मान के राशि भुगतान कराने, मंईयां सम्मान के लाभुकों के सुविधा के लिए पूछ ताछ काउंटर बनवाने, मंईयां सम्मान के सभी लाभुकों को सम्मान राशि जल्द दिलाने, मनरेगा का पुराना योजनाओं का लंबित बकाया भुगतान कराने, मनरेगा में अनियमितता रोकने, लंबित आंगनवाड़ी केंद्र का निर्माण जल्द कराने, राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन धारिओं को बकाया भुकतान कराने, खराब चापाकल मरम्मती, सीएचसी में एंटी भेनम इंजेक्शन उपलध कराने सहित अन्य मांग शामिल है। मौके पर पंसस चंदन कुमार ठाकुर ने बताया प्रखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार को देखते हुए आंदोलन अति आवशयक है, क्योंकि मातायें बहने मंईयां सम्मान पाने के लिए महीनों से प्रखंड कार्यालय का चक्कर काट कर थक चुकी हैं। राष्ट्रीय पेंशनधारी पेंशन के लिए परेशान है। मनरेगा सहित अन्य योजना स्वीकृति के लिए लोगों को दौड़ाया जा रहा है। विभन्न योजनाओं में भ्रष्टाचार बड़े पैमाने पर हावी है। सभा को समाजसेवी वरुण बिहारी यादव, सुरेश गुप्ता, मुखिया प्रतिनिधि अनिल चौबे, धनंजय गुप्ता, उप मुखिया प्रतिनिधि दयानंद प्रजापति ने भी संबोधित किया। इस मौके पर रीता कुंवर उषा देवी, शव्या खातून, सकीना खातून, कमला कुंवर, कर्मदेव राम, बिंदेश्वरी बैठा, किसुनदेव राउत सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## श्रद्धांजलि सभा का आयोजन आज : रघुराई

मेराल (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत संगवरिया के नीलांबर पीतांबर चौक (देवी धाम के पास) शुक्रवार की सुबह 9 बजे से रात्रि 8 बजे तक स्वतंत्रता आंदोलन के प्रणेता अमर शहीद नीलांबर-पीतांबर के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है। इसकी जानकारी देते हुए अनुसूचित जाति जनजाति कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष रघुराई राम ने बताया कि श्रद्धांजलि सभा के माध्यम से दोनों की जीवन और संघर्षों पर आधारित विचार गोष्टी तथा आदिवासी लोकगीत के साथ नृत्य की प्रस्तुत किया जायेगा।

**कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-**
**मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, चतरा**

धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान
**"(Dharti Aaba janjatiya Gram Utkarsh Abhiyan – DAJGUA)"**

मत्स्य निदेशालय के पत्रांक 148 दिनांक 29.01.2025 के आलोक में चतरा जिला के जनजातीय समुदाय के संदस्यों / मत्स्य कृषकों को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार द्वारा केन्द्र प्रायोजित योजना-प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अधीन जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान **"(Dharti Aaba janjatiya Gram Utkarsh Abhiyan – DAJGUA)"**–नई योजना वित्तीय वर्ष 2024-25 से 2028-29 के लिए प्रारंभ की गयी है। इसमें केन्द्र प्रायोजित – प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना सहित भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं के समन्वित दृष्टिकोण और अभिशरण के माध्यम से बुनियाँदी ढ़ाचे, स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा और आजीविका में महत्त्वपूर्ण अंतराल को दूर करके जनजातीय क्षेत्रों और समुदायों के व्यापक विकास की परिकल्पना की गयी है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य जनजाति बहुल गाँवों और आकांक्षी प्रखण्डों (Aspirational Blocks) में जनजाति परिवारों का अधिकाधिक कवरेज करते हुए उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार करना है।

धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान **"(Dharti Aaba janjatiya Gram Utkarsh Abhiyan – DAJGUA)"** अंतर्गत प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के ही कुछ कम्पोनेंट्स (Components) का इकाई लागत प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के समान ही है। इस योजना के तहत जनजातीय लाभुक जनित योजना जिसमें Community Forest Resourse (CFR) Holders of Tribal भी सम्मिलित किये गये है, में सरकार का अनुदान कुल इकाई लागत का 90 प्रतिशत (केन्द्रांश 60% राज्यांश 40%) तथा शेष 10 प्रतिशत लाभुक का अंशदान है। उपरोक्त योजना में लाभुक के चयन का प्रकिया प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के समान ही जिला स्तर पर DLC एवं राज्य स्तर पर SLAMC के माध्यम से किया जाना है। राज्य की अधिकाधिक जनजाति आबादी को DAJGUA के तहत् मात्स्यिकी से जोड़ने एवं रोजगार सृजन के उद्देश्य से चतरा जिला के 05 प्रखडों के कुल 18 गाँवों को इस योजना हेतु चिन्हित किया गया है। आवेदन इन्ही गाँवों के जनजातीय लोगों से स्वीकार किया जाएगा। किसी भी कार्य दिवस पर आवेदन पत्र कार्यालय में आकर निःशुल्क प्राप्त कर सकते है। आवेदन जमा करने का अंतिम तिथि 12.04.2025 तक निर्धारित है। आवेदन के साथ दस्तावेजों की सूची (आवश्यकता अनुसार) अंचल अधिकारी द्वारा निर्गत / सत्यापित भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र, आवेदन के साथ जमीन का GPS फोटो, वंशावली, जाति प्रमाण पत्र, आवासीय / स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र, मत्स्य विभाग से प्रशिक्षण प्राप्त करने का प्रमाण पत्र इत्यादि।

लाभुक जनित योजनाएँ निम्नांकित है :-

| क0. सं0 | योजना का नाम | इकाई | इकाई लागत (लाख रू0 में) | राशि भूगतान की विवरणी (लाख रू0 में) | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 90% सरकारी अनुदान | 10% लाभुक अंशदान |
| 1 | बायोफ्लॉक तालाबों का निर्माण (4 लाख रू0 प्रति यूनिट इनपूट सहित प्रति हे0 में) | हे0 में | 14.00 | 12.60 | 1.40 |
| 2 | 04 मी0 व्यास एवं 1.5 मी0 ऊँचाई के 07 बायोफ्लॉक टैंक की स्थापना | सं0 में | 7.50 | 6.75 | 0.75 |
| 3 | आईस बॉक्स के साथ मोटरसाईकिल (मत्स्य विपणन) | सं0 में | 0.75 | 0.675 | 0.075 |

चतरा जिला के चिन्हित गाँवों की सूचि निम्नलिखित है, जहाँ से अनुसूचित जनजाति के मत्स्य कृषकों से आवेदन आमंत्रित है :-

| क्र0सं0 | प्रखण्ड का नाम | पंचायत का नाम | ग्राम का नाम | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कान्हाचट्टी | बेंगोकला | केन्दुआसाहोर | |
| 2 | मयुरहण्ड | करमा | करमा | |
| 3 | पत्थलगड्डा | मेराल | जोरी | |
| 4 | पत्थलगड्डा | मेराल | मेराल | |
| 5 | सिमरिया | बगरा | हफुआ | |
| 6 | सिमरिया | जाँगी | कोरी | |
| 7 | सिमरिया | पीरी | सोंस | |
| 8 | सिमरिया | चोपे | बड़गाँव | |
| 9 | टण्डवा | पोकला अलियास कासिडीह | उड़सु | |
| 10 | टण्डवा | नावाडीह अलियास तेलियाडीह | सिदपा | |
| 11 | टण्डवा | बड़गाँव | उलातु अलियाससेमरत्नार | |
| 12 | टण्डवा | डहु | बानपुर | |
| 13 | टण्डवा | बहेरा | कान्धार | |
| 14 | टण्डवा | बहेरा | कारो | |
| 15 | टण्डवा | कल्याणपुर | मांडर | |
| 16 | टण्डवा | कल्याणपुर | कल्याणपुर | |
| 17 | टण्डवा | राहम | लारंगा | |
| 18 | टण्डवा | बेंती | कुटकी | |

जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-
मुख्य कार्यापालक पदाधिकारी, चतरा

PR 349334 (Fish)24-25*D

### ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल का चौथा वार्षिक महोत्सव मनाया गया

# छात्रों के भविष्य निर्माण में शिक्षक अपने दायित्वों का निर्वहन करें : उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता



गढ़वा। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में चौथे वार्षिक सामारोह का भव्य आयोजन किया गया। विद्यालय परिवार ने कार्यक्रम में आये मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर और विशिष्ट अतिथियों उपायुक्त शेखर जमुआर, एसपी दीपक कुमार पांडेय, एसडीएम संजय कुमार सीआरपीएफ कमांडेंट, नृपेंद्र कुमार सिंह, सीएस अशोक कुमार एसडीएम रंका रुद्र प्रताप और सीओ रंका शिव पूजन तिवारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अनेक मनमोहक नृत्य, गायन, नाट्य और रैंप वाक प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम के दौरान छोटे - छोटे बच्चों द्वारा रैंप वाक, देशभक्ति गीत तथा धार्मिक थीम पर नृत्यों के आयोजन से सारा वातारण वातावरण खुशियों से परिपूर्ण हो गया। मंच का संचालन अमित सोनी और शालिनी श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। विद्यालय के नृत्य शिक्षिका संचयिता सहाना, बच्चों ने अपनी आकर्षक नृत्य का प्रदर्शन कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि यंहा आकर मुझे अपना बचपन याद आ रहा। वास्तव में घर के संस्कार से ही बच्चे अच्छा संस्कार सीखते है। उन्होंने अभिभावकों से कहा कि आप सभी बच्चों को एक मजबूत प्रणाली के तहत शिक्षा देने की कोशिश करें। आपके प्रयास से ही बच्चे जीवन में आगे बढ़ते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षक भी बहुत मेहनती होते है और सम्मान के योग्य होते हैं। शिक्षा का सिलसिला गढ़वा में बहुत तेजी से बढ़ रहा है।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक भाष्कर बाला चंदरूडू ने कहा कि विद्यालय के क्रियाकलापों तथा शैक्षणिक शाखाओं को स्लाइड एनीमेशन के माध्यम से प्रदर्शित किया। सभी को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि प्रबंधन शिक्षा की गुणवत्ता में कोई भी कमी नहीं रखना चाहता। साथ ही उन्होंने कहा कि में बच्चों के शिक्षा प्रणाली को और विकसित करूंगा और उनके उज्जवल भविष्य के लिए कार्य करूंगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष यह विद्यालय बहुत ही भव्य तरीके से वार्षिक सामारोह का आयोजन करता आया है। गढ़वा जैसे छोटे शहर में यह विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध रहा है। समय - समय पर कई कार्यक्रम प्रस्तुत कर यहां के अभिभावकों को सम्मान देता रहा है।

अभिभावकों का विद्यालय के प्रति प्रेम, स्नेह और सौहार्द विद्यालय को एक नई पहचान देता आया है। विद्यालय यहां पढ रहे बच्चों को हमेशा ऊँची गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रयासरत है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन द्वारा यहां आयोजित परीक्षा प्रतियोगिता जैसे एसओएफ ओलंपियाड में गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले प्रतियोगियों तथा विद्यालय सत्र के वार्षिक परीक्षा में अव्वल पाने वाले विद्यार्थियों को भी मोमेंटो देकर और चेक देकर सम्मानित किया गया। साथ ही विद्यालय प्रबंधन की ओर से विद्यालय के कर्मचारीगणों को भी प्रोत्साहित किया गया।

अंत में विद्यालय की शिक्षिका श्रुति शर्मा के द्वारा आभार व्यक्त करने के उपरांत राष्ट्रगान भी प्रस्तुत कर कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपरोक्त के अतिरिक्त विद्यालय के निदेशक अनूप सोनी, सचिव आलोक सोनी, प्रबंधन समिति सदस्य आकाश कुमार, धीरज राज, सोनू कुमार व मीडिया प्रभारी नुर अजीजी, प्रधानाचार्य भाष्कर बाला चंदरूडू, प्रेस मीडिया संवादाता, शिक्षकगण सुमीत कुमार, अमीत कुमार, सुधांशु मिश्रा, नेहा प्रीति, मल्लिक इनाम, दिरेंद्र कुमार, जॉर्डन तमांग, मंगल पांडेय, राहुल गीरि, निवेदिता बाला, अंकिता कुमारी सिंह, शिल्पी कुमारी, रूत भेंगरा, संचयिता सहाना, श्रीपर्णा घोष, उपासना क्षेत्रीय, अशिष्टा टोप्पो, विजेता लकड़ा, मनीषा शर्मा, श्रुति शर्मा, अनीमा एक्का, सीमा एक्का, तन्नू कुमारी, सुप्रिया, नम्रता, रंजू कुमारी, पंकज वर्मा सहित विद्यालय के अन्य कर्मचारीगण भी मौजूद थे।

# अनिल टाइगर की हत्या के खिलाफ लोहरदगा में प्रदर्शन, पुतला जलाया

**जिला के राजनीतिक और धार्मिक संगठनों ने काला बिल्ला लगाकर विरोध प्रदर्शन किया**



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** भाजपा नेता अनिल टाइगर की हत्या के विरोध में भाजपा और धार्मिक संगठनों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने झारखंड सरकार के पुतले का दहन किया और राज्य में बढ़ते अपराध को लेकर चिंता व्यक्त की। भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उरांव, भारतीय युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अजातशत्रु, लोहरदगा चैंबर सह विश्व हिंदू परिषद जिलाध्यक्ष रितेश कुमार, केंद्रीय महावीर मंडल अध्यक्ष विपुल तामेडा, श्रीराम समिति अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के महासचिव मिथुन तामेड़ा आदि ने कहा कि झारखंड में अपराध की घटनाएं बढ़ रही हैं और राज्य सरकार इसे रोकने में विफल है। उन्होंने मांग की कि राज्य सरकार को तत्काल बर्खास्त किया जाये और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाये। भाजपा नेता ओमप्रकाश सिंह, अजय पंकज आदि ने कहा कि पुलिस प्रशासन के बड़े पदाधिकारी लॉ एंड आर्डर को सख्ती से लागू करने का आदेश मुख्यालय से जारी तो कर देती है, पर हमेशा की तरह यह खोखली आश्वासन ही साबित होती है। अपराधियों द्वारा सरेआम घटना को अंजाम देकर झारखंड के लॉ एंड ऑर्डर का मखौल उड़ाना अब तो आम बात हो गयी है। मौके पर मनोज गुप्ता मन्ना, प्रवीण ठाकुर, लक्ष्मी नारायण भगत, दीपक सर्राफ भाजपा विधानसभा मांडर प्रभारी रिपुसूदन साहू, श्रीचंद प्रजापति, अशोक खत्री, अमरेश भारती, पशुपतिनाथ पारस, विश्वजीत शाहदेव, सोहन साहू, आदित्य कुमार, जीवनराज मेहता, नवीन साहू, ओम महतो, प्रदीप साहू, अभय महतो, गौरव कुमार राजकिशोर महतो, राजेश महतो, मनीष शिखर, राजकुमार वर्मा, अनिल उरांव समेत भाजपा के कई नेता और धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

## लोहरदगा निबंधन कार्यालय कर्मी पांच हजार घूस लेते गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, रांची की टीम ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए लोहरदगा जिला निबंधन कार्यालय में तैनात कंप्यूटर ऑपरेटर दिलीप कुमार को पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। इस संदर्भ में बताया गया कि, बगड़ू थाना क्षेत्र के हिसरी गांव निवासी मो. आलीमउद्दीन पिता स्व मोहिउद्दीन, नामक व्यक्ति ने अपनी रैयती भूमि का पट्टा निकालने के लिए निबंधन कार्यालय में चक्कर काट रहा था। निबंधन कार्यालय का कंप्यूटर ऑपरेटर दिलीप कुमार ने इस काम के एवज में 5000 रुपये का रिश्वत मांगा। घूस देने से आलीमउद्दीन ने साफ इनकार कर दिया। काम नहीं होने की आलीमउद्दीन ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में मामले का शिकायत दर्ज कराया। आवेदन पर सत्यापन के बाद एसीबी ने आरोपी कंप्यूटर ऑपरेटर को रंगे हाथ गिरफ्तार करने के लिए जाल बिछाया। मामला के प्राथमिकी अभियुक्त दिलीप कुमार को एसीबी टीम रांची ले गये। घूस के पांच हजार रुपए लेते हुए रंगे हाथ जिला निबंधन कार्यालय से गिरफ्तार किया गया। उल्लेखनीय है कि चंद माह पूर्व शहर के एक निजी अस्पताल में छापामारी कर जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी विभाकर को 50 हजार घूस लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया था।

## पूर्व सांसद धीरज साहू से मिले क्रिकेटर हरभजन सिंह



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** क्रिकेटर हरभजन सिंह ने पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू से उनके दिल्ली स्थित आवास पर मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान, हरभजन सिंह ने लोहरदगा के साहू परिवार का आभार जताया और बताया कि वे लोहरदगा आकर काफी प्रभावित हुए। उन्होंने कहा कि साहू परिवार ने उनका और सुरेश रैना का खूब स्वागत किया और लोहरदगा की जनता ने उन्हें बहुत प्यार दिया। इस मुलाकात के दौरान, धीरज प्रसाद साहू ने बताया कि जल्द ही कई अंतरराष्ट्रीय स्तर के बड़े क्रिकेटर और रिटायर क्रिकेटर लोहरदगा आएंगे और खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देंगे। उन्होंने कहा कि लोहरदगा में क्रिकेट का बड़ा हब बनेगा और यह लोहरदगा के सभी क्रिकेट खिलाड़ियों और क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक खुशखबरी है। जल्द ही लोहरदगा में क्रिकेट का एक बड़ा और भव्य आयोजन होगा, जिसकी तैयारी जोर-शोर से की जायेगी।

## हिंदू नववर्ष की तैयारी को लेकर जय श्रीराम समिति ने चलाया जागरूकता अभियान



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** 30 मार्च 2025 रविवार को होने वाले नववर्ष विक्रम संवत की तैयारियों को लेकर जय श्रीराम समिति ने सदर प्रखंड, कुडू प्रखंड, सेन्हा प्रखंड एवं घाघरा में जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान में सैकड़ो लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करते हुए शोभा यात्रा को भव्य बनाने के लिए ललित नारायण स्टेडियम में भारी से भारी संख्या में पहुंचने का भरोसा दिया। ओम महतो ने कहा कि धर्म, समाज और संस्कृति की रक्षा खुद के हाथों में होती है। धर्म और संस्कृति से भटक कर लोग पश्चिमी सभ्यता को पकड़ चुके थे। परंतु अब लोगों में जागरूकता उत्पन्न हो रही है और समिति का लक्ष्य ही लोगों को जागरूक करने का रहा है। जिला उपाध्यक्ष विनोद प्रसाद ने कहा नववर्ष के दिन पूजा पाठ से दिन की शुरूआत की जाती है, अच्छे पकवान हर घर में बनाये जाते हैं, संध्या बेला में घरों के बाहर दीप जलाकर हम अपनी खुशी जाहिर करते हैं। बड़े हो या बच्चे या फिर महिलाएं सभी में नववर्ष के प्रति उमंग होता है, जिसकी तैयारी सप्ताह भर पूर्व से की जाती है। प्रखंड अध्यक्ष दीपक पासवान ने कहा नववर्ष के प्रति ऐसा उत्साह और उमंग पहले कभी देखने को नहीं मिलता था समय के साथ लोग जागरुक हो रहे हैं। मौके पर जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल महामंत्री प्रदीप साहू,मिनकु पासवान, रोहित साहू,पवन साहू, मंगल महतो, इंद्रजीत कुमार, घूर्णन यादव, उमेश उरांव, जीतवाहन भगत, विकास भगत, सुदर्शन जी समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई : डीसी



आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार आगामी ईद, सरहुल एवं रामनवमी पर्व के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था व विधि व्यवस्था संधारण हेतु उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि आगामी त्योहारों को देखते हुए विधि व्यवस्था को सुदृढ़ बनाएं रखने की आवश्यकता है। साथ ही हमें विशेष एहतियात एवं निगरानी बरतने की आवश्यकता है, ताकि शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में आगामी त्योहारों को संपन्न कराया जा सके। आगे उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में एक साथ कई त्योहार हैं। ईद, सरहुल और रामनवमी का त्योहार है। सभी त्योहार में शांति बनाये रखने में सहयोग करें।

उपायुक्त ने सभी प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों को रामनवमी पर विधि व्यवस्था संधारण हेतु पूरी चौकसी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी, अंचल अधिकारी तथा थाना प्रभारियों को रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक तथा फ्लैग मार्च करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने संवेदनशील स्थानों पर दंडाधिकारी तथा पर्याप्त पुलिस बल प्रतिनियुक्त करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान यदि किसी शरारती तत्व द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाह फैलाने की कोशिश की गयी, तो उसके विरुद्ध कड़ी कारवाई की जायेगी।

बैठक में पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने कहा कि आगामी पर्व में किसी तरह की विधि व्यवस्था की समस्या नहीं हो इसके लिए पूर्व से तैयारी करने की आवश्यकता है।जिला, अनुमंडल, प्रखण्ड स्तर के अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में एक्टिव रहने का निदेश दिया, ताकि सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाया जा सकें। उन्होंने अंचल अधिकारी तथा पुलिस पदाधिकारी को रामनवमी के अवसर पर विधि व्यवस्था संधारण हेतु पूर्व में ही जुलुस के रूट मुआयना करने का निर्देश दिया।

## सर्वर काम नहीं करने से इ-केवाइसी और राशन के लिए लाभुक परेशान

**बालूमाथ (आजाद सिपाही)।** 31 मार्च तक इ केवाइसी नहीं कराने पर राशन कार्ड से नाम डिलीट होने की चेतावनी के बाद बालूमाथ प्रखण्ड में इ-केवाइसी कराने पीडीएस दुकानों में लाभुकों की भीड़ उमड़ रही है। पीडीएस दुकानों में अनाज का वितरण भी हो रहा है। दुकानों में राशन लेने और इ-केवाइसी कराने के लिए लोगों की कतार लग रही है, पर सर्वर काम नहीं कर रहा है। नतीजतन पीडीएस दुकानों में घंटों बैठकर लाभुक बगैर इ-केवाइसी बैरंग लौट जा रहे हैं। लोग काम छोड़कर इ-केवाइसी कराने पहुंच रहे हैं, पर सर्वर की समस्या के कारण उन्हें बगैर केवाइसी के ही वापस लौटना पर रहा है। बता दें कि राशन कार्ड में शामिल हर सदस्यों को इ-केवाइसी कराना अनिवार्य किया गया है। 21 मार्च से 27 मार्च तक पूरे राज्य में इ-केवाइसी सप्ताह का आयोजन किया गया है। बताया जा रहा है कि 31 मार्च तक इ-केवाइसी नहीं कराने पर राशन कार्ड से नाम भी डिलीट हो सकता है।

## बिजली चोरी के आरोप में तीन पर नामजद प्राथमिकी



आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा/ लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के सेरेंगहातू एवं सेन्हा में बिजली विभाग का गठित टीम द्वारा विद्युत ऊर्जा चोरी के विरुद्ध छपेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान सेरेंगहातू निवासी स्वर्गीय रजक कुजूर का 46 वर्षीय पुत्र अंजेला कुजूर, बसंत भगत का 30 वर्षीय पुत्र सातो भगत और सेन्हा निवासी मैनेजर खान का 24 वर्षीय पुत्र सुहेल खान को विद्युत ऊर्जा चोरी करते हुए पकड़ा गया। जिस पर तीनों नामजद के विरुद्ध सेन्हा थाना में विद्युत ऊर्जा चोरी एवं विभाग का राजस्व क्षति होने का लिखित शिकायत करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराया गया। अभियान में सारणी पुरुष फिरोज अख्तर, उपेन्द्र सिंह मानव दिवस कर्मी भोला साहू, करमचंद उरांव एवं शिवशंकर उरांव शामिल थे। इस संदर्भ में थाना प्रभारी वारिश हुसैन ने जानकारी देते हुए कहा कि विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल लोहरदगा के सहायक विद्युत अभियंता अजू कच्छप के लिखित शिकायत में सेन्हा थाना कांड संख्या 39/25 दर्ज कर विद्युत अधिनियम की धारा 135/137 के तहत तीन नामजद पर प्राथमिकी दर्ज किया गया है। जिस पर पुलिस द्वारा अग्रतर कारवाई आरंभ कर दिया गया है।

## सामाजिक कार्यकर्ता ने ओलावृष्टि से पीड़ित किसानों से की मुलाकात



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** पूर्व मंत्री स्वर्गीय भूखला भगत के पुत्र सह सामाजिक कार्यकर्ता अजीत कुमार भगत ने गुरुवार को भंडरा प्रखंड के गडरपो पंचायत का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने ओलावृष्टि से पीड़ित परिवार से मुलाकात कर हर संभव मदद सहयोग करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने गडरपो पंचायत के पलमी, सेमरा, अमदरी गांव में ओलावृष्टि से पीड़ित परिवार के घरों का निरीक्षण कर पीड़ित परिवार के स्वजनों को ढांढस बांधा है। उन्होंने कहा कि मेरे पिता पूर्व मंत्री भूखला भगत इस क्षेत्र से तीन बार विधायक रहे है। उन्होंने हमेशा किसानों की चिंता करते थे। उन्होंने समृद्ध किसान, खुशहाल किसान का जो सपना देखा था। उनके सपनों को पूरा करना हमारा कर्तव्य है। इस दौरान उन्होंने पीड़ित परिवार को यथा शीघ्र मुआवजा दिलाने को लेकर अधिकारियों से मुलाकात करने की बात कही है।

## झामुमो कार्यकर्ताओं ने शशिभूषण तिवारी को प्रखंड अध्यक्ष पद से हटाने की मांग की



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह मे झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने वर्तमान प्रखंड अध्यक्ष शशिभूषण तिवारी की नियुक्ति पर कड़ी आपत्ति दर्ज करायी है। इस संबंध में पार्टी के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य, प्रवक्ता बिनोद कुमार पांडेय और जिला संयोजक प्रमुख लाल मोती नाथ शाहदेव को एक आपत्ति पत्र भेजा गया है। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि शशिभूषण तिवारी ने पिछले चुनाव में पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होकर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के खिलाफ काम किया था। इसके बावजूद उन्हें बरवाडीह प्रखंड अध्यक्ष नियुक्त कर दिया गया। जो पार्टी के हित में नहीं है। आपत्ति पत्र में आरोप लगाया गया है कि तिवारी की आरोप है कि वे मुस्लिम समुदाय के खिलाफ आपत्तिजनक बयान देते रहते हैं। जिससे क्षेत्र में सामाजिक तनाव बढ़ सकता है। झामुमो कार्यकर्ताओं का कहना है कि पार्टी के सिद्धांतों के विपरीत काम करने वाले व्यक्ति को महत्वपूर्ण पद पर रखना अनुचित है। उन्होंने मांग की है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच कर शशिभूषण तिवारी को प्रखंड अध्यक्ष के पद से हटाया जाये। इस पत्र पर बाबू रामसिंह, अफजल अंसारी, संजय कुमार, सोमेश्वर राम और आरती देवी सहित कई अन्य स्थानीय कार्यकर्ताओं ने हस्ताक्षर किये हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व से इस विषय पर जल्द कार्रवाई की मांग की जा रही है ताकि पार्टी की छवि और संगठनात्मक एकता को बनाये रखा जा सके।

## टोरी-चंदवा फ्लाइओवर की मांग बजट सत्र में नहीं उठाना दुर्भाग्यपूर्ण : अयुब खान



आजाद सिपाही संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा टोरी चंदवा एनएच 99 न्यु 22 पर फ्लाई ओवरब्रिज मामले को 24 फरवरी से 27 मार्च तक चलने वाले बजट सत्र में उठाने और इसपर चर्चा कराने की मांग को लेकर किसानों ने तीन दिन तक जमीन समाधि सत्याग्रह कामता पंचायत सचिवालय के समीप किया था। गुरुवार को बजट सत्र समाप्त भी हो गया लेकिन टोरी-चंदवा फ्लाई ओवरब्रिज मामले को विधानसभा में नहीं उठने और इसपर चर्चा नहीं होने पर कामता पंचायत समिति सदस्य आयुब खान ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण कहा है।

9 से 11 मार्च तक किसानों द्वारा जमीन समाधि सत्याग्रह की अगुवाई करने वाले लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी रहे व कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने कहा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और क्षेत्रीय विधायक प्रकाश राम पर किसान गर्व महसूस करते हैं, लेकिन इतनी गंभीर समस्या की जानकारी होने और किसानों द्वारा इस मामले को विधानसभा में चर्चा कराए जाने की अनुरोध करने के बाद भी मुख्यमंत्री ने इसपर चर्चा नहीं की। इससे साफ पता चलता है कि इस मामले पर राज्य सरकार कितना गंभीर है और साथ ही समस्या समाधान के प्रति कितना संवेदनशील हैं। आंदोलनरत किसानों का कहना था कि फ्लाई ओवरब्रिज मुद्दे पर मुख्यमंत्री हस्तक्षेप कर विधानसभा बजट सत्र में इस मामले पर चर्चा करें ताकि फ्लाई ओवरब्रिज का निर्माण कार्य चालू हो सके और लाखों लोगों को रेलवे क्रॉसिंग जाम से निजात मिल सके। लेकिन बजट सत्र में इसकी चर्चा नहीं होने से किसानों के साथ साथ लाखों आमजनों को निराशा हुई है। उन्होंने कहा कि टोरी रेलवे क्रॉसिंग जाम समस्या से लाखों किसान आमजन प्रत्येक दिन बुरी तरह प्रभावित हैं, चिलचिलाती धूप में घंटों रेलवे क्रॉसिंग जाम में फंसकर ग्रामीणों की जान निकल रही है।

## आधार सेंटर पर इ-केवाइसी के लिए लंबी कतार



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** राशन कार्ड किसी भी व्यक्ति के लिए महत्वपूर्ण दस्तावेज है। इसी दस्तावेज में नाम सही रहा तो लोगों को आयुष्मान भारत योजना, मंईयां सम्मान योजना जैसी लाभकारी योजनाओं का लाभ मिल सकता है। इस बीच राशन कार्ड के लिए केवाइसी का काम भी चल रहा है, जो अंतिम चरण पर पहुंच चुका है। राशन कार्ड में केवाईसी की अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित कर दी गयी है। इसके तहत राशन कार्ड के सभी सदस्यों का सत्यापन किया जा रहा है। जिसके लिए लोगों का आधार कार्ड पूरी तरह से दुरुस्त रहना जरुरी है। ऐसे में आधार कार्ड को सही करवाने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी है। प्रखंड के 45 गावों के लिए फिलहाल एक मात्र प्रखंड कार्यालय मे आधार सेंटर संचालित है जिसमे प्रति दिन भारी भीड़ उमड़ रही है। सेंटर पर हर रोज सैकड़ों लोग पहुंच रहे हैं। इस संदर्भ में यूआइडी बनाने वाले राधे कुमार ने बताते हैं कि प्रखंड मे एक मात्र सेंटर पर आधार कार्ड बनाने, इसे सुधारने का काम चल रहा है। पूर्व मे मे प्रखंड के सभी पंचायत मे आधार सेंटर संचालित था पर जनवरी से सभी पंचायत मे आधार अपडेट बंद है। जिससे आधार सेंटर पर लोगों की अधिक भीड़ उमड़ पड़ी है।

## पेयजल समस्या के निदान के लिए केड में ग्राम सभा



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा क्षेत्र में पेयजल समस्याओं को निदान हेत केड पंचायत सचिवालय में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से पीएचडी विभाग के सहायक अभियंता प्रशांत कुमार पांडे, कनीय अभियंता पियूष रंजन, मुखिया प्रतिनिधि लालमन उरांव, जलसहिया एवं ग्रामीणों का भागीदारी रहा। ग्राम सभा में मुख्य रूप से जल संबंधित शिकायतों को एक सप्ताह के अंदर दुरुस्त करवाने का संबंध ठेकेदार को निर्देश दिया गया। ग्राम सभा में विभाग के सहायक अभियंता प्रशांत कुमार पांडे द्वारा दिन प्रतिदिन घटते जल स्तर को एवं जल की समस्या को देखते हुए ग्रामीणों को इससे अवगत कराया गया एवं उन्हें बताया गया कि जल का अन्य आवश्यक उपयोग न करें जल का उपयोग पटवन में एवं अन्य कार्यों में व्यर्थ ना करें। सहायक अभियंता ने कहा कि प्राय यह देखा जा रहा है कि जलापूर्ति हेतु लगाया गया सोलर जल मीनार में लगे सोलर से बाइपास कनेक्शन करके मोबाइल चार्ज करने के कारण मोटर स्टार्टर एवं मोटर खराब हो रही है। इस संबंध में ग्रामीणों को यह सूचना दिया गया कि वह ऐसा ना करें एवं किन्हीं अन्य व्यक्ति के द्वारा अगर ऐसा करते हुए पाया जाए तो उसकी सूचना अभिलंब विभाग को करें, ताकि उसपर करवाई किया जा सके। एसडीओ ने कहा कि अगर किसी की चापाकल संबंधित शिकायत हो तो उसका आवेदन लाकर बरवाडीह पीएचडी विभाग में जमा कर सकते हैं ताकि उसे जल्द से जल्द दुरुस्त कराया जा सके।

## बीडीओ ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में रामनवमी मनाने की अपील की



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** रामनवमी और ईद पर्व शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर गुरुवार को थाना परिसर में प्रखंड शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज ने किया। वहीं बैठक में अंचलाधिकारी मनोज कुमार, एसडीपीओ भरत राम,थाना इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह, थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार, आरपीएफ इंस्पेक्टर राकेश रंजन, एसआइ उपेन्द्र सिंह सहित विभिन्न समुदायों के गणमान्य लोग, स्थानीय जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि और पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे। शांति समिति की बैठक में रामनवमी जुलूस मार्ग रूट का समय और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। थाना प्रभारी ने कहा कि रामनवमी का त्योहार हर्ष और उल्लास का प्रतीक है, जिसे सभी को मिलजुल कर मनाना चाहिए। उन्होंने सभी से आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने की अपील की। बीडीओ ने कहा कि प्रशासन किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त संख्या में सुरक्षाबल की व्यवस्था की जायेगी और जुलूस को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए दंडाधिकारी की उपस्थिति में सभी मुख्य चौक चौराहे पर पुलिस बल की तैनाती रहेगी।

## बीडीओ ने 49 शिक्षकों के बीच किया टैब का वितरण



**गारू (आजाद सिपाही)।** गारू प्रखंड मुख्यालय स्थित बीआरसी में झारखंड शिक्षा परियोजना द्वारा प्रदत टैब का शिक्षकों के बीच बीडीओ अभय कुमार एवं क्षेत्रीय शिक्षा अधिकारी ऋषिकेश कुमार ने वितरण किया। इस अवसर पर अधिकारियों ने मिडिल एवं उच्च विद्यालय के 49 शिक्षकों को टैब मुहैया कराया। इस अवसर पर बीडीओ श्री कुमार ने कहा कि सरकार द्वारा शिक्षकों को टैब मिलने से छात्रों को शिक्षित करने में सहूलियत होगी साथ ही उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में भी नित्य नए पैटर्न आ रहे है ऐसे में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देना चुनौती पूर्ण कार्य है। क्षेत्रीय शिक्षा अधिकारी ने कहा नई शिक्षा नीति में आए बदलाव में टैब का महत्व पूर्ण भूमिका रहेगी। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक धर्मेंद्र कुमार उपाध्याय,सरयू अपग्रेड उच्च विद्यालय के अनीश कुमार, शिक्षक सुरेश उरांव,प्रसाद बैठा, देवनारायण यादव, रविन्द्र उरांव, देवनाथ महतो, मंजू, विजय कुमार, उदयवीर सिंह बीआरपी विकाश कुमार समेत अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

## बिजली चोरी करने के आरोप में 13 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज. लगा 2.55 लाख का जुर्माना

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** एडीजीपी विजिलेंस एंड सोसायटी के निर्देश पर जपला अवर विद्युत प्रमंडल के अभियंताओं ने हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में बिजली चोरी के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया। इसमें 13 लोगों को बिजली चोरी करते रंगे हाथ पकड़ा गया। उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने के साथ ही सभी पर दो लाख 55 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। बिजली चोरी करते पकड़े जाने वालों में प्रिंस कुमार, गायत्री देवी, प्रीति सिंह, ललन राम, विजय यादव, हसीना बेगम, मो जहांगीर, गोलू कुमार सिंह, शैलेन्द्र ठाकुर, प्रमोद कुमार रजक, बिहारी महतो, लालमोहन विश्वकर्मा और सोनू सिंह का नाम शामिल है। सबसे अधिक जुर्माना प्रमोद कुमार रजक को लगा है। इसपर पहले से ही 58 हजार 588 रुपया बकाया है। इसके अलावा एक लाख 5000 का जुर्माना और लगाया गया है। सभी आरोपियों के खिलाफ हुसैनाबाद थाना में विद्युत अधिनियम के तहत सहायक अभियंता राम प्रसाद महतो ने प्राथमिकी भी दर्ज करायी है। छापामारी में उनके अलावा मानव दिवस कर्मी ओबैद अहमद, जितेंद्र ठाकुर, कमलेश कुमार सिंह और अशोक मेहता शामिल थे।

## नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में पाराडाइज एजुकेशनल क्लासेज के 12 बच्चों का हुआ चयन




**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** नवोदय विद्यालय के प्रवेश परीक्षा में हुसैनाबाद शहर के नबीनगर रोड स्थित पाराडाइज एजुकेशनल क्लासेज ने बच्चों ने एक बार फिर परचम लहराया है। इस कोचिंग सेंटर के 12 छात्र-छात्राओं ने जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा में सफलता अर्जित की है। कोचिंग के निदेशक रामनारायण रवि ने कहा कि सफलता के लिए कोचिंग के अनुभवी शिक्षकों द्वारा तैयार टिप्स और ट्रिक्स बेहद कामयाब साबित हुए है। बताया कि विगत कई वर्षों से उनके संस्थान के छात्र-छात्राओ का जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में बेहतर परिणाम रहा है। कहा कि हमारा उद्देश्य केवल व्यवसायिक सफलता तक सीमित रहना नहीं है, बल्कि समाज के हर वर्ग को समान अवसर प्रदान करना भी है। हमारा मुख्य उद्देश्य ग्रामीण इलाकों के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अवसर प्रदान करना है। इन छात्रों की सफलता इस बात का प्रमाण है कि सही दिशा में किया गया प्रयास सार्थक परिणाम देता है। वहीं, सफल छात्र-छात्राओं में विराट कुमार, प्रतीक कुमार, ज्योति राज, सुरखाब, सामनानी, लक्की कुमार, आदर्श कुमार, अमित कुमार, मोज्म्मिल, महबूब, आयुष राज, गोलू कुमार, साक्षी वर्मा और आयुष कुमार का नाम शामिल है।

## एनएच पार करने के दौरान वृद्धा की मौत आक्रोशित ग्रामीणों ने किया सड़क जाम



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के ढाब कला एनएच 139 मुख्य मार्ग पर सड़क पार करने के दौरान पीडीएस डीलर अरविंद मेहता की मां धनपतिया देवी (65) की बुधवार की शाम सड़क हादसे में मौत हो गई। इसकी सूचना पाकर स्थानीय आक्रोशित ग्रामीणों ने करीब पांच घंटे तक सड़क जाम कर दिया। इससे सड़क के दोनो ओर वाहनों की लंबी कतारें लगी रही। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मृतका पशु चारा लेकर सड़क पार कर रही थी। तभी छतरपुर की ओर से हरिहरगंज की ओर जा रही मिनी ट्रक की चपेट में आ गयी, जिससे घटनास्थल पर ही मौत हो गई। उसकी सूचना पाकर हरिहरगंज सीओ मनीष कुमार सिन्हा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आक्रोशित ग्रामीणों को समझा बुझा कर वाहनों को सुचारू कराया। सात ही शव को कानूनी प्रक्रिया के तहत अंत्यपरीक्षण के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। उधर, खबर पाकर मौके पर पहुंचे बसपा के पूर्व विधायक सह प्रदेश अध्यक्ष कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने कहा कि ढाब कला गांव घनी आबादी वाला क्षेत्र है। फोरलेन निर्माण के दौरान ढाब राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय भवन तोड़े जाने के बाद वैकल्पिक व्यवस्था में सड़क के दोनों छोर पर विद्यालय संचालन हो रहा है। जिससे आये दिन सड़क पार करने में ग्रामीणों और स्कूली बच्चों में भय बना रहता है। पूर्व विधायक ने एक से दूसरे छोर तक जाने के लिए फूट ओवर ब्रिज निर्माण की मांग की है। उधर, शव को पोस्टमार्टम होकरे लौटने के बाद परिजनों ने गुरुवार को बतरे नदी तट पर अंतिम दाह संस्कार किया गया। जिसमें पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता, मुखिया जितेंद्र पासवान, भाजपा नेता राजीव रंजन, सतेंद्र मेहता, प्रमुख प्रतिनिधि अनिल पासवान, बिपिन मेहता सहित कई लोग शामिल हो कर परिजनों को ढांढस बंधाया।

## झूठे आरोप लगाकर स्वच्छ छवि को धूमिल कर रहा विपक्ष : अरविंद सिंह



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** पीपरा प्रखंड क्षेत्र के तेंदुई पंचायत के मुखिया उषा देवी के पति अरविंद कुमार सिंह पर आरोप प्रत्यारोप का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस दौरान तेंदुई गांव की एक महिला ने अबुआ आवास योजना में मुखिया पति द्वारा रिश्वत मांगे जाने सहित कई आरोप लगाते हुए पलामू डीसी शशि रंजन से शिकायत की है। इसे देखते हुए मुखिया पति अरविंद कुमार सिंह ने गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि मेरी छवि को धूमिल कर बदनाम करने के लिए विपक्षियों द्वारा आरोप लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर जनता पर दबंगई कर रहा हूं तो प्रशासन जांच करें और दोषी पाए जाने पर स्वतः अपनी पत्नी उषा देवी को मुखिया पद से इस्तीफा दिला दूंगा। उन्होंने कहा कि मैं भ्रष्टाचार का विरोधी हूं। अगर मेरी किसी व्यक्ति द्वारा आवास योजना की राशि निकाली गई है तो मैं प्रशासन से मांग करता हूं की दोषी पर कार्रवाई करें मेरा कोई हस्तक्षेप नहीं होगा।

### स्वरोजगार-उद्यमिता विकास को बढ़ावा देने के लिए युवाओं को मिलेगा ऋण

# 213 को चिकित्सा अनुदान एवं 186 युवाओं को ऋण देने की स्वीकृति

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** कल्याण विभाग की ओर से संचालित मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना एवं मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना अंतर्गत योग्य लाभुकों के चयन के लिए जिला स्तरीय समिति के अध्यक्ष सह पलामू डीसी शशि रंजन के निर्देश पर डीडीसी शब्बीर अहमद ने गुरुवार को समाहरणालय सभागार में बैठक की। इस दौरान अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की ओर से संचालित अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के लिए संचालित मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना और अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक, पिछड़ा वर्ग एवं दिव्यांग वर्ग के युवाओं को ऋण सह अनुदान उपलब्ध कराने को लेकर योग्य लाभुकों का चयन किया गया। मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत 213 व्यक्तियों का चयन करते हुए चिकित्सा अनुदान देने एवं मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना अंतर्गत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग के 186 युवाओं का चयन करते हुए ऋण उपलब्ध कराने की स्वीकृति दी गई। जिला स्तरीय समिति में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत अनुसूचित जनजाति जाति के 110, अनुसूचित जाति के 45 एवं पिछड़ा वर्ग के 58 लाभुकों को एक लाख 45 हजार रुपए देने का निर्णय लिया गया। वहीं मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना अंतर्गत पलामू जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार एवं उद्यमिता विकास को बढ़ावा देने के लिए अनुसूचित जनजाति के सात लाभुकों को 68 लाख 25 हजार 470 रुपये, अनुसूचित जाति के 97 लाभुकों को पांच करोड़ 94 लाख 31 हजार 557 रुपये, पिछड़ा वर्ग के 52 लाभुकों के बीच चार करोड़ 65 लाख 90 हजार 443 रुपये और अल्पसंख्यक के 30 युवाओं को तीन करोड़, 73 लाख 77 हजार 552 रुपए का ऋण सह अनुदान पारित किया गया। बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी सेवा राम साहू सहित विधायक के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।



पदाधिकारियों के साथ बैठक करते जिला स्तरीय समिति के उपाध्यक्ष।

## मिलजुल कर मनायें पर्व : चंद्रशेखर

आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर/पलामू।** चैनपुर थाना में रामनवमी, सरहुल और ईद पर्व को लेकर गुरुवार को शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें चैनपुर प्रखंड के विभिन्न क्षेत्र के ग्रामीण और जनप्रतिनिधी शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीओ चंद्रशेखर कुणाल ने किया। इस अवसर पर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने बैठक में लोगों की समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने डीजे साउंड बजाने वाले को विवादित गाना नहीं बजाने और वॉल्यूम कम रखने का निर्देश दिया। कहा कि किसी भी दूसरे जिले में अगर कोई भी अप्रिय घटना होती है तो उसको अपने यहां माहौल नहीं बिगाड़ना है। सोशल मीडिया पर पैनी नजर प्रशासन रखी जा रही है। अफवाह फैलाने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। वहीं, बीडीओ प्रदीप कुमार दास ने कहा कि चैनपुर में शांति सौहार्द वातावरण में रामनवमी, सरहुल और ईद मनाए। सीओ चंद्रशेखर कुणाल ने कहा कि प्रशासन की कड़ी नजर उपद्रवियों पर रहेगी। कहा कि यह हम सभी प्रखंडवासी आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ पर्व मनायें। वहीं जिला परिषद फजायल अहमद ने कहा कि यह पर्व सभी को मिलजुल कर सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनाने की जरूरत है। पूर्व जिला पार्षद शैलेंद्र कुमार शैलू ने कहा कि चैनपुर क्षेत्र में सौहार्द वातावरण में सभी पर्व मनाया जाता है। सभी का सहयोग भी मिलते आ रहा है। इस दौरान लोगों ने मांग की कि जुलूस के दौरान सड़क पर मकान बनाने का मटेरियल एवं वाहन लगा रहता है उसे हटाया जाना चाहिए। मौके पर दिनेश कमलापुरी, मुखिया दिलीप पासवान, अनीता देवी, स्मृति देवी, अरविंद तिवारी, गजेंद्र चौरसिया, दीनानाथ मांझी, शशांक सुमन, असहेंद्र सिंह, सत्यजीत उर्फ. डब्ल्यू, दुलार सिंह, पंकज यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## हरिहरगंज में शांति समिति की बैठक

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज में ईद एवं रामनवमी पर्व को लेकर गुरुवार को अंतराज्यीय प्रशासनिक अधिकारियों के साथ शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें छत्तरपुर एसडीएम आशीष गंगवार, एसडीपीओ अवध कुमार यादव, औरंगाबाद एसडीएम संतन सिंह और एसडीपीओ संजय पांडेय उपस्थित रहे। बैठक में आपसी सौहार्द और शांतिपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने पर जोर दिया गया। वहीं, सुरक्षा की दृष्टि से प्रशानिक अधिकारियों ने रामनवमी जन्मोत्सव पर निकलने वाली जुलूस की रूट निर्धारित, समय सीमा के भीतर जुलूस निकालने और सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा की गई। इस दौरान अफवाहों पर ध्यान ना देने और असामाजिक तत्वों द्वारा फैलाई जाने वाली अफवाहों की सूचना प्रशासन को देने की अपील की गई। बैठक में हरिहरगंज बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी, सीओ मनीष कुमार सिन्हा, पुनि सह थाना प्रभारी चंदन कुमार, अंबा थाना अध्यक्ष राहुल राज, कुटुंबा थाना अध्यक्ष अक्षयवर सिंह के साथ शांति समिति के सदस्य गंगा जायसवाल, भोला गुप्ता, महादेव यादव, अशोक जायसवाल, अरुण मिश्रा,इरफान अंसारी, राजीव रंजन, अतहर हुसैन, जेपी गुप्ता, बब्लू साहिल, अमित सिंह, विनय जायसवाल, मुस्लिम अंसारी, ओमप्रकाश सौंदिक, इरफान अंसारी, समसाद आलम सहित कई लोग शामिल थे।

## स्वास्थ्य शिविर में 50 टीबी मरीजों का हुआ इलाज

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ओर से गुरुवार को घासीदाग पंचायत के जमारी गांव में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जहां जांच के दौरान 50 लोगों में टीबी बीमारी का लक्षण पाया गया। डॉक्टरों ने टीबी रोग से ग्रसित सभी मरीजों का इलाज करते हुए दवा दिया। वहीं, टीबी रोग से अत्यधिक ग्रसित मरीजों को इलाज के लिये विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुलाया, ताकि उनका समुचित उपचार हो सके। सीएचसी प्रभारी डॉ राजेंद्र कुमार ने बताया कि शिविर का आयोजन 2025 तक टीबी मुक्त भारत के संकल्प को पूरा करने के उद्देश्य से लगाया जा रहा है। जिसका निर्देश जिला क्षय रोग पदाधिकारी डॉ अनिल श्रीवास्तव द्वारा भी दिया गया था। मौके पर प्रभु सिंह, परीक्षण सिंह, गिरजा सिंह, ब्रह्म सिंह आदि मौजूद रहे।

## श्रीरामचरितमानस नवाह्न परायण महायज्ञ की तैयारी पूरी, 29 मार्च को निकलेगी कलश यात्रा



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** रेहला के प्रसिद्ध सिद्धपीठ श्रीयोगी वीर बाबा देवस्थल परिसर में श्रीरामचरितमानस नवाह्न परायण महायज्ञ के 19 वें अधिवेशन की तैयारियां पूरी कर ली गयी है। महायज्ञ को लेकर 29 मार्च को मंदिर परिसर से कलश यात्रा निकाली जायेगी। आयोजन समिति के अध्यक्ष श्याम किशोर चंद्रवंशी ने बताया कि 29 को कलश स्थापना के बाद 30 मार्च को यज्ञाचार्य पं प्रदीप पांडेय के सानिध्य में अरनी मंथन के साथ पूजन एवं परिक्रमा शुरू होगी। प्रतिदिन शाम सात बजे से वाराणसी से आ रहे मानस मर्मज्ञ 1008 श्री श्री मारुति किंकर जी महाराज का संगीतमय प्रवचन होगा। यह भी बताया कि 29 मार्च से शुरू इस धार्मिक अनुष्ठान का समापन छह अप्रैल को महाभंडारे के साथ होगा।

## बिना चालक के सड़क पर दौड़ी बेकाबू बस

**कतरास (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय राजमार्ग 32 के आकाश किनारी कांटा घर के पास गुरुवार को चालक रहित एक बस बीच सड़क पर बेकाबू होकर दौड़ और स्ट्रीट लाइट का पोल, बाइक और बाउंड्री वाल को तोड़ते हुए बंद हुई। इस भयावह मंजर को देख लोग भयभीत हो गए। इसकी सूचना पाकर सैकड़ों लोग मौके पर पहुंच गये और हंगामा करने लगे। हालांकि लोगों को समझा बुझा कर पुलिस ने शांत कराया। इसके बाद बस को अपने कब्जे में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गुरुवार की सुबह 9.30 बजे महुदा-राजगंज एनएच 32 पर गाजीपुर से झरिया पाथरडीह के बीच चलने वाली अभय बस राहुल चौक से भटमूरना मोड़ की ओर जा रही थी। आकाश किनारी कांटा घर के पास ड्राइवर सड़क किनारे बस खड़ी कर शौच के लिए गया। तभी अचानक बस चालू हो गयी और धीरे-धीरे लुढ़कते हुए बेकाबू होकर दौड़ने लगी। उसके रास्ते में जो भी आया उसे रौंद दिया। स्ट्रीट लाइट को तोड़ने और बाइक को कुचलने के बाद एक मकान की दीवार को धक्का मारते हुए खड़ी हो गयी। इसके बाद कतरास पुलिस पहुंची और बस को जब्त कर लिया।

### एसडीएम ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# 31 मार्च तक इ-केवाइसी का काम पूरा नहीं करवाने वाले लाभुकों का राशनकार्ड से हटेगा नामः एसडीएम

- कहा- राशन कार्डधारी का शत प्रतिशत इ-केवाईसी आवश्यक, इ-केवाईसी कराने की अंतिम तिथि 31 मार्च तक निर्धारित

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** झारखंड सरकार की खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता विभाग की ओर से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम से आच्छादित लाभुकों का शत प्रतिशत इ-केवाईसी आवश्यक है। इ-केवाईसी पूर्ण कराने की अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित है। सभी गुलाबी एवं पीला राशनकार्डधारी लाभुक अपने नजदीकी डीलर से इ-केवाईसी करा लें। निर्धारित तिथि तक इ-केवाईसी पूर्ण नहीं कराने वाले लाभुकों का नाम राशनकार्ड से विलोपित किया जाएगा। उक्त बातें हुसैनाबाद के एसडीएम गौरांग महतो ने कही। वे गुरुवार को अनुमंडल कार्यालय परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना कर रहे थे। इस मौके पर बीडीओ सुनील वर्मा और बीपीओ चंद्रशेखर दुबे सहित अन्य लोग उपस्थित थे। पलामू आपूर्ति विभाग की ओर से पांच जागरूकता रथ का परिचालन किया जा रहा है। हरी झंडी दिखाये जाने के बाद से जागरूकता रथ के माध्यम से खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग की ओर से संचालित विभिन्न योजनाओं अंतर्गत वितरित किए जा रहे खाद्यान्न/सामग्री की जानकारी दी जा रही है। जागरूकता रथ जिले के विभिन्न गांवों में जाकर बैनर, पोस्टर-पंपलेट एवं माइकिंग के माध्यम से लोगों को जागरूक कर रहा है। इस मौके पर डीलर प्रवीण कुमार और अजित कुमार आदि उपस्थित थे।




जागरूकता रथ को रवाना करते एसडीएम गौरांग महतो।

## कृषि यंत्र मिलने से किसानों को मिलेगी मदद : उपायुक्त

- कृषि यंत्र के लिए किसानों से प्राप्त 54 आवेदनों का हुआ अनुमोदन
- उपायुक्त की अध्यक्षता में कृषि यंत्र वितरण हेतु लाभुकों के चयन के लिए हुई बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी शशि रंजन ने कहा कि जिले में कृषि की अच्छी संभावनाएं हैं। यहां के किसान भी मेहनती हैं। मेहनत से कृषि क्षेत्र में बेहतर कर आर्थिक आमदनी कर रहे हैं। कृषि यंत्र मिलने से किसानों को बेहतर फसल उत्पादन में और मदद मिलेगी। किसानों की उत्पादकता को बढ़ाने को लेकर सरकार की ओर से कृषि यंत्र वितरण की योजना चलाई जा रही है। किसानों को समय पर कृषि यंत्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। वे समाहरणालय स्थित कार्यालय वेश्म में गुरुवार को भूमि संरक्षण विभाग की ओर से छोटे और सीमान्त किसानों को कृषि यांत्रिकीकरण प्रोत्साहन योजना, कृषि उपकरण बैंक की स्थापना, मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना के तहत कृषि यंत्रों के वितरण के लिए लाभुकों के चयन के लिए आयोजित बैठक में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। बैठक में कृषि यांत्रिकीकरण के विभिन्न योजनाओं के तहत लाभुकों से प्राप्त 54 आवेदनों का अनुमोदन किया गया। जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी श्याम बिंद ने बताया कि राज्य योजनांतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में कृषक समूहों, महिला समूहों, पानी पंचायतों, जलछाजन समितियों, लैम्पस-पैक्स या अन्य कृषक संगठनों को ट्रैक्टर एवं सहायक कृषि यंत्रों के अनुदान पर वितरण मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना के लिए लाभुकों के चयन को जेएसएलपीएस के माध्यम से 28 किसानों का आवेदन प्राप्त हुआ था। इन सभी आवेदनों का अनुमोदन किया गया। राज्य योजनाअंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में कृषि यांत्रिकीकरण प्रोत्साहन योजनान्तर्गत जिले में छोटे कृषि उपकरण बैंक की स्थापना (मिनी ट्रैक्टर, पावर टीलर, सहायक कृषि यंत्र, राईस ट्रांसप्लांटर एवं कृषि प्रसंस्करण) यंत्रों के लिए वर्तमान में प्राप्त 8 आवेदनों का अनुमोदन किया गया। वित्तीय वर्ष 2024-25 में कृषि यांत्रिकीकरण प्रोत्साहन योजना अंतर्गत जिले के छोटे और सीमान्त कृषकों-स्वयं सहायता समूहों-महिला सखी मंडल/कृषक समूह-लैम्प पैक्स को एक पंपसेट एवं 200 फीट एचडीपीई पाईप वितरण के लिए वर्तमान में एससीएसपी मद से 20 आवेदन प्राप्त हुए थे। इसमें लाभुक चयन समिति द्वारा 18 आवेदनों का अनुमोदन किया गया। प्राप्त दो आवेदनों को अनुमोदन नहीं दिया जा सका, क्योंकि वे छोटे और सीमान्त किसानों की श्रेणी से उपर थे। बैठक में जिला उद्यान पदाधिकारी शैलेन्द्र कुमार, जिला सहकारिता पदाधिकारी, कृषि पदाधिकारी दीपक कुमार, भूमि संरक्षण पदाधिकारी श्याम बिन्द, भूमि संरक्षण सर्वे पदाधिकारी, जेएसएलपीएस की डीपीएम अनिता केरकेट्टा आदि मौजूद थे।

## गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ अनुशासन और संस्कार भी जरूरी : सोमा खंडौत




- संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित, टॉपरों को किया गया पुरस्कृत

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** साइमन एजुकेशनल एंड वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से संचालित रेहला संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल में गुरुवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन विश्रामपुर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खंडौत, रेहला थाना प्रभारी संतोष कुमार, स्कूल के निदेशक एसएम एस्ले, सीटी मिशन मैनेजर जितेंद्र सिंह, नगर प्रबंधक प्रभात कुमार, रेहला थाना के एसआई चंदन नाहर और फाउंडेशन की सचिव रीना कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। सबसे पहले शैक्षणिक सत्र 2024-25 का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। वर्ग छह का छात्र राकेश कुमार चौधरी 99.63 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल का टॉपर बना। अतिथियों ने स्कूल टॉपर सहित सभी कक्षा के टॉपरों को शिल्ड, मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर पुरष्कृत किया। वहीं, सोमा खंडौत ने कहा कि गुणवतापूर्ण शिक्षा के साथ ही अनुशासन एवं संस्कार भी जरूरी है। रेहला संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल बच्चों को अनुशासन और संस्कार के साथ गुणवतापूर्ण शिक्षा देने के लिये ही जाना जाता है। उन्होंने बच्चों को उच्च शिक्षा में बेहतर करने के लिये कई उपाय बताते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। वहीं, थाना प्रभारी संतोष कुमार ने कहा कि शिक्षा से ही विकास के सभी द्वार खुलते हैं। शिक्षा के बगैर विकास की कल्पना भी नहीं की जा सकती। इसलिए बच्चे शिक्षा हासिल करने के लिये हमेशा कड़ी मेहनत करें। उन्होंने बच्चों को भविष्य के लिये कई टिप्स भी दिया। निदेशक एसएम एस्ले ने परीक्षा परिणाम पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसका श्रेय शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन और उनकी कड़ी मेहनत को दिया। प्राचार्य मोनिका एक्का ने बताया कि स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। स्कूल के छात्र - छात्राओं का औसत प्राप्तांक 95.5 प्रतिशत रहा। मौके पर प्रीति चौरसिया, नूतन कुमारी, आशा कुजूर, संजय तिवारी, जोशमिता कुजूर, फिलिसिया तिर्की, संजय कुजूर, मनीष गुप्ता, अलबीना एक्का, इबरार अंसारी, प्रतिमा विश्वकर्मा, भूषण मिंज, गौतम कुमार, नितेश मिश्रा, आबिद अली, पूनम खलखो, नेहा तिर्की, प्रियांजली शुक्ला आदि मौजूद थे।

## खलिहान में लगी आग, अरहर-पुआल का गांज जलकर राख

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** रेहला थाना क्षेत्र के झगरुआ गांव निवासी राजेश यादव के खलिहान में गुरुवार की दोपहर अचानक आग लग गयी। जिससे खलिहान में रखा 50 बोझा अरहर और पुआल का एक गांज जलकर राख हो गया। हालांकि ग्रामीणों ने आग बुझाने का काफी प्रयास किया। लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। उसकी लपटें इतनी तेज थी कि देखते ही देखते अरहर का बोझा सहित पुवाल का गांज जल गया। इस संबंध में पीड़ित किसान ने रेहला थाना को सूचना देते हुए कार्रवाई की मांग की है। राजेश यादव का आरोप है कि खलिहान में आग गांव के ही कुछ असमाजिक तत्वों द्वारा लगायी गया है। उसने गांव के ही कुछ युवकों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराने की बात कही है। इधर, जिला योजना समिति सदस्य संजय बैठा घटनास्थल पर पहुंचे और जानकारी ली।

## विहिप ने केंद्रीय महावीर मंडल के साथ की बैठक



घाघरा (आजाद सिपाही)। पुलिस के भय से रामनवमी नहीं मनाने का मामला अब तुल पकड़ लिया है। गुरुवार को विश्व हिंदू परिषद गुमला के पदाधिकारी घाघरा पहुंचे और केंद्रीय महावीर मंडल घाघरा के लोगों से बैठक किया। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष अजय सिंह राणा ने कहा पुलिस के भय से रामनवमी नहीं मनाना पुलिस के द्वेषपूर्ण कार्यवाही को दशार्ता है। प्रशासन इस पर पहल करें और वर्षो से चली आ रही रामनवमी में जुलूस की परंपरा बरकरार रहे और धूमधाम से रामनवमी पर्व हो। साथ ही उन्होंने कहा पुलिस के द्वारा निर्दोष लोगों को केस में फंसाया गया है। पुनः पुलिस के द्वारा रीअनुसंधान कर निर्दोष लोगों का नाम हटाया जाये अन्यथा उग्र आंदोलन किया जायेगा और सिर्फ घाघरा ही नहीं पूरा गुमला जिला बंद रहेगा। इस मौके पर मुख्य रूप से अजय सिंह राणा, मुकेश सिंह, केशव चंद्र साय, मनोज वर्मा, कुलदीप सिंह, अमित कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## लायंस क्लब ने उत्कृष्ट कार्यो के लिए दस सदस्यों को किया सम्मानित



गुमला (आजाद सिपाही)। लायंस क्लब ऑफ गुमला की मासिक बैठक में उत्कृष्ट कार्यों के लिए दस सदस्यों को सम्मानित किया गया। लायंस भवन में अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में यह बैठक संपन्न हुई। सर्व प्रथम सजंय अग्रवाल के द्वारा प्रार्थना पाठ, शांति पाठ और विश्व शांति के लिए एक मिनट का मौन घारण किया गया। बैठक में सचिव अशोक कुमार जयसवाल ने बताया कि गत बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार सभी कार्य संपादित किये गये है। भवन का रंग-रोगन का कार्य शीघ्र पूरा किया जायेगा। पूर्व मे लिए गये बैठक के प्रस्ताव की संपुष्टी की गयी। सचिव ने बताया कि इस साल का अंतिम आइ कैंप 13 अप्रैल को होगा तथा चौथे कैबीनेट की बैठक 11 और 12 अप्रैल 2025 को जमशेदपुर मे आहुत की गयी है। लायंस क्लब के लगभग 10 सदस्यो को उनके अच्छे कार्य यानी धन संग्रह राशि में सक्रियता के साथ सहयोग करने हेतु लायंस क्लब के द्वारा अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल सचिव अशोक कुमार जयसवाल कोषाध्यक्ष अनील अग्रवाल एवं लायंस क्लब के पूर्व अध्यक्ष शकर लाल जाजोदिया के द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले लायंस क्लब सदस्यों में पदम साबु, मुरली मनोहर प्रसाद , शकर लाल जाजोदिया, मनमोहन केशरी, किरण केशरी, शिव लाल गंझु, सतेन्दर गुप्ता, अरुण केशरी अन्त मे सचिव अशोक कुमार जयसवाल और शशि किरण जयसवाल, अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल को सभी सदस्यो ने सामूहिक रूप सम्मानित किया।

## समाजसेवी के पिता के निधन पर शोक सभा



गुमला (आजाद सिपाही)। समाजसेवी चीनू साबू के पिता श्री साबू के आकस्मिक निधन पर उनके आत्मा की शांति के लिए मारवाड़ी समाज ने एक मिनट का मौन धारण किया। मारवाड़ी समाज की बैठक अध्यक्ष पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में पोद्दार स्मृति भवन में आयोजित हुई। चीनू साबू के आवास में पहुंच कर समाज के लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर राज कुमार अग्रवाल, ओमप्रकाश जाजोदिया, महेश कुमार अग्रवाल, शंकर लाल जाजोदिया, राजेश दरगढ, बनवारी लाल अग्रवाल, नवल साबू, जगदीश मालानी उत्तम गोयल, पवन कुमार शर्मा, राजकुमार गाड़ोदिया, प्रदीप खंडेलवाल, दिनेश अग्रवाल उर्फ देवघर, मनीष कुमार शर्मा, सुभाष साबू, मनोज अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, संजय अग्रवाल, आयुष अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, हरि मालानी, दिनेश अग्रवाल, पवन शर्मा, विनोद साबू, ब्रिज फोगला, सोनू अग्रवाल, राजकुमार राजगढ़िया, संजय अग्रवाल इत्यादि उपस्थित थे।

## गुमला चैंबर ने वरिष्ठ पत्रकार को किया सम्मानित



गुमला (आजाद सिपाही)। चैंबर ऑफ कॉमर्स के तीसरे माहाना बैठक में वरिष्ठ पत्रकार अमरनाथ कच्छप और उनके सहयोगी कामडारा के पत्रकार शाहाब अली को सम्मानित किया गया। ये सम्मान उन्हे विगत दिनों रामनाथ गोयनका अवार्ड के हासिल करने के लिए दिया गया। इन्हे रामनाथ गोयनका अवार्ड महामहिम राष्ट्रपति के हाथों दिया गया था। बुधवार को संध्या के 8 बजे से बस स्टैंड रोड स्थित गुमला चैंबर ऑफ कॉमर्स के कार्यालय में गुमला चैंबर की सत्र 2025 की तीसरी मासिक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह ने की। इस बैठक में कई एजेंडों पर चर्चा हुई जिसे सर्वसम्मति से पारित भी किया गया। सर्वप्रथम सचिव बबलू वर्मा के द्वारा पूर्व बैठक की संपुष्टि की गयी और इस बैठक तक किये गये कार्यों की जानकारी दी गयी। निर्णय लिया गया कि नापतोल विभाग से संपर्क करके अगले माह चेंबर के सहयोग से एक कैंप लगाया जायेगा। यह भी निर्णय लिया गया कि आगामी सरहुल और रामनवमी पर्व में स्टॉल लगाकर जुलूस का स्वागत किया जायेगा। इसके बाद पीआरओ आदित्य गुप्ता द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। राष्ट्रीयगान के साथ बैठक समाप्त की गयी। बैठक में मुख्य रूप से चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह के साथ सचिव बबलू वर्मा, सह सचिव प्रणय साहू, पीआरओ प्रतीक अग्रवाल, आदित्य गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष पदम साबू, दिनेश कुमार अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य के मुन्नीलाल साहू, गुरमीत सिंह, दिलीप गुप्ता, राहुल केशरी समेत कई लोग उपस्थित थे।

## इंजीनियर के घर में हुई चोरी का खुलासा

# सामान के साथ दो गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



गुमला। सदर अस्पताल परिसर स्थित सीएस कार्यालय के समीप आरएस अग्रवाल इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड द्वारा बनाये जा रहे भवन में कार्यरत इंजीनियर रांची के न्यासराय निवासी रोहित कुमार के कमरे में बीते 16 अगस्त को हुए चोरी की घटना का पुलिस ने उद्भेदन कर ली है। साथ ही चोरी की इस घटना में शामिल दो चोरो को गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद जेल भेज दिया है। पुलिस ने दोनो के निशानदेही पर चोरी के दो मोबाइल फोन और एक एचपी कंपनी का लैपटॉप बरामद कर ली है। गिरफ्तार चोरो में बड़ाइक मुहल्ला निवासी रोहित सिंह उर्फ जट्टा व देवी मंडप रोड निवासी सुमित मिश्रा उर्फ टोकन पंडित शामिल है।

पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार सिंह और सब इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार ने प्रेस वार्ता कर बताया कि 16 अगस्त को चोरी की घटना के बाद वादी रोहित कुमार जो आरएस अग्रवाल इंफ्राटेक प्राइवेट कंपनी में प्राईवेट इंजीनियर के रूप में काम करते है और वे सदर अस्पताल गुमला में नव निर्माण विल्डिग में कार्यरत है। अज्ञात चोरों द्वारा उनके कमरे से दो बजे रात्रि में दो मोबाइल और एक एचपी कंपनी का लैपटॉप की चोरी कर ली गयी थी। इस घटना के बाद कांड अंकित कर आगे की कार्रवाई और अनुसंधान शुरू किया गया। कांड अनुसंधान के क्रम में 26 मार्च को अभियुक्त 23 वर्षीय रोहित सिंह उर्फ जट्टा ग्राम दुर्गा नगर वर्तमान पता बडाईक मुहल्ला थाना जिला गुमला एवं 24 वर्षीय सुमित मिश्रा उर्फ टोकन पंडित ग्राम एसएस हाइ स्कूल, देवी मंदिर रोड वर्तमान पता लक्ष्मण नगर को गिरफ्तार किया गया और रोहित सिंह उर्फ टोकन पंडित के निशानदेही पर इस कांड में चोरी गयी एक रियलमी कंपनी का मोबाइल एवं एक रेडमी कंपनी का मोबाइल को बरामद किया गया तथा सुमित मिश्रा उर्फ टोकन पंडित के निशानदेही पर चोरी गयी एचपी कंपनी का लैपटॉप को बरामद किया गया। सुमित मिश्रा उर्फ टोकन पंडित वर्ष 2018 में बाइक चोरी एवं 2020 में लूट कांड में जेल जा चुका है। छापामारी दल में पुअनि कृष्ण कुमार, पुअनि शरद कुमार, आइआरबी 5 आरक्षी 434 सुनेश्वर सिंह, आइआरबी 5 आरक्षी 331 कुणान कुमार निशाद, सुनील आदि शामिल थे।

## बाइक ने साइकिल सवार को मारी टक्कर, घायल

गुमला (आजाद सिपाही)। गुमला लोहरदगा रोड स्थित बैंक कॉलोनी दुन्दरिया के समीप बाइक ने साइकिल सवार असनी तेतर टोली निवासी सागर उरांव को जोरदार टक्कर मार दिया। घटना बुधवार की रात 6 बजे की है।घटना में उसका दोनों पैर क्षतिग्रस्त हो गया और वह खून से लथपथ होकर सड़क पर ही गिर गया। घटना के बाद बाइक सवार टोटो की ओर फरार हो गया। घटना में युवक का दोनों पैर क्षतिग्रस्त हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों की भीड़ घटनास्थल पर जमा हो गई। लोगों ने उसे सड़क के किनारे किया और एंबुलेंस को बुलाया। एंबुलेंस के आने में देर होने पर स्थानीय लोगों ने टेंपो की मदद से उसे सदर अस्पताल भिजवाया। जहां उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक युवक गुमला से मजदूरी कर अपने गांव साइकिल से जा रहा था तभी पीछे से एक बाइक उसे टक्कर मारते हुए घटना स्थल से फरार हो गया।

# टोटो में तीन लोगों पर युवती के साथ मारपीट का आरोप



आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। गुमला जिला के टोटो थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 18 वर्षीय युवती के साथ बुधवार की सुबह पड़ोस के ही पिता और दो पुत्र ने मारपीट की थी और कपड़ा भी फाड़ दिया था। मामले को लेकर युवती ने गुमला थाना में लिखित आवेदन भी दिया था। जिसके आलोक में पुलिस कार्रवाई भी कर रही है। इधर सिर में चोट लगने के कारण युवती की स्थिति खराब होने लगी जिसके बाद गुरुवार की अपराह्न 5 बजे उसे सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है।जहां उसका इलाज चल रहा है। घायल युवती ने बताया पिता पुत्र घर से निकलने वाले सड़क के पास मिट्टी खुदाई कर रहे थे। इसी बात को लेकर पूछने पर उन लोगों ने मां के साथ मारपीट की। वहीं बीच बचाव करने गई युवती के साथ भी तीनों ने मारपीट किया था। और उसका कपड़ा फाड़ दिया था। फिलहाल सदर अस्पताल में युवती का इलाज चल रहा है।

## महुगांव मोड़ के पास पोल से टकराकर युवक घायल

घाघरा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के महुगांव मोड़ के समीप बाइक सवार चुंदरी ग्राम निवासी युवक पवन महतो बिजली के पोल को टक्कर मार दिया। जिससे गंभीर रूप से वह घायल हो गया ग्रामीणों के सहयोग से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा लाया गया। जहां चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु उसे गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पवन महतो अपने घर से बाइक पर सवार होकर घाघरा की ओर आ रहा था, इसी दरमियान महुगांव मोड़ के समीप अनियंत्रित होकर बिजली के पोल में टक्कर मार दी।

# आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों पर की जायेगी कार्रवाई : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



गुमला। आगामी ईद, सरहुल एवं रामनवमी पर्व को ध्यान में रखते हुए जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आज टाउन हॉल, गुमला में आयोजित की गयी। बैठक की संयुक्त अध्यक्षता उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी एवं पुलिस अधीक्षक शंभु कुमार सिंह ने की।

बैठक में उपायुक्त ने उपस्थित ईद कमिटी, सरहुल कमिटी एवं रामनवमी कमिटी, शांति समिति के सभी सदस्यों, विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं जिले के गणमान्य नागरिकों से त्योहारों के दौरान सामाजिक सौहार्द और आपसी भाइचारा बनाये रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान शांति और सौहार्द बनाये रखना हम सभी की जिम्मेदारी है, जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है, सभी आवश्यक तैयारियां कर ली गयी हैं। आमजनों से विशेष अपील है कि शांति एवं सौहार्द बनाए रखते हुए आपसी प्रेम, भाईचारे और एकता के साथ त्योहार मनाये।

त्योहारों के दौरान सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने हेतु सभी समुदायों से सहयोग की अपील की गई। सोशल मीडिया पर किसी भी भ्रामक या भड़काऊ संदेश से बचने और इसकी सूचना तुरंत प्रशासन को देने की सलाह दी गयी। जुलूस एवं सार्वजनिक आयोजनों के लिए प्रशासन द्वारा जारी निर्देशो का पालन करने की अपील की गयी। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिले में अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती की भी जानकारी दी गयी। उपायुक्त ने कहा कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दे और शांति बनाये रखने में जिला प्रशासन को सहयोग करें। त्योहारों के दौरान सोशल मीडिया पर जिला प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने या आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों को बख्सा नही जायेगा, उन्हें चिन्हित कर कार्रवाई की जायेगी। त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटित न हो यह जिला प्रशासन का मुख्य उद्देश्य है। बैठक में ईद कमिटी, सरहुल कमिटी एवं रामनवमी कमिटी के सुझावों को भी सुना गया।

# फुटबॉल टूर्नामेंट में एसटीसी गुमला की टीम प्रथम रही

आजाद सिपाही संवाददाता



गुमला। खेलो इंडिया के अंतर्गत अस्मिता लीग के तहत यू14 बालिका फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन अल्बर्ट एक्का स्टेडियम, गुमला में किया गया। इस टूर्नामेंट में गुमला जिले की 8 टीमों के 125 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिले, जिसमें प्रतिभागियों ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया। टूर्नामेंट में एसटीसी गुमला ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 9 अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। डेबोर्डिंग गुमला ने 6 अंकों के साथ द्वितीय स्थान हासिल किया। डेबोर्डिंग सिसई ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस टूर्नामेंट का उद्देश्य बालिका फुटबॉल खिलाड़ियों को एक मंच प्रदान करना था, जिससे वे अपने कौशल को निखार सकें और भविष्य में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर खेल सकें। आयोजन समिति ने विजेता टीमों को सम्मानित किया और सभी खिलाड़ियों को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

## शिकायत के बाद दस रुपये का आइपीओ मिलना शुरू



गुमला (आजाद सिपाही)। पिछले कई महीनों से गुमला के मुख्य डाकघर में दस रुपये का इंडियन पोस्टल आर्डर की अनुपलब्धता तथा आम पब्लिक को सूचना का अधिकार आवेदन शुल्क देने में हो रही समस्या को लेकर एक लिखित शिकायत आरटीआइ कार्यकर्ता आनंद किशोर पंडा ने राज्य सूचना आयोग से किया था, जिसपर संज्ञान लेते हुए आयोग के अवर सचिव ने मामले पर कारवाई के लिए एक पत्र भारतीय डाक विभाग के झारखंड सर्कल के चिफ पोस्टमास्टर जनरल के पास प्रेषित किया। जहां परिवाद मिलने पर मुख्य डाक महाध्यक्ष, झारखंड परिमंडल, डोरंडा, रांची के सहायक निदेशक ( ग्राहक संतुष्टि) विभाग ने गुमला डाक मंडल के डाक अधीक्षक शांतनु आजाद को पत्र प्रेषित कर गुमला मुख्य डाकघर में पोस्टल आर्डर उपलब्ध नहीं कराने के मामले में प्राथमिकता के आधार पर एक सप्ताह के अंदर कारवाई करने को कहा तथा शिकायतकर्ता को संसूचित कराते हुए अनुपालन प्रतिवेदन की मांग किया तो मुख्य डाकघर जाग गया और लोगों को दस रुपये का इंडियन पोस्टल आर्डर (आइपीओ) उपलब्ध कराना शुरू कर दिया है। जिसकी जानकारी डाक अधीक्षक, गुमला के द्वारा शिकायतकर्ता आनंद किशोर पंडा को दिया गया।

## मुख्तार आलम ने किसानों को योजनाओं की दी जानकारी



गुमला (आजाद सिपाही)। असंगठित कामगार जिला अध्यक्ष मुख्तार आलम मोहम्मद कलाम और इमरोज आलम ने गुरुवार की अपराह्न 3 बजे गुमला जिला के विभिन्न प्रखंडों से आये किसान और मजदूर को लेकर पशुपालन, जिला उद्यान, भूमि संरक्षण, कृषि एवं मत्स्य विभाग पहुंचे और पदाधिकारी से मिलकर विस्तार से सभी योजनाओं की जानकारी ली। मुख्तार ने कहा जिले के किसान और मजदूर अपने घर परिवार को छोड़कर दूसरे राज्यों में पलायन कर रहे हैं। किसान जानकारी के आभाव में सरकार की योजनाओं से जुड़ नहीं पा रहे हैं। सरकारी योजना मिलने से किसान पलायन नहीं करेंगे। कलाम ने कहा जिला उद्यान विभाग द्वारा बहुत सारी योजना चलायी जा रही है जैसे केला, अदरक, स्ट्रॉबेरी और फूलों की खेती जरूरतमंद व्यक्ति योजना से जुड़ कर अपना रोजगार करेंगे। इमरोज अंसारी ने कहा भूमि संरक्षण से तालाब, ट्रैक्टर, पंप सेट, डीप बोरिंग किसानों को दिया जा रहा है। मत्स्य विभाग से भी मछली पालन हेतु योजनाएं चल रही है। हमारा प्रयास होगा कि जिले के 12 प्रखंड के किसान मजदूर को सरकार की योजनाओं से जोड़ा जाये। किसानों को योजना की जानकारी के लिए पंचायत में कैंप लगाकर जानकारी दी जायेगी।


**Govt. of Jharkhand**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Field Survey Division, Advance Planning, Road Construction Department,**
**Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk, Doranda, Ranchi-834002**
**e-mail--- eercdapfsdran-jhr@nic.in**

**e-Procurement very Short Notice, 4th Call**

e-Tender Reference No .-RCD/FSD /AP/ RAN/**74**/24-25 Dated **26.03.2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1- | Name of Work | Consultancy Services for Preparation of Detailed Project Report for Kanke road (Ram Mandir) via Chief justice residence , sidhu Kanhu park, CM residence gate, Adivasi hostel to ATI Chowk & from Sidhu Kanhu Park via Ranchi College Ground to state Guest House road School inculding replacement of culverts and bridges, proposal for new culverts and bridges, complete Land Acquisition Proposal including ownership details all complete as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Proposal, Forest Diversion Proposal with clearance of all stages etc as required, at Ranchi in the state of Jharkhand. from Consultants empanelled in Category-I with the Road Construction Department, Government of Jharkhand vide letter no -3063(S) W.E dated 22-08-2022 are allowed to bid. |
| 2- | Work completion time | 20 Days |
| 3- | Tentative Length | 2.00 km |
| 4- | Cost of Tender Document & Earnest Money Deposit (EMD) | **Cost of Tender Document** - Rs 5,000/- (Rupees Five Thousand) (Non-Refundable) through online mode only. **EMD :-** Rs 5,000/- (Rupees Five Thousand) through online mode only. As per the Departmental Letter no.-4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit will be received in online mode only through e-procurement portal (https://jharkhandtenders.gov.in ) by Internet banking/ NEFT/ RTGS facility as per Standard Operating Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023. |
| 5- | Date and Time of Publishing of Tender on official website | 28.03.2025, 05.00 PM |
| 6- | Last date and Time of submission of Tender (With Tender Fee and EMD) | 08.04.2025, 12.30 PM |
| 7- | Date and Timing of Bid opening | 09.04.2025, 12.30 PM |
| 8- | Tender Inviting Authority | Executive Engineer, Field Survey Division, Advance Planning, RCD, Ranchi, Nirupan Bhavan, 56 set Chowk, Doranda, Ranchi- 834002, Mobile No- 8051090751 |
| 9- | Mode of Bid Submission | e-Tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 10 | PR No | 348466 Road (24-25) |

For further information please go through the website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer**
**Field Survey Division,A.P**
**Road Construction Department, Ranchi**

**PR 349329 Road(24-25)#D**



शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, कोडरमा**
**समग्र शिक्षा, समाहरणालय भवन, कोडरमा**

कोडरमा जिला अंतर्गत संचालित 03 मॉडल विद्यालय में नामांकन निमित्त

**आम सूचना**

पत्रांक.......................... दिनांक..................

राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची के पत्रांक 1129 दिनांक 21.03.2025 के आलोक में शैक्षणिक सत्र 2025–26 में कोडरमा जिला अंतर्गत कुल 03 मॉडल विद्यालय, यथा–मरकच्चो, जयनगर तथा कोडरमा में कक्षा 06 नामांकन किया जाना है–

1. **आवेदक की पात्रताः–**
   (क) दिनांक 01 अप्रैल 2025 को न्यूनतम आयु 10 (दस) वर्ष एवं अधिकतम 12 (बारह) वर्ष होना चाहिए।
   (ख) कोडरमा जिला के निवासी तथा जिले के किसी भी विद्यालय से वर्ग–05 (पाँच) उत्तीर्ण/कक्षा– 06 (छः) में अध्ययनरत छात्र–छात्रा या ड्रॉप आउट वर्ग–05 (पाँच) उत्तीर्ण छात्र–छात्रा।
2. **परीक्षा शुल्कः–**
   यह परीक्षा पूर्णतः निशुल्क है। इसमें आवेदन प्रपत्र एवं परीक्षा देने हेतु किसी प्रकार का शुल्क देय नहीं है।
3. **आवेदन प्रपत्र**
   - परीक्षा आवेदन प्रपत्र परिषद् के वेबसाईट www.jac.jharkhand.gov.in के Exam Form Portal Section के माध्यम से ऑनलाईन भराया जायेगा। इस हेतु सभी दिशा–निर्देश परिषद् के वेबसाईट पर उपलब्ध होगा, जिसका अवलोकन करते हुए परीक्षा प्रपत्र भरना सुनिश्चित करेंगे। आवेदन प्रपत्र भरने की अंतिम तिथि दिनांक **25.03.2025 से 15.04.2025** तक निर्धारित है।
   - अभ्यर्थी द्वारा भरा हुआ आवेदन प्रपत्र जिला शिक्षा पदाधिकारी (DEO) के Login में उपलब्ध होगा, जिसका अनुमोदन जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा दिया जायेगा। आवेदन प्रपत्र अनुमोदन की तिथि दिनांक **26.03.2025 से 16.04.2025 तक** निर्धारित की जाती है।
   - **परीक्षा की तिथि–04.05.2025**
   - परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र ऑनलाईन डाउनलोड करने की तिथि–**29.04.2025**
4. **नामांकन** : मॉडल विद्यालयों के वर्ग 06 (छः) में नामांकन मेधा सूची के आधार पर होगा। नामांकन में राज्य के जिला स्तरीय आरक्षण नीति का अनुपालन किया जायेगा। मेधा सूची का निर्माण जिला स्तर पर किया जायेगा। एक विद्यालय में कुल 40 (चालीस) छात्र–छात्राओं का नामांकन होगा। रिक्त सीटों पर नामांकन विद्यालय प्रबंधन समिति के माध्यम से विद्यालय के पोषण क्षेत्र के बच्चे को विद्यालय स्तर पर प्रवेश परीक्षा आयोजित कर लिया जायेगा।
   आरक्षित कोटि के अभ्यर्थियों को कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा घोषित सक्षम प्राधिकार (अनुमण्डल पदाधिकारी) द्वारा निर्गत आरक्षण कोटि/जाति प्रमाण पत्र आवेदन के साथ संलग्न करना आवश्यक होगा। अनुपलब्धता की स्थिति में वे आवेदन जमा कर सकते है, परन्तु नामांकन के समय उन्हें मूल रूप से या सत्यापित प्रति उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। अन्यथा की स्थिति में उनका अभ्यर्थित्व रद्द समझा जायेगा। किसी भी परिस्थिति में आवेदन में भरे गये कोटि का परिवर्तन नहीं किया जायेगा।
5. परीक्षा का विषयः यह परीक्षा OMR Sheet आधारित होगी। विषयवार अंको का निर्धारण निम्न अनुसार होगा
   (क) अंग्रेजी –30 अंक
   (ख) गणित –30 अंक
   (ग) सामाजिक विज्ञान –40 अंक
   कुल –100 अंक

नोटः– परिषद् के वेबसाईट पर फॉर्म के साथ जिला तथा प्रखण्ड का नाम एवं कोड की सूची उपलब्ध है। छात्र–छात्रायें परीक्षा आवेदन प्रपत्र में जिला एवं प्रखण्ड कोड भरने हेतु उक्त सूची में अंकित कोड का ही उपयोग करेंगे।

जिला शिक्षा पदाधिकारी सह
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा, कोडरमा

**PR 349394 Jharkhand Education Project Council(24-25)#D**

## झरिया की पूर्व विधायक कुंती सिंह अस्पताल में भर्ती



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** झरिया की पूर्व विधायक कुंती सिंह की तबीयत अचानक बिगड़ गयी, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पता चला है कि कुंती सिंह ने बुधवार की रात दवा खाई थी, जिससे रिएक्शन हो गया। इसके बाद उन्हें विनोद बिहारी चौक के पास स्थित सीएमसी अस्पताल में डॉक्टर अभिषेक मिश्रा की देख रेख में रखा गया है। कुंती सिंह की बेटी किरण सिंह ने बताया कि हर्निया के ऑपरेशन के बाद चल रही दवा से रिएक्शन हुआ है। डॉक्टर के अनुसार उनकी स्थिति अभी सामान्य है। उन्हें दो दिन तक अस्पताल में निगरानी में रखा जाएगा।

## धनबाद में खुला 'बारबेक्यू नेशन'



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** भारत के प्रमुख केजुअल डायनिंग चेन ब्रांड में से एक 'बारबेक्यू नेशन' ने गुरुवार को धनबाद में अपना नया आउटलेट लांच किया। यह नया रेस्तरां 4,300 वर्ग फुट में फैला है। इसमें कुल 104 लोगों के बैठने की क्षमता है, जिससे यह शहर में एक प्रमुख डाइनिंग डेस्टिनेशन बनने की ओर अग्रसर है। उद्घाटन के अवसर पर बारबेक्यू नेशन हॉस्पिटैलिटी लिमिटेड के क्षेत्रीय प्रबंधक (पूर्व) सुमन मुमूर्जी ने कहा कि बारबेक्यू नेशन को लाना हमारे लिए एक सुनहरा अवसर है। हम अपने मेहमानों को एक बेहतरीन और अनूठा अनुभव देने के लिए तैयार हैं। बारबेक्यू नेशन अपने खास शाकाहारी और मांसाहारी व्यंजनों के लिए प्रसिद्ध है। इस आउटलेट में भी ग्राहकों को विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन परोसे जाएंगे। मांसाहारी ग्राहकों के लिए फिश टिक्का, चिकन सीक कबाब, ऑरिएंटल चिकन, तंदूरी झींगे आदि शामिल हैं, वहीं शाकाहारी ग्राहकों के लिए हरीयाली पनीर टिक्का, मलाई मशरूम, चीजी ब्रोकली जैसे स्वादिष्ट विकल्प उपलब्ध हैं। इसके अलावा, रेस्तरां में सलाद, सूप, मुख्य कोर्स और मिठाइयों की भी बड़ी रेंज रखी गई है। बारबेक्यू नेशन अपने 'लाइव-ऑन-द-टेबल' ग्रिल और 'डीआइवाई' (खुद से बनाएं) कॉन्सेप्ट के लिए जाना जाता है, जहां ग्राहक अपनी पसंद के अनुसार व्यंजनों को खुद ग्रिल कर सकते हैं। बतातें चलें कि बारबेक्यू नेशन की शुरूआत 2006 में मुंबई से हुई थी और आज यह भारत सहित विदेशों में 200 से अधिक आउटलेट्स के साथ तेजी से विस्तार कर रहा है। यह नया आउटलेट झारखंड में ब्रांड की लोकप्रियता को और बढ़ाने में मदद करेगा।

## संत मैथ्यूज हाई स्कूल में ब्रेन हंट ओलंपियाड का आयोजन




**राजगंज (आजाद सिपाही)।** संत मैथ्यूज हाई स्कूल में फ्यूचर सेंस एजुकेशन गिरिडीह की ओर से ब्रेन हंट ओलंपियाड का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा जी-2 से कक्षा 10वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यालय की ओर से टॉपर रही कक्षा 9वीं की छात्रा खुशी को एक हजार रुपये का चेक देकर सम्मानित किया गया। यह आयोजन विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमताओं को विकसित करने और उनकी प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्राचार्य राहुल कुमार दे ने सभी सफल प्रतिभागियों को बधाई और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।

## मध्यदेशीय वैश्य सभा ने आयोजित की इफ्तार पार्टी

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** मध्यदेशीय वैश्य सभा की ओर से धनबाद जिलाध्यक्ष विशाल गुप्ता के उर्मिला टावर स्थित सिटी कंप्यूटर में गुरुवार को इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। विशाल गुप्ता ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से आपसी भाईचारा, सांप्रदायिक सौहार्द बढ़ता है। इफ्तार पार्टी में पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल भी शामिल हुए। बतातें चलें कि विगत कई वर्षो से विशाल कुमार बैंक मोड़ में हिंदू-मुस्लिम एकता की मिशाल कायम कर रहे है। इस मौके पर रशीद महाजन, मेराज खान, शशी प्रकाश, कैलाश गुप्ता, रविराज झरिया, एखलाक अहमद, मन्नू गेट, आशिष कादरी, उदय ठाकुर, मुन्ना खॉन, वकिल अंसारी, गुड्डू खान, राजा गद्दी, आदिल, जाकिर खान, तौकिर खान, मुन्ना खान, गिरील एंव उर्मिला टावर के दुकानदार आदि शामिल हुए।

## चोरियों से परेशान ग्रामीणों का भाटडीह ओपी में प्रदर्शन

**महुदा (आजाद सिपाही)।** भाटडीह ओपी क्षेत्र में बढ़ती चोरियों और कानून-व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति को लेकर ग्रामीणों ने गुरुवार को ओपी प्रभारी के खिलाफ प्रदर्शन किया। जिसका नेतृत्व वार्ड सदस्य बेबी चक्रवर्ती ने किया। ग्रामीणों ने पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा कि क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं हो रही है। बेबी चक्रवर्ती ने कहा कि भाटडीह ओपी क्षेत्र में चोरी की घटनाएं बढ़ रही और पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सुस्त है। कई बार चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन पुलिस अपराधियों को पकड़ने में नाकाम रही है। बताया कि मुरलीडीह 20/21 कोलयरी में ट्रांसफार्मर की चोरी होने के कारण क्षेत्र में अंधेरा छाया हुआ है। वर्तमान में भी अपराधियों द्वारा ट्रांसफार्मर को क्षतिग्रस्त किए जाने से बिजली और पानी की समस्या हो गई है। अगर यहां ओपी पुलिस मौजूद है, तो फिर चोरी की घटनाएं क्यों हो रही हैं? ग्रामीणों का आरोप है कि अपराधी रात में घरों के दरवाजे खटखटाते हैं, जिससे लोगों में भय का माहौल है। उन्होंने उच्च अधिकारियों से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को सख्त बनाने की मांग की। करीब दो घंटे तक महिलाएं ओपी परिसर में बैठ कर प्रदर्शन करती रहीं। इसके बाद ओपी प्रभारी ने प्रदर्शनकारियों से मुलाकात कर सुरक्षा बढ़ाने का आश्वासन दिया।

### आठ घंटे में ही पुलिस को मिल गयी सफलता

# चेसिस लूटकांड का खुलासा फाइनेंसर का गुर्गा गिरफ्तार

- आरोपित ने तीन अन्य दोस्तों से मिलीभगत का किया खुलासा

आजाद सिपाही संवाददाता



पकड़े गये आरोपित की जानकारी देती पुलिस।

**धनबाद।** बस की चेचिस चोरी किये जाने के मामले में पुलिस ने निरसा के न्यू भमाल मंटू यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मैथन स्थित अनुमंडल पुलिस कार्यालय में सीडीपीओ रजत मणिक बाखला ने प्रेस वार्ता कर इसकी जानकारी दी। बताया कि पश्चिम बंगाल के पानागढ़ से बस का चेचिस लेकर चालक होरिल प्रजापति हजारीबाग जा रहे थे। तभी निरसा पुराना थाना के समीप से चेचिस लूट ली गयी। हालांकि निरसा पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए महज आठ घंटे में लूट कांड का उद्भेदन कर लिया। एएसआई प्रवीण सिंह चौधरी ने पूछताछ के दौरान फाइनेंसर के गुर्गों मंटू यादव ने चेचिस लूटने की बात स्वीकार की है। उसने कहा कि इस मामले में तीन अन्य दोस्त सहयोगी थे। पुलिस ने बेनागोड़िया गांव के आगे जंगल से बस का चेसिस एवं चापापुर के जंगल से लूट कांड में प्रतिनियुक्त बाइक बरामद कर ली है। इस मौके पर निरसा थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक अनिल कुमार शर्मा, प्रवीण सिंह चौधरी, अजय कुमार, बबन यादव आदि मौजूद थे।

## आग लगने की तीन अलग-अलग घटनाओं में कीमती सामान जले

धनबाद (आजाद सिपाही)। जिले में गुरुवार को तीन अलग-अलग स्थानों पर आग लगने की घटनाएं हुई। पहली घटना डीआरएम ऑफिस के पास हुई। जहां झाड़ी में आग लग गयी। स्थानीय लोगों की सूचना पर दमकल विभाग की टीम पहुंची और आग पर काबू पाया। दूसरी घटना हीरापुर क्षेत्र में अभय सुंदरी स्कूल के पास हुई। यहां ट्रांसफर के नीचे कचरा रहने से ट्रांसफार्मर में अचानक चिंगारी निकली और आग लग गई, हांलाकि दमकल विभाग ने तुरंत पहुंचकर आग को नियंत्रित कर लिया। तीसरी घटना भूली डी ब्लॉक सेक्टर 4 में हुई। जहां क्वार्टर नंबर 114 में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। घर में बने गोदाम में रखा लगभग 50 हजार का सामान जलकर राख हो गया। गोदाम के मालिक राजेश बर्नवाल ने बताया कि दोपहर दो बजे घर से आग लपटें और धुआं निकलता देखा। स्थानीय लोगों ने तुरंत दमकल विभाग को सूचना दी। दमकल कर्मी पहुंचे और आग पर काबू पाया।

## पुलिस की बाइक के धक्के से युवती की मौत




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** पूर्वी टुंडी थाना क्षेत्र में बाइक सवार पुलिसकर्मी ने तीन युवतियों को ठोकर मार दी। इस हादसे में 18 वर्षीय एक युवती की मौत हो गयी। उसकी पहचान खुशबू कुमारी के रूप में हुई है। वह मयरा नवाटांड की रहने वाली थी। इस घटना के बाद घटवार आदिवासी समाज के लोग एवं मृतिका के परिजन शव रखकर पूर्वी टुंडी थाना पहुंचे और उचित मुआवजे की मांग करने लगे। साथ ही दोषी पुलिसकर्मी को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने की मांग करने लगे। इसपर पूर्वी टुंडी थाना प्रभारी रवि कुमार ने अभिलंब कारवाई करते हुए पुलिसकर्मी को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का आश्वासन दिया। साथ ही उसके खिलाफ कार्रवाई करने की बात कहीं। थाना प्रभारी रवि कुमार और सीओ सुरेश प्रसाद वर्णवाल ने अपने निजी मद से मृतिका के परिजनों को 14 हजार रुपये की राशि अंतिम संस्कार के लिए दिया। साथ ही थाना प्रभारी ने कहा कि मृतका के परिजनों को जीवनबीमा के माध्यम से जितनी भी राशि बनेंगी, दिलाने का प्रयास करेंगे। मौके पर घटवार समाज के प्रदेश अध्यक्ष राम प्रसाद सिंह, पूर्वी टुंडी प्रखंड अध्यक्ष मधुसूदन राय, सचिव पप्पू सिंह और सर्कल इंस्पेक्टर साजिद हुसैन आदि उपस्थित रहे।

## फुसरो में व्यवसायी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** बेरमो थाना क्षेत्र के राम रतन उच्च विद्यालय के समीप एक व्यवसायी ने दूकान में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान मोहन वर्णवाल (60) के रूप में हुई है। मोहन का रामरतन स्कूल के सामने ही अनुपम जेनरल स्टोर एवं पूजा भंडार के नाम से दूकान है। घटना की सूचना मिलते ही मृतक का छोटा बेटा कन्हैया वर्णवाल दुकान पहुंचा। वह तुरंत पिता को सीसीएल के केंद्रीय अस्पताल ढोरी ले गया, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इस बाबत मृतक की पत्नी उषा देवी और पुत्र कन्हैया वर्णवाल ने बताया कि वे लोग अंबेडकर कॉलोनी में रहते है। गुरुवार की सुबह 11 बजे मोहन वर्णवाल अंबेडकर कॉलोनी क्वार्टर से आए। वहीं, पुत्र कन्हैया ने बताया कि पिताजी के दूकान आने के बाद वो खाना खाने अपने आवास अंबेडकर कॉलोनी चला गया। तभी 12 बजे के करीब किसी ने फोन कर घटना की जानकारी दी। दुकान आने के बाद देखा कि पिताजी फंदे पर लटके है। लोगों की सहायता उन्हें उतार कर ढोरी केंद्रीय अस्पताल ले गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

# पुटकी में धड़ल्ले से संचालित हो रहा लोहे का अवैध कारोबार

### कोलियरियों से चोरी किये गये लोहे को आसानी से खपाया जा रहा

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** पुटकी थाना क्षेत्र में इन दिनों लोहे का अवैध कारोबार बड़े पैमाने पर धड़ल्ले से संचालित हो रहा है। कोल और लोह माफिया इस कदर हावी हैं कि अब दिन के उजाले में ही अपना सिंडिकेट चला रहे हैं। बताते चलें कि साउथ बलिहारी, भगाबांध, 10 नंबर साउथ बलिहारी, कच्छी बलिहारी, बरारी कोक प्लांट, कुस्तोर, कुस्तोर 10 नंबर, अलकुशा, केन्दुयाडीह और गोपालीचक आदि कोलियरियों से रात के अंधेरे में लोहा और तांबा आदि चोरी की जाती है। जिन्हें दिन के उजाले में आसानी से इन गोदाम में खपा दिया जाता है। यहां तक की बंद घरों के खिड़कियां, लोहे से बने दरवाजे एवं अन्य उपकरण भी चोरी कर आसानी से यहां के लोह गोदामों को बेच दिया जाता है। लोगों द्वारा कई बार चोरी की शिकायत भी दर्ज कराई जाती है, लेकिन मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। सूत्र बतातें हैं कि लोहा चोरों का इस इलाके में एक बड़ा गिरोह काम करता है, जिसमें छोटे-छोटे गोदाम से लेकर बड़े गोदाम शामिल है। पुटकी गोदाम का भार इकरार मियां नामक व्यक्ति ने संभाल रखा है. जबकि केंदुआ लोहा का गोदाम पारस संभलता है। इसी तरह लोयाबाद, कुसुंडा आदि जगहों का काम अलग-अलग लोग देखते हैं। इस सिंडिकेट का मुखिय साव और आर्य है। पुटकी थाना क्षेत्र के गोपालीचक के पास इनका बड़ा लोहे का गोदाम है, जहां से यह दोनों मिलकर दिन के उजाले में ही इन सभी जगहों से लिए गए अवैध लोहे को ट्रैकों में भरकर आसानी से उत्तर प्रदेश, और पश्चिम बंगाल से बॉर्डर को पार करवा देते हैं। जिसकी पुलिस-प्रशासन को भनक तक नहीं लगती है।

## ओड़िशा की खबरें

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस में झड़प

# लाठीचार्ज किया, आंसू गैस के गोले छोड़े वाटर कैनन से भीड़ को किया तितर-बितर

- कांग्रेस के 14 विधायकों के निलंबन पर कार्यकर्तताओं ने किया प्रर्दशन

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** राजधानी भुवनेश्वर में कांग्रेस का हंगामा। कांग्रेस ने जोरदार प्रदर्शन किया, लोअर पीएमजी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बैरिकेडिंग तोड़ने के दौरान पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं में हुई झड़प। इस दौरान पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर किया लाठीचार्ज। कांग्रेस कर्मियों ने पुलिस पर पथराव के साथ बोतल ओर कुर्सी फेंके। लोअर पीएमजी में तनाव के चलते कांग्रेस कर्मियों को खदेड़ने के लिए पानी की बौछारों और आंसू गैस छोड़ा गया। 25 मार्च को ओड़िशा की विधानसभा में असंसदीय आचरण करने के दोषी में कांग्रेस विधायकों को स्पीकर ने पहले 12 ओर दूसरे दिन दो विधायकों निलंबित कर दिया था। अब तक 14 विधायकों को निलंबित किया गया है। अध्यक्ष के फैसले के बाद कांग्रेस सदस्यों ने हंगामा और विरोध प्रदर्शन करते हुए घंटी बजाने लगे। देर रात तक विधायक सदन में ही डटे रहे थे। पार्टी के वरिष्ठ नेता और हजारों कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ भुवनेश्वर राम मंदिर से विधान सभा के ओर बढ़े। लोअर पीएमजी पर उन्हें रोकने के लिए तीन स्तरीय बैरिकेडिंग की गयी थी। 80 प्लाटून पुलिस बल तैनात किया गया था, लेकिन हजारों प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेड तोड़ दिये और पुलिस से भिड़ गये। पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ताओं आगे बढ़े और पुलिस से भिड़ गये। पीसीसी अध्यक्ष ने कहा कि देश में महिला सुरक्षा की बात करना कब से अपराध हो गया? अगर चुने हुए विधायक सरकार से इन मुद्दों पर जवाब मांगते हैं, तो सरकार को किस बात का डर है? हमारे विधायकों को निलंबित करना अलोकतांत्रिक है। हम चुप नहीं बैठेंगे। आंदोलन तेज किया जायेगा। इसी दौरान भुवनेश्वर डीसीपी जगमोहन मीना एक प्रेसमिट कर कहा कि 12 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है, उनका इलाज चल रहा है। एक वाहन में आग लगाने की कोशिश की गयी, लेकिन ड्राइवर की वजह से वे ऐसा नहीं कर सके। इसकी जांच की जायेगी, अब स्थिति स्थिर है। बैरिकेडिंग तोड़ने की कोशिश करने पर कार्रवाई की गयी है।

## प्रदेश अध्यक्ष ने विधानसभा के अंदर और बाहर विपक्षी दलों की गुंडागर्दी की निंदा की



**भुबनेश्वर (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस बिना किसी मुद्दे के मुद्दा बनाने की कोशिश कर रही ह। पवित्र सभा में मयार्दा का घोर उल्लंघन हुआ है। स्पीकर के साथ जिस तरह का व्यवहार किया गया, उसकी उम्मीद किसी भी जिम्मेदार विपक्षी दल से नहीं की जा सकती। सरकार जहां विधानसभा में सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार है, वहीं विपक्षी दल झूठ फैलाकर 'शॉर्टकट राजनीति' करने की कोशिश कर रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल ने कहा कि हमें ओड़िशा के हितों को ध्यान में रखते हुए विपक्षी जनमत का सम्मान करना चाहिए। उन्हें यह स्वीकार करना होगा कि ओड़िशा के जनमत ने विपक्षी दल को प्रत्याख्यन कर दिया है। भाजपा विपक्षी दल के ऐसे व्यवहार, उच्चारण और हिंसक व्यवहार की कड़ी निंदा करती है। सामल ने कहा, 'जिन्होंने ओडिशा के इतिहास को कलंकित किया, वे आज महिलाओं का मुद्दा उठा रहे हैं।श्री सामल ने विपक्षी दल को सलाह दी कि एक गलती के बदले 100 गलतियां, एक अन्याय के बदले 100 अन्याय और एक झूठ को छुपाने के लिए 100 झूठ न बोलें। इस संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश उपाध्यक्ष बिरचि नारायण त्रिपाठी और प्रदेश प्रवक्ता सुदीप्त राय मौजूद थे।

### रेलवे सुरक्षा आयुक्त ने बौध-पूरुनाकटक रेल खंड का निरीक्षण किया

# 240 किलोमीटर रेल लाइन चालू हो गयी है और 62 किलोमीटर शेष

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** रेलवे सुरक्षा आयुक्त, ब्रिजेश मिश्र ने पूर्व तट रेलवे की अपनी दो दिवसीय लंबी यात्रा में, चल रहे खुर्दा रोड-बलांगीर रेल लाइन परियोजना की नयी बिछाई गयी रेल लाइन के सुरक्षा पहलुओं की समीक्षा करने के लिए बौध और पुरुनाकटक के बीच 26.888 किलोमीटर की दूरी पर नवनिर्मित रेल लाइन का निरीक्षण किया। रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीआरएस) ने 25 और 26 मार्च 2025 को इस नयी बिछाई गयी रेल लाइन का निरीक्षण किया और खंड को चालू करने के लिए अपनी मंजूरी दे दी। निरीक्षण के दौरान पूर्व तट रेलवे के वरिष्ठ रेलवे अधिकारियों की एक टीम ने सीआरएस की सहायता की। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव लगातार ओडिशा में इस परियोजना की प्रगति की निगरानी करते हैं और मंत्रालय ने खुर्दा रोड बलांगीर रेल लाइन परियोजना को शीघ्र पूरा करने को प्राथमिकता दी है। पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक परमेश्वर फुंकवाल भी नियमित रूप से चल रहे कार्यों की स्थिति की समीक्षा कर रहे हैं और संबंधित अधिकारियों को काम में तेजी लाने और रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित समय सीमा के भीतर शेष हिस्से को पूरा करने का निर्देश दे रहे हैं।

**निरीक्षण की मुख्य बातें**

1 ट्रैक बिछाने की प्रगति।
2 परियोजना का समापन।
3 नये खंड पर प्रगति।
4 चल रहे निर्माण प्रयास।
5 शेष खंड।

# आइएमएस और एसयूएम हॉस्पिटल में 'हर्निया मास्टर क्लास' का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** यहां के पास, शिक्षा 'ओ' अनुसंधान डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी (एसओए) के दूसरे चिकित्सा संकाय, फूलनखरा में स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज और एसयूएम हॉस्पिटल-2 में मंगलवार को हर्निया रिपेयर में नवीनतम तकनीकों पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें सर्जन और स्नातकोत्तर छात्रों ने भाग लिया। 'हर्निया मास्टर क्लास' नामक यह कार्यशाला नयी दिल्ली के मैक्स सुपरस्पेशलिटी अस्पताल के प्रसिद्ध लेजर, लैप्रोस्कोपिक और रोबोटिक सर्जन प्रो डॉ नीरज गोयल द्वारा आयोजित की गयी थी। प्रो डॉ गोयल ने वेंट्रलेक्स एसटी हर्निया पैच, एक पेट की जाली पर ध्यान केंद्रित करते हुए हर्निया रिपेयर में नवीनतम तकनीकों के बारे में बात की, जिसे उन्होंने एक अद्वितीय उत्पाद बताया। उन्होंने कहा कि यह छोटे नाभि, वेंट्रल, चीरा, एपिगैस्ट्रिक हर्निया और ट्रोकार बंद करने की इंट्रा-एब्डोमिनल रिपेयर के लिए डिजाइन किया गया था, उन्होंने कहा कि जाली पूरी तरह से रिसॉर्बेबल है और 12 से 18 महीनों में घुल जाती है। प्रो डॉ मानस रंजन साहू, जिन्होंने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यशाला में भाग लिया, ने कार्यशाला के आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि सर्जरी के बारे में अधिक जानने की आवश्यकता है। एसओए के कुलपति प्रो प्रदीप्त कुमार नंदा ने भी चिकित्सा पेशेवरों के कौशल, रीस्किलिंग और अपस्किलिंग के लिए इस तरह की व्यावहारिक कार्यशालाओं के आयोजन पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एसओए ने पहले ही 550 से अधिक कार्यशालाओं और सेमिनारों और 90 से अधिक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों का आयोजन किया है। एसओए के प्रो-वाइस चांसलर प्रो डॉ प्रसेनजीत मोहंती, आइएमएस और एसयूएम हॉस्पिटल-2 के डीन प्रोडॉ अरखिता स्वैन, अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक प्रो डॉ राजेश कुमार लेंका, सर्जरी विभाग के प्रमुख प्रो डॉ मोहम्मद जावेद अख्तर और सर्जरी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ चिन्मय रंजन बेहरा ने भी बात की।

## नाबालिग की मौत के बाद 170 छात्रों ने हॉस्टल छोड़ा

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। बारीपदा उदला अंवेषा छात्रावास में 9वीं कक्षा के नाबालिग की मौत को लेकर देर रात 170 छात्रों ने हॉस्टल छोड़ा दिया। काफी खोजबीन के बाद अंवेषा हॉस्टल के तीसरी मंजिल से नाबालिग लटकी हुई पायी गयी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। जबकि मौत का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है, कथित तौर पर मृतक छात्रा की किताब से एक सुसाइड नोट मिला है। इस बीच, देर रात जब घटना हुई तो 170 छात्रों ने छात्रावास से चले गयये।

## कक्षा 9 और 10 के विद्यार्थियों को स्कूल में मिलेगा मध्याह्न भोजन

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। ओड़िशा में अब स्कूल में कक्षा 9वीं और 10वीं के छात्रों को भी गर्म पका हुआ मध्याह्न भोजन (एमडीएम) परोसा जायेगा। ओड़िशा सरकार के स्कूल और जन शिक्षा विभाग द्वारा जारी एक पत्र के अनुसार ओड़िशा सरकार ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह वित्तीय वर्ष 2025-26 से लागू होगा। इसका उद्देश्य छात्रों के पोषण स्तर को बढ़ाना और माध्यमिक विद्यालयों में छात्रों के नामांकन, उपस्थिति और ठहराव को बढ़ाना होगा। 'मुख्यमंत्री पोषण योजना' के अंतर्गत प्रतिवर्ष अनुमानित कुल वित्तीय भार 570.71 करोड़ रुपये राज्य बजट से वहन किया जायेगा।

### इंटरव्यू के दौरान होम गार्ड की मौत

## मुख्यमंत्री ने की चार लाख रुपये की सहायता की राशि घोषणा की

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** देवगढ़ रिजर्व पुलिस ग्राउंड में होम गार्ड का इंटरव्यू चल रहा था। मृतक रियामाल थाना बुडिदो गांव के साहेब देहुरी रूप में हुई। रनिंग टेस्ट के बाद साहेब बीमार पड़ गये। उसे तुरंत बचाया गया और जिला मुख्य अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान गुरुवार को साहेब की मौत हो गयी। परिवार वालों का आरोप है कि इलाज में लापरवाही के कारण उनकी मौत हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। परीक्षार्थी की मौत की जानकारी मिलने के बाद मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने दुःख व्यक्त किया और साहेब के परिवार को मुख्यमंत्री राहत कोष से चार लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की।

## आंगनबाड़ी के सुपरवाइजर को विजिलेंस ने गिरफ्तार किया

कोरापुट (आजाद सिपाही)। ओड़िशा के कोरापुट जिले में लक्ष्मीपुर ब्लॉक की एक आंगनवाड़ी सुपरवाइजर को 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए गुरुवार को गिरफ्तार किया गया। आरोपी सुपरवाइजर की पहचान रेणुका पटनायक के रूप में हुई है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने हाल ही में अपना पदभार संभाला था। तब से आरोपी ने 50,000 रुपये की मांग की और धमकी दी कि अन्यथा वह उसे काम करने से रोक देगा। इस संबंध में कोरापुट सतर्कता पुलिस थाना मामला संख्या 14/2025, धारा 7पीसी (संशोधन) अधिनियम, 2018 के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी आंगनवाड़ी पर्यवेक्षक पटनायक के खिलाफ जांच जारी है।













आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**